e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 106
बुधवार
19.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
प्रसन्नता परमात्मा की ओर से दी गयी ओषधि है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

इफ्तार (19/04/23) 06:12
सेहरी (20/04/23) 03:59

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

अधिकतम $36^{0}$
न्युनतम $22^{0}$

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री आवास में आज दावत-ए-इफ्तार



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य सरकार के मंत्री-विधायकों के अलावा मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### झारखंडः कोरोना के मिले 43 नए मरीज

**रांची।** राज्य में कोरोना धीरे-धीरे पांव पसार रहा है। पिछले 24 घंटे में 43 नए मरीज सामने आए हैं। इसके बाद संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 197 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के नए मामलों में रांची और गुमला में नौ-नौ, देवघर में आठ, पश्चिमी सिंहभूम( चाईबासा) में चार, पलामू और रामगढ़ में तीन - तीन, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )लोहरदगा और पाकुड़ में दो -दो और हजारीबाग में एक मरीज शामिल है। जबकि राज्य में कोरोना के 28 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में सबसे अधिक 63 केस रांची में एक्टिव है।

### गढ़वा में सर्च ऑपरेशन में विस्फोटक सहित कई सामान बरामद

**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस और सीआरपीएफ 172 बटालियन की संयुक्त टीम ने भंडरिया थाना क्षेत्र स्थित तुमेरा गांव से विस्फोटक सहित अन्य सामान बरामद किया है। बताया जा रहा है कि एक सूचना के आधार पर गढ़वा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के दौरान ही टीम ने विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए। बरामद सामानों में दो हार्ड डिस्क, एक यूएसबी केबल, एक एक्सप्लोडर-ब्लास्टिंग मशीन, एक मल्टीमीटर, एक मोटोरोला वॉकी टॉकी, दो कैप के साथ 9 वोल्ट बटी, 21 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर लेग वायर, करीब 30 मीटर लचीले तार, 1.5 मीटर कमर्शियल कॉर्डेक्स, एक किग्रा, टिफिन आईईडी, दो नग इलेक्ट्रिक कमर्शियल डेटोनेटर, एक नॉन इलेक्ट्रिकल कमर्शियल डेटोनेटर, 21 नग सिरिंज प्रेशर मैकेनिज्म, एक बेड स्विच, ट्रिप वायर, 48 नग अप्रयुक्त सिरिंज, नक्सल साहित्य और एक बाइक शामिल है। बरामद विस्फोटक सामान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया जबकि अन्य सामान को पुलिस ने जब्त कर लिया।

दिवंगत पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए सीएम, परिजनों से मिले

# जगरनाथ महतो की सोच को जिंदा रखना हमारी जिम्मेवारी : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंद्रपुरा (बोकारो) :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पैतृक आवास अलारगो पहुंचें। यहां उन्होंने जगरनाथ महतो की पत्नी व बेटे से मुलाकात की। उन्होंने पूरे परिवार को ढांढ़स बंधाया। कहा है कि हम हर कदम पर आपके साथ हैं। आपको किसी बात की फिक्र करने की जरूरत नहीं है। जगरनाथ दा जहां भी हैं, हमारे साथ हैं। सीएम ने जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि परिवार के ऊपर तो पहाड़ टूटा ही है। लेकिन यह पार्टी के लिए भी बहुत बड़ा नुकसान है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। लेकिन नियती के फैसले के आगे किसी की भी नहीं चलती है। उनकी सोच, उनके विचार कैसे जिंदा रखा जाए यह हमारी जिम्मेदारी है। पार्टी के लिए उनकी जो सोच रही है उसको हम सब मिलकर आगे बढ़ाएंगे। उनके विचारों के माध्यम से जगरनाथ दा लोगों के बीच हमेशा जिंदा रहेंगे। बता दें कि जगरनाथ महतो के श्राद्ध कर्म में सीएम यहां पहुंचे थे। श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई मंत्री और विधायक उनके पैतृक आवास पहुंचे। जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को अलारगो पहुंचकर सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के संदर्भ में बैठक की थी। बता दें श्राद्धकर्म में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अनुमान के अनुसार लगभग 50 हजार लोग रात तक पहुंचे। बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग,रांची सहित अन्य जिले से भी लोग श्राद्ध में शामिल होने के लिए पहुंचे। इलाके में आपात स्थिति ना हो, जाम ना लगे, इसके लिए पूरी व्यवस्था की गई। श्राद्धकर्म में शामिल होने वाले लोगों के लिए पंडाल, आवागमन का रुट, हैलीपेड स्थल, पार्किंग व्यवस्था आदि का इंतजाम हो चुका है।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बाद स्कूलों की समय सारणी में हुआ बदलाव

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने झारखण्ड राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त / गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से 05 तक की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 11.00 बजे तक एवं कक्षा 06 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7.00 बजे से 12:00 बजे तक संचालित करने का निर्देश जारी का दिया है। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियाँ धूप में संचालित नहीं की जाएगी, परन्तु मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए स्कूल प्रबधन को सूचित किया जाएगा। यह आदेश दिनांक 19.04.2023 (बुधवार) से 25.04.2023 (मंगलवार) तक लागू रहेगा।



# पीएम कल करेंगे बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे दिल्ली के अशोक होटल में वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को इस बाबत जानकारी दी। पीएमओ की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 20-21 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की जा रही है। वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का विषय समकालीन चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया- अभ्यास के लिए दर्शन है।

शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान और संघ के नेता हिस्सा लेंगे। वे लोग सम्मेलन में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे और बुद्ध धम्म में इसके उत्तर तलाशेंगे।

**प्रधानमंत्री ने लखनऊ व हरदोई में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना को सराहा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और हरदोई जिलों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल्स पार्क की स्थापना की सराहना की है।

उत्तर प्रदेश में आज पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल्स पार्क के उद्घाटन के बारे में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग व कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल के एक ट्वीट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट्स की एक श्रृंखला में कहा, उत्तर प्रदेश के मेरे सभी भाइयों और बहनों के लिए आज बहुत अहम दिन है। लखनऊ और हरदोई में पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ होने जा रहा है।

इस अवसर पर आप सभी को मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 1000 एकड़ से ज्यादा में फैले पीएम मित्र पार्क स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ ही रोजगार के अनेक नए अवसर लाने वाले हैं। देश के टेक्सटाइल सेक्टर को भी इनसे नई मजबूती मिलने वाली है।

# त्रिकुट रोप-वे हादसा मामले में 16 मई तक जवाब दे सरकार : हाई कोर्ट




पिछले साल दस अप्रैल को देवघर के त्रिकूट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसे पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने स्वत- संज्ञान लिया था।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को त्रिकुट रोप-वे हादसे पर लिये गये स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने सरकार को 16 मई तक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट की ओर से नियुक्त अमेकस क्यूरी (न्याय मित्र) कुमार वैभव भी अदालत में मौजूद थे। पिछले साल दस अप्रैल को देवघर के त्रिकूट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसे पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने स्वत- संज्ञान लिया था।झारखंड हाई कोर्ट इस मामले को स्वतः संज्ञान से जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई कर रहा है। हाई कोर्ट ने इस मामले को लेकर सरकार से जवाब मांगा था।

# पांच वर्षों में बढ़ी है समाज में समलैंगिक संबंधों की स्वीकार्यता : सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 25 नवंबर को दो समलैंगिक जोड़ों द्वारा शादी के अपने अधिकार को लागू करने और विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था.



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है. पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ मंगलवार से देश में समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है. मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एसके कौल, जस्टिस एस. रवींद्र भट, पीएस नरसिम्हा और हेमा कोहली की पीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है. वहीं, केंद्र सरकार अपनी प्रारंभिक आपत्ति पर जोर दे रही है कि क्या अदालत इस प्रश्न पर सुनवाई कर सकती है या पहले इस पर अनिवार्य रूप से ससंद में चर्चा करायी जाएगी. सुनवाई की शुरुआत में केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने कहा कि प्रारंभिक आपत्ति की प्रकृति और गुण-दोष इस बात पर निर्भर करता है कि याचिकाकर्ता का क्या कहना है और अदालत उनका पक्ष जानना चाहती है. इस पर मेहता ने कहा कि आप जिस विषय से निपट रहे हैं, वह विवाह के सामाजिक-कानूनी संबंध का है, जो सक्षम विधायिका का क्षेत्र है. जब विषय समवर्ती सूची में है. तो हम एक राज्य के इसके लिए सहमत होने और दूसरे राज्य के खिलाफ होने की संभावना से इंकार नहीं कर सकते हैं. राज्यों के शामिल न होने की स्थिति में, याचिकाएं वैध नहीं होंगी. नोटिस जनवरी में जारी किया गया था और हम रखरखाव के बारे में कोई मुद्दा नहीं उठा सके. उन्होंने कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि अगर अदालत इस पर फैसला लेती है तो इसका क्या असर होगा. एसजी मेहता ने कहा कि यह संवेदनशील प्रकृति का मामला है. मुझे कुछ समय दीजिए हम इस पर विचार कर सकते हैं कि सरकार का क्या रुख होगा. वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि मुझे सुने जाने का अधिकार है. मेरी शिकायत सही या गलत हो सकती है. इस पर आपका फैसला होगा. रोहतगी ने कहा कि हम ऐसे व्यक्ति हैं जो समान लिंग के हैं. हमारे पास समाज के विषमलैंगिक समूह के रूप में संविधान के तहत समान अधिकार हैं. हमारे समान अधिकारों में एकमात्र बाधा धारा 377 थी. जिसे हटा दिया गया था. अब यह अपराध नहीं रहा है. इसलिए हमारे अधिकार समान हैं. शीर्ष अदालत ने पिछले साल 25 नवंबर को दो समलैंगिक जोड़ों द्वारा शादी के अपने अधिकार को लागू करने और विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा था.

# बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए जिलास्तर पर बनाई जाएगी नर्सरी : चंद्रशेखर

## मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा है कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए। मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके अंतर्गत रोजगार, आवास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, सिंचाई, सड़क, पौधरोपण इत्यादि से संबंधित कई योजनाओं का संचालन हो रहा है। मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजित करने पर ज्यादा फोकस हो ताकि ग्रामीण इलाके में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।वह मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलों के सामने कई चुनौतियां होती हैं। उन्हें समय और परिस्थितियों के अनुकूल तत्काल निर्णय भी लेने होते हैं । ऐसे में आप अपने निर्णय इस तरह लें कि उसका लाभ ज्यादा से ज्यादा राज्यवासियों मिल सके। मनरेगा कई योजनाओं का समेकित स्वरूप है। इससे ग्रामीण इलाके की एक बड़ी आबादी को फायदा पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में जिलों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है। ऐसे में जहां विकास की गति धीमी है, उसे तेज करने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जाने चाहिये।

### मनरेगा के तहत ली गई नई योजनाओं का बेहतर रिजल्ट

बैठक में जानकारी दी गयी कि मनरेगा के तहत वर्ष 2022-23 में ली गई नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना और दीदी बाड़ी योजना का बेहतर रिजल्ट रहा है। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना के तहत एक लाख हेक्टेयर लक्ष्य रखा गया था, जबकि 1.94 लाख हेक्टेयर में योजना का क्रियान्वयन हुआ। वहीं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 20 हजार एकड़ की तुलना में 26 हजार एकड़, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तरह एक हजार मैदान विकसित करने के लक्ष्य के विरुद्ध1881 खेल मैदान बनाए जा चुके हैं। वहीं दीदी बाड़ी योजना के तहत पांच लाख पोषण वाटिका बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



**सरकार और ग्रामीणों के बीच संवाद का मॉडल बनाएं**

**बैठक में इन अधिकारियों की रही उपस्थितिः** बैठक में संयुक्त सचिव शैलप्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अरूण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव , अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सचिव द्वारा दिए गए दिशा- निर्देश

- मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में मजदूरी भुगतान के लिए 2223.82 करोड़, सामग्री एवं प्रशासनिक मद में व्यय के लिए 715.33 करोड़ राशि दी गई है.
- मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2022 -23 में 900 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरूद्ध राज्य ने 915.42 लाख मानव दिवस सृजित किया।
- मनरेगा के तहत सृजित किए गए मानव दिवस में 47.53 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रही है।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत 47855 आवास निर्माण का लक्ष्य है. इनमें से 39836 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जो कि लक्ष्य का 83 प्रतिशत है।

# नक्सलियों ने ग्रामीणों को दी चेतावनी, जंगली इलाके में न जाएं, बम बिछे हैं

**पश्चिमी सिंहभूम :** दक्षिणी जोनल कमेटी भाकपा (माओवादी) ने ग्रामीणों से अपील की है कि वह जंगल में प्रवेश न करें। पूरे इलाके में आईईडी बम बिछाए गए हैं। भाकपा (माओवादी) ने 10 बिदुओं पर इलाके के लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है।भाकपा (माओवादी) ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोल्हान में पुलिस दमन अविराम रूप से अभी भी जारी है। इसलिए जंगल-पहाड़ों और रास्ता घाट में पुलिस को लक्षित करने के उदेश्य से बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन तथा स्पाइक होल लगाए गए हैं। बयान में कहा गया कि जब अपना पुलिस दमन अभियान बन्द कर देंगे, तब ही हम तमाम विस्फोटक सामग्री को उठा लेंगे।

# जनता दरबार में आये फरियादियों से मिले उपायुक्त कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निपटारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 50 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये.इस दौरान कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया.वहीं कई मामलों का त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये। **सिंचाई भिखसी नाली निर्माण कराने की मांग :** जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम करमा से आये कई ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि मलय डैम निर्माण के समय उनलोगों को विस्थापित कर डूबलगंज में बसाया गया था। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सिंचाई नाली निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया ताकि स्थानीय ग्रामीणों को सिंचाई हेतु पानी की समस्या ना रहे। इसके अलावे जनता दरबार में विभिन्न पेंशन संबंधित मामले आये जिसे सामाजिक सुरक्षा भेजकर ऑन स्पॉट कार्रवाई हेतु सहायक निदेशक को निर्देशित किया गया। **सहायक आपूर्ति पदाधिकारी पर 70 हज़ार रुपये घूस लेने की शिकायत, डीडीसी को पूरे मामले के जांच करने के निर्देश :** जनता दरबार में हरिहरगंज से आये शिवपूजन कुमार मेहता ने उपायुक्त को बताया कि उनकी पत्नी गीता देवी गंगा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष है जिनकी देखरेख व प्रबंधन में जगदीशपुर के जन वितरण दुकान का संचालन किया जाता है। शिवपूजन कुमार मेहता ने बताया कि कतिपय कारण से दुकान को षड्यंत्र के तहत निलंबित कर दिया गया था इसके पश्चात सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उनसे संपर्क कर 70 हज़ार रुपए की मांग की वहीं पैसा नहीं देने पर लाइसेंस रद्द करने की भी धमकी दी.उक्त फरियादी ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच करने एवं उचित करवाई करने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच डीडीसी से करवाने की बात कही।

## पंचायत समिति सदस्यों की हुई मासिक बैठक विभागवार योजनाओं का किया गया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा देवी व संचालन उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। बैठक में मनरेगा, पीडीएस, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सदस्यों को प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता बरती जा रही है। योजनाओं में गुणवाता का भी ख्याल रखा जा रहा है। बैठक में मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, रीना चौबे, सहित सभी पंचायत समिति सदस्य और कई विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## सतीश तिवारी के निधन पर युवा वाहिनी ने संवेदना व्यक्त किया

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने रेड़मा निवासी सतीश तिवारी(कल्टू तिवारी)के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।युवा वाहिनी के द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कल्टू तिवारी बहुत ही सामाजिक इंसान थे उनके निधन से सामाजिक क्षति हुई है। यहाँ गौरतलब है कल्टू तिवारी वार्ड नंबर 17 के वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता थे जिनका सोमवार को कलकत्ता के एक नर्सिंग होम में निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलने पर युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,नवीन तिवारी, फोटू दूबे, शिशू दूबे, सहित कई सदस्य उनके पैतृक आवास रेड़मा पहूँचे व परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करने वालों में अनुशासन प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, संरक्षक संजय मिश्रा, राकेश पांडेय, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, शैलेश तिवारी, अनील दूबे, सुशील तिवारी, सतीश तिवारी सहित कई सदस्य शामिल हैं।

## चलती स्कॉर्पियो में अचानक लगी आग, स्थानीय लोगों के सहयोग से बुझाया गया।



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बेलवाटिका चौक स्थित गुरुतेग बहादुर मेमोरियल हॉल के समीप मंगलवार को एक चलती स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद पूरी तरह स्कोर्पियो गाड़ी जलकर खाक हो गई। स्कोर्पियो गाड़ी में आग लगने के बाद सड़क पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्कॉर्पियो में आग कैसे लगी अभी कारणों का नही चल पाया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि बढ़ती तापमान की वजह से स्कोर्पियो में आग लगी है। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पानी से स्कॉर्पियो में लगी आग को बुझाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर स्कॉर्पियो में आग लगने से संबंधित मामला की छानबीन में जुट गए हैं।

## जल संकट से जुझ रहा छतरपुर, पानी के लिए त्राहिमाम नगर के लोग

# पानी के बिना नगर में लोगों का जीना हुआ मुहाल, 11 सूत्री मांग एसडीओ को सौंपा ज्ञापन : अरविंद गुप्ता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सर्वत्र हाहाकार मचा हुआ है। इलाके के अधिकांश चापानल, बोरवेल्स, जल मीनार आहर, तालाब, डैम और ताल तलैया सूख गये हैं। आज आलम ये है कि लोगों का नहाना खाना मुश्किल हो गया है। छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने ग्यारह सूत्री मांग पत्र छतरपुर के एसडीओ को सौंपा है। ज्ञापन में सभी वार्डों में रोस्टर के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति हो। नगर के सिविल सोसाइटी के साथ नगर पंचायत बैठक कर नगर पंचायत की नली, गली और पेयजल की समस्या का समाधान करे, नगर पंचायत के सभी खराब पड़े चापानलों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। नगर के सभी खराब जलमिनारों की मरम्मत कराई जाए। नगर में पेजल स्वच्छता विभाग के द्वारा सोन नदी से प्रस्तावित जलापूर्ति हेतु पांच पांडव पर पानी टँकी का निर्माण शीघ्र हो, साथ ही नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र सुनिश्चित कराई जाए। अति जल संकटग्रस्त इलाकों को चिन्हित कर नए जलमिनारों की स्थापना की जाए। पूर्व में बनाये गए नाली, सड़क आदि योजनाओं में लूट की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। पीएम आवास के लाभुकों को घर निर्माण हेतु पेंडिंग पड़े किस्तों का भुगतान सुनिश्चित कराई जाए। नगर पंचायत में कार्यदिवस पर कार्यरत सफाईकर्मियों की बकाए मानदेय का भुगतान किया जाए। अरविंद गुप्ता ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि कई दफा उनके द्वारा नगर पंचायत को धरना और ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया जा चुका है। कहा कि नगर में जलसंकट व्याप्त है और प्रतिनिधि बेपरवाह है। लोगों के सामने जीवन मरण का संकट खड़ा हो गया है। छतरपुर एसडीओ ने सभी 11 बिंदुओं समस्याओं पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मेदनीनगर एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुर को पेयजल समस्या सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए पत्र निर्गत किया।

# पूर्व विधायक व जिला परिषद ने संयुक्त रूप से किया रेडीमेड कपड़ा दुकान का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड के कुड़वा मोड़ के पास मंगलवार को धन लक्ष्मी वस्त्रालय कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया गया। मौके पर पाटन छतरपुर के पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर और पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पाटन प्रखंड अब शहर का रूप लेता नजर आ रहा है लोग अच्छे-अच्छे परिधानों के लिए मेदनीनगर जाते थे।लेकिन अब उन्हें कम कीमत पर बेहतर कपड़ा यहीं पर उपलब्ध हो पाएगा।पूर्व विधायक ने रेडीमेड कपड़ा दुकान संचालक और उनके परिवार को नयी दुकान खोलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीया है।वही मौके पर उपस्थित पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि इस तरह के फैंसी कपड़ा दुकान खुलने से स्थानीय ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी।कम कीमत पर यहां सामान उपलब्ध होने की वजह से लोगों को कपड़ा खरीदने के लिए मेदनीनगर नहीं जाना पड़ेगा। कपड़ा दुकान के मालिक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि हमारे यहां थोक एव खुदरा कपड़ों की बिक्री की जाती है। इसके अलावा बच्चों व बड़ों के लिए पैंट, शर्ट, जींस, लूंगी, धोती, साड़ी, लहंगा इत्यादि की बिक्री उचित मूल्य पर की जाती है।मौके पर युवा नेता सह राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के महासचिव प्रशांत किशोर, सिरमा पंचायत के मुखिया पति राकेश दुबे, सगुना के पूर्व मुखिया श्री अखिलेश पांडे, सतौवा पंचायत के मुखिया अखिलेश पासवान, सगुना पंचायत समिति मुस्तकीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रात्रि प्रहरी के सहारे चल रहा किशुनपुर का बीआरसी केंद्र

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू केपाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य जयशंकर प्रसाद सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने मंगलवार को किशनपुर स्थित बीआरसी कार्यालय 12 बजे पहुंचे। जहां पर बीआर सी कर्मी अनुपस्थित पाए गए।जबकि बी आर सी किशुनपुर से ही 187 विद्यालय का मॉनिटरिंग होता है। जहां पर 11 लोग पदस्थापित हैं। जबकि मात्र 4 लोग ही मौजूद थे। वह भी अनुबंध कर्मी। जिला परिषद सदस्य शंकर प्रसाद सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने कहा कि अभी तक बीआरसी में तीन बार आया। लेकिन कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं पाए गए।हालांकि जयशंकर प्रसाद सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने इसकी जानकारी पाटन के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी सह सी ओ बीस पुते श्रीकांत यशवंत, जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पाटन को भी सूचित किया है। वही पाटन बीआर सी के कर्मी से कहा कि अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। जबकि उपस्थिति रजिस्टर मांगा गया तो टालमटोल किया गया और कहा गया कि अब रजिस्टर में हस्ताक्षर नहीं बनता है। तीन कंप्यूटर कर्मी एवं एक रात्रि प्रहरी ही मौजूद थे ।जबकि सात अन्य लोग मौजूद नहीं थे।नहीं तो आगामी जिला परिषद की बैठक में बि आर सी किशुनपुर का मामला उठाएंगे। शिक्षा से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है जबकि सरकार के द्वारा सबसे अधिक खर्च शिक्षा के क्षेत्र में होता है इसलिए कार्यशैली अपनी सुधारें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कोई कसर नहीं छोडे। नहीं तो इस मामले को लेकर हैं उपायुक्त से ही मिलेंगे। मौके पर जय शंकर प्रसाद सिंह उर्फ संग्राम सिंह, अभय पांडे, बीरेंद्र चौहान, अंजनि नंदन मिश्रा।

## थानाप्रभारी ने लिया बैंकों की सुरक्षा का जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** रामगढ़ में बैंक शाखा की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा का किया औचक निरीक्षण। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय व एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश आलोक में रामगढ़ थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहा पर उपस्थित पदाधिकारियों का अवासक दिशा निर्देश दिया। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्यूरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों को सुरक्षा के साधन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा की किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे।मौके पर मौजूद बैंक सुरक्षा में तैनात गार्ड को थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैंक के गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। बैंक के अगल-बगल व सामने के दुकानों का भी थानाप्रभारी ने निरीक्षण किया।

## पिकअप वैन पलटी, चालक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के सरसोत लुकुवा गांव के समीप मंगलवार की अहले सुबह एक पिकअप वैन असंतुलित होकर नहर में पलट गई। इससे चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत चालक की पहचान छत्तीसगढ़ के बलरामपुर निवासी 21 वर्षीय दीपलेश अगरिया के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पिकअप छत्तीसगढ़ से तरबूज लादकर हरिहरगंज-डुमरिया के रास्ते बिहार के शेरघाटी जा रही थी। तभी लुकुवा के समीप अनियंत्रित होकर पिकअप वैन बटाने नहर में पलट गई। जिससे दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में पिकअप में सवार सहचालक 22 वर्षीय रंजीत अगरिया बाल बाल बच गया। घटना की सूचना के बाद पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार सदल बल पहुंचकर जेसीबी की मदद से पिकअप से शव को निकालकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है

## पुलिस ने तूरी गांव में माबलीचिंग के प्रति ग्रामीणों को किया जागरुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती तूरी गांव में पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक की और मोबलीचिंग की घटना के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान बैठक में ग्रामीणों को मोबलीचिंग से जुड़े कई अहम जानकारियां दी गई। इस दौरान एसआई रंजीत कुमार ने ग्रामीणों से कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की ताकि पुलिस इसकी जांच कर सके। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ऐसे व्यक्ति के साथ किसी भी हाल में उग्र भीड़ द्वारा मारपीट नहीं करना चाहिए। उग्र भीड़ द्वारा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर हिंसात्मक हरकत को मोबलीचिंग की घटना माना जाता है और इस तरह की हरकत करने वाले दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। मौके पर एसआई रंजीत कुमार मुखिया संदीप यादव के साथ ही कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बीएससी नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में हुआ पोषणीय कार्यक्रम विशेष आहार के बारे में दी गयी जानकारी



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग कॉलेज ट्रेनिंग सेंटर में पोषणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी एएनएम छात्राओं को विशेष आहार के बारे में प्रशिक्षण दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,नोडल अधिकारी उमा शरण पांडेय व ट्रेनिंग सेंटर की प्रचार्या प्रियंका यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य कौशल किशोर नागर ने किया। पोषण कार्यक्रम के दौरान एएनएम छात्राओं को गर्भवती महिलायें व बच्चों को कई बीमारियों से बचाव हेतु विशेष आहार बैलेंस डाइट यानी ऐसा भोजन जिसमें विटामिंन, प्रोटीन, कार्ब, फायबर संतुलित मात्रा में हो जिसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं द्वारा कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर जितेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार, गोपाल चौबे, अंकित वर्मा, सविता कश्यप, अंकिता वैभव सहित कई लोग मौजूद थे।

## अब 3 मई को होगा परशुराम मंदिर का भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा पलामू के पावन धरा पर पहली परशुराम मंदिर के निर्माण के निमित 22 अप्रैल शनिवार अक्षय तृतीया के दिन स्थान उद्योग विभाग के पीछे रेड़मा में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जाना था जो एक आकस्मिक घटना के कारण स्थगीत कर दी गई, इस मंदिर निर्माण के लिए अब भूमि पूजन 3 मई को मुख्य यजमान दिलीप तिवारी मिंटू के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दिलीप तिवारी ने मिडिया को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला संरक्षक रहे वार्ड आयुक्त सुमित तिवारी के पिता सतीश तिवारी उर्फ कलटू तिवारी की बीती रात कोलकाता के एक निजी हॉस्पिटल में देहांत हो गया, जिसके चलते भूमि पूजन के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है इसी कार्यक्रम को अगला रूप देते हुए भव्य भूमि पूजन 3 मई दिन बुधवार को किया जाएगा। इससे पूर्व सेना के सदस्यों द्वारा आकस्मिक हुए इस घटना के बाद एक आपात बैठक की और वहीं पर प्रकांड विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित हलधर मिश्रा जी को बुलाकर उनसे ईसपर उनका मन्तव्य पूछा।पण्डित जी ने कहा कि किसी भी कुल खानदान में किसी की मृत्यु हो जाती है तो उस ग्राम कुल के सभी उनके पूर्वज गोतिया , गावं गम्हेल गमी में हो जाते हैं जो कि शास्त्र के अनुसार गमि में अग्नि, जल, धरती, आकाश की पूजा नहीं होती है चुकी भगवान परशुराम मंदिर निर्माण की भूमि इस ग्राम पंचायत से दान की गई है, ऐसे में भूमि पूजन करना अशुभ होगा,कारण कि भूमि पूजन में इन्ही पांच तत्वों का आह्वान करके पूजा की जाती है। पुनः 3 मई दिन बुधवार को भूमि पूजा करने की सलाह मिश्रा जी ने दिया। इस बैठक में उपस्थित प्रदेश संरक्षक अजय तिवारी अकेला ने कहा कि गावं से बाहर समाज नहीं है एक घर में घंट टांगा जाएगा और बगल में शंख का वादन हो ये बिलकुल ही इंसानियत को खत्म करने के जैसा है, आगे श्री तिवारी ने कहा कि और दुगने जोश खरोश के साथ मंदिर का भूमि पूजन 3 मई को किया जाएगा। मौके पर उपस्थित कोर कमेटी के सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव एक समाजिक संगठन नहीं है ब्लकि यह पारिवारिक संगठन हैं जिसमें अपने परिवार के प्रति निस्वार्थ निष्ठा निहित है। समाज के सभी लोगों के सुख दुःख में खड़े रहने के लिए सदैव तत्पर रहती है भार्गव सेना साथ ही उन्होंने कहा कि शास्त्र और शस्त्र के साथ चलने वाली यह संगठन हमेसा अपने पूर्वजो संस्कृति को पकड़ कर चलेगी। कोर कमेटी सदस्य अभिषेक तिवारी ने कहा हमे अपने पूर्वजों के बताए गए दिखाए गए रास्ते पर चलने की जरूरत है संगठन के द्वारा अपने लोगों के बीच एवं गावों का भ्रमण जारी रहेगा।

## गजब का सिस्टम: 200 से अधिक की आबादी, केवल 90 घरों में मिल रहा जल मीनार का पानी

# आधा दर्जन चापाकल खराब, हो रही परेशानी



**श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र**

**बंशीधर नगर :** चिलचिलाती धूप के बीच पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।भीषण गर्मी के दस्तक के साथ ही जगह-जगह जल संकट गहराने लगा है। जिससे लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है। श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 जंगीपुर के प्रमुख स्थानों पर लगाए गए सरकारी चापाकल विभागीय लापरवाही के कारण कई महीनों से खराब पड़े हैं। चापाकल खराब रहने के कारण आसपास के लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है। लेकिन, अभी तक नगर पंचायत का सिस्टम नदारद है। इसका सुधि लेने वाला कोई नहीं है। लिहाजा लोग पेयजल के लिए परेशान हो गए हैं तथा उन्हें पीने के लिए पानी की व्यवस्था इधर-उधर से करना पड़ रहा है। हालांकि नगर पंचायत के द्वारा जंगीपुर बस्ती टोला में तीन जल मीनार तो लगाए गए हैं। जल मीनार का पानी केवल 90 घरों तक ही पहुंच रही है। जबकि बस्ती टोला में लगभग 250 से अधिक आबादी है। ऐसे में समझा जा सकता है कि नगर पंचायत का सिस्टम क्या है.? यही वजह है की आधा दर्जन से अधिक खराब पड़े चापाकल से लोगों को परेशानी हो रही है। **इन स्थानों पर लगे चापाकल है खराब :** नपं के जंगीपुर स्थित बस्ती टोला में सती धाम के पास, विकास चंद्रवंशी के घर के समीप, गोसाई टोला स्थित अवधेश चंद्रवंशी के घर के समीप, लीलावती देवी के घर के समीप, मनोज चंद्रवंशी के घर के पास, जंगीपुर मोड़ के पास, भवनाथपुर मोड़ स्थित स्टेशन रोड के पास लगे चापाकल कई महीनों से मरम्मती के अभाव में खराब पड़े हुए हैं। खासकर जंगीपुर मोड़ एवं स्टेशन रोड के पास चापाकाल खराब होने से आसपास व राहगीरों को भीषण गर्मी के बीच पानी पीने में काफी परेशानी होती है। प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। **इस संबंध में क्या कहते हैं वार्डवासी :** वार्ड वासियों का कहना है कि जंगीपुर बस्ती टोला में लगे कई चापाकल खराब पड़े हुए हैं। इस कारण दिन प्रतिदिन समस्या घटने के अलावा बढ़ती जा रही है। लिहाजा हम लोगों को इधर उधर से पानी लाने को विवश है। लेकिन कोई नहीं सुन रहा है। उन्होंने बताया कि गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। **क्या कहते हैं वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता :** इस संबंध में वार्ड 14 के वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे वार्ड में पिछले 6 माह से लगभग आधा दर्जन से अधिक चापाकल खराब पड़े हुए हैं। जिससे पेयजल के लिए काफी परेशानी होती है। खासकर महिलाओं को पानी के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है। वार्ड पार्षद का कहना है कि वे इसकी शिकायत नगर प्रबंधक से कई बार कर चुके हैं बावजूद उनके द्वारा टालमटोल कर दिया जाता है। **इस संबंध में क्या कहते हैं नगर प्रबंधक रवि कुमार :** इस संबध में दूरभाष द्वारा पूछे जाने पर नगर पंचायत के नगर प्रबंधक रवि कुमार ने बताया कि वार्ड नो 0 14 जंगीपुर में तीन जल मीनार लगाया गया है। जिससे 90 घरों तक इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया की अगर चापाकल खराब है तो संबंधित वार्ड पार्षदों को चापाकल मिस्त्री का मोबाइल नंबर देकर खराब पड़े चापाकल को बनवाने को कहा गया है।

संक्षिप्त खबरें

## पार्षद ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



**रांची :** आज रांची नगर निगम के अंतर्गत वार्ड -53 में बालसिरिंग रोड कुम्हार टोली बुध नगर एवं बालसिरिंग रोड बेरमाद छोटू तिर्की के घर से पानी टंकी तक पी सी सी रोड का सीलनयास वार्ड -53 की पार्षद निर्मला गाड़ी ने किया , रोड बनने से अस्थानिये लोगो में काफी उत्साह था ,मौके पर मोहित नाथ शाहदेव, परवाह कश्यप , रवि राज, योगेश कुमार उपस्थित रहे.

## हॉकी रांची सब जूनियर बालक बालिका का चयन ट्रायल 22-23 को

**रांची :** हॉकी रांची सब जूनियर बालक-बालिका का चयन ट्रायल 22-23 अप्रैल को बरियातू एस्ट्रोटर्फ मैदान पर रांची में होगा। चयन ट्रायल में टूर्नामेंट के लिए हॉकी टीम का गठन किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी हॉकी झारखंड सब जूनियर बालक एवं बालिका स्टेट चैंपियनशिप में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि बालिका वर्ग का टूर्नामेंट सह चयन ट्रायल 22 अप्रैल को और बालक वर्ग का 23 अप्रैल को सुबह आठ बजे से बरियातू एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम रांची में होगा। इस टूर्नामेंट सह चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2007 है। खिलाडियों को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है, जबकि आने-जाने, रहने-खाने आदि के खर्चों का वहन खिलाड़ी को खुद करनी होगी।

# पांच आरोपी गिरफ्तार सोने चांदी भी हुए बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुबोध कुमार विश्वास रिवर व्यू कॉलोनी, नियर विद्या विकास पब्लिक स्कूल बोडेया थाना-बरियातु के द्वारा आवेदन दिया गया था कि इसके घर से ताला तोड़कर लैपटॉप, मोबाईल, नकद एवं सोने एवं चांदी का जेवरात की चोरी की गयी थी। जिसमें बरियातु थाना काण्ड मामला दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता के मद्देनजर तत्काल वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक, नगर राँची के शुभ्रांशु जैन के आदेशानुसार टीम गठित की गई। जिसमें रित्विक श्रीवास्तव, परिक्षमान पुलिस अधीक्षक, रांची के नेतृत्व में मामले का उद्भेदन किया गया। पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।इसके पास से चोरी की गई सामग्री भी बरामद किया गया है।



**गिरफ्तार किए गए:** राजु टोप्पो, अंकित तिकी, प्रशात टोप्पो, राज टोप्पो एवं चंदन सोनी को गिरफ्तार किया गया है।

बरामद सामग्री- मोबाईल , लैपटॉप बरामद,चोरी गये सैमसंग कम्पनी का 01 एन्ड्रॉईड मोबाईल सफेद रंग का, चोरी गये एचपी कम्पनी लैपटॉप, चोरी गये गहना को गलाकर बनाया गया जेवरात,चाँदी का 04 जोड़ा पायल (40570 ग्राम) एवं 08 जोड़ा बिछिया ( 149, 320 ग्राम,सोने का 1, नाक पीन- 01 अदद,नोजरिंग- 01 अदद,लेडिज अगुठी- 01 अदद,टॉप सोने का - 03 जोड़ा (सभी सोने का कुल वजन 6.350 ग्राम के करीब आदि।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल:** रित्विक श्रीवास्तव, परिक्षमान पुलिस अधीक्षक, रॉची,पुअनि प्रयाग दास, थाना प्रभारी, बरियातु थाना ।

पुअनि हेमन्त सिंह भोक्ता, बरियातु थाना,पुअनि सतीश कुमार गुप्ता, बरियातु थाना,पुअनि हसनैन अंसारी, बरियातु थाना आदि शामिल थे।

# रामनवमी महोत्सव 2023 के समापन सह सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के तत्वावधान में श्री रामनवमी महोत्सव 2023 का समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने की एवं संचालन ललित ओझा ने की । समारोह में धन्यवाद ज्ञापन मंडल के मंत्री राजेश गुप्ता छोटू ने की ।समारोह की शुरुआत श्री महावीर मंडल राँची के प्रथम महावीरी झंडा( 1929 ई ) की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी राँची अनूप बिरथरे एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में एसएसपी राँची कौशल किशोर एवं एडम लॉ एंड आर्डर राँची राजेश्वर नाथ आलोक , विश्व हिन्दू परिषद के बिरेन्द्र साहू उपस्थित थे । सभी अतिथियों का भव्य स्वागत महावीर मंडल राँची के अशोक पुरोहित , कैलाश केसरी , अर्जुन राम एवं चैती दुर्गापूजा महासमिति के




महामंत्री गोपाल पारीक के द्वारा चुनढ़ी ओढाकर, माला पहनाकर स्वागत किया गया । समारोह में आए सभी अतिथियों को श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 में उनके द्वारा किये गए सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी राँची कौशल किशोर कहा कि श्री महावीर मंडल राँची ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मोहत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के रवि कुमार पिंकू , संजय सिंह लल्लू, श्री महावीर मंडल हिनू के मुन्ना अग्रवाल , सुरेश यादव, श्री राम बानर सेना के लंकेश सिंह, श्री महावीर मंडल हिनू के मुन्ना लाल अग्रवाल , सुरेश यादव, श्री महावीर मंडल अरगोड़ा के प्रकाश साहू , नरेंद्र प्रसाद साहू , श्री महावीर मंडल बरियातू के राज किशोर प्रकाश चन्द्र सिन्हा , सुनील शर्मा, श्री महावीर मंडल चुटिया से कृष्णा सहाय , सुनील रंजन सहाय, श्री महावीर मंडल बार्डगाई से डॉ जीवाधन प्रसाद , मनीष साहू, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के सूरज पंडित, श्री महावीर मंडल थड़पखना के उपेंद्र रजक, औद्योगिक महावीर मंडल धुर्वा के वेद प्रकाश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सब इंस्पेक्टर सहित 31 जवान पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त

**पुलिस मुख्यालय की ओर से एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया गया है कि इन सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अभिलंब पुलिस मुख्यालय में योगदान कराना सुनिश्चित करें।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस मुख्यालय में अलग-अलग जिले में पदस्थापित तीन सब इंस्पेक्टर सहित 31 पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय की ओर से एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया गया है कि इन सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को अभिलंब पुलिस मुख्यालय में योगदान कराना सुनिश्चित करें। प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार रजक, मारुत नंदन, अमित अलेक्जेंडर कुजुर, रोशन कुमार, सीमा कुमारी, इकराम उल्लाह मल्लिक, गोबाई कुजूर ,सुशील कुमार, नागेंद्र कुमार पांडे ,अमर कुमार, सिकंदर विजेता ,उपेंद्र करमाली, रणधीर कुमार सिंह, संजय कुमार महतो, अरुण कुमार पांडे, देव कुमार सिंह, रिंकू कुमार रजक ,अखिल चौरसिया, मनीष कुमार यादव, चंदन कुमार सिंह, लालू कुमार, कमलेश कुमार, कुमार ओमप्रकाश, मृत्युंजय कुमार, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार, दीपक पुंज, हीरालाल रविदास, जन्मेजय मुंडा, और सुखदेव खलखो शामिल हैं।

# लाठी बरसाने वाली पुलिस को निलंबित किया जाए: अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस लाठीचार्ज की घोर निंदा झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने किया है । इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 1932 खतियान की दुहाई देकर झारखंड के अंदर जोहार यात्रा के माध्यम से राज्य के लाखों नौजवानों को दिग्भ्रमित कर ठगने का काम किया गया है, जिसकी सच्चाई सामने आ गई है। अब जब यहां के नौजवान अपना हक मांग रहे हैं तो पुलिस लाठीचार्ज व कोप भाजन का शिकार होना पड़ रहा है। अजय राय ने कहा कि जब यहां के स्थानीय युवकों को रोजगार के नाम पर जब खुद सरकार ठगने का काम कर रही है , तो ऐसे परिस्थिति में ये युवा इंसाफ किससे मांगे। अजय राय ने कहा कि लाठी गोली से यहां आंदोलन रुकने वाली नहीं है । जब तक नियोजन नीति पर पुनर्विचार सरकार नहीं करती, तब तक आंदोलन के सिवा कहीं कोई चारा बच नहीं जाता। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने छात्रों पर लाठी बरसाई है उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए।

## आज इंटर की परीक्षा रद्द

रांची। बुधवार 19 अप्रैल को होने वाली झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा इंटर की परीक्षा को रद्द कर दिया है। बता दें कि 11वीं की परीक्षा वैकल्पिक विषय तीसरी और चौथी विज्ञान और कॉमर्स के लिए 2 घंटे की होगी। वहीं दूसरी पाली में आर्टस के लिए भाषा की परीक्षा होगी। यह परीक्षा दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा को 19 तारीख के बजाए 20 अप्रैल को ही दो पालियों में कर दी गई है। इसकी अधिसूचना जैक बोर्ड ने निकाल दिया है। जैक बोर्ड ने परीक्षा की तारीखों को बदलने का निर्णय इसलिए लिया है कि 19 अप्रैल को नियोजन नीति के विरोध में झारखंड बंद बुलाया गया है। इसी बंदी को देखते हुए निर्णय लिया गया है।

## झारखंड राजद प्रभारी जयप्रकाश नारायण 19 को आयेंगे रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजद के झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण 19 को रांची आयेंगे। राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने मंगलवार को बताया कि जयप्रकाश नारायण 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

वहां से मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला जायेंगे। विश्राम करने के बाद लगभग तीन बजे पलामू के लिए रवाना होंगे। रात्रि विश्राम डालटनगंज सर्किट हाउस में करेंगे। उन्होंने बताया कि 20 अप्रैल को विश्रामपुर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण




जयप्रकाश नारायण के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान झारखंड प्रभारी सभा को भी संबोधित करेंगे।

# सैप में 771 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में भूतपूर्व सैनिकों के लिए संविदा के आधार पर स्पेशल आक्जिलरी पुलिस (सैप) के लिये 771 पदों पर नियुक्ति करने की प्रतिक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने इन नियुक्तियों के आवेदन मांगने का विज्ञापन निकाल दिया है।सरकार ने विधि व्यवस्था और नक्सल विरोधी अभियान को गति देने के लिये विभिन्न पदों पर 771 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जानी है। इनमें सात सूबेदार मेजर, आठ सूबेदार (सामान्य), 46 नायब सूबेदार (सामान्य), 17 नायब सूबेदार (तकनीकी), एक सूबेदार (वितंतु), 26 नायब सूबेदार (वितंतु), दो नायब सूबेदार (आशुलिपिक), दो लिपिक, 130 हवलदार सामान्य, सात हवलदार चालक, 492 सिपाही सामान्य, रसोइया के नौ पद और 24 सिपाही चालक शामिल हैं।दरअसल, वर्ष 2008 में पुलिस आउट पोस्ट, टीओपी में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने आदि के उद्देश्य से सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों से अनुबंध के आधार पर स्पेशल आक्जिलरी पुलिस के दोनों बटालियन सैप एक वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप दो वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर का गठन किया गया था। इस बटालियन में सिर्फ झारखंड राज्य के ही निवासी ही आवेदन कर सकते हैं, सैनिक उपलब्ध नहीं होने पर दूसरे राज्य के पूर्व सैनिकों




की भर्ती की जायेगी। सिपाही से हवलदार के लिये 35-55 वर्ष जबकि पदाधिकारी का उम्र 58-62 वर्ष के बीच उम्र सीमा होगी। उम्मीदवार की नियुक्ति के लिये 15 और 16 मई को साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गई है।

# निज़ाम नगर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा के वार्ड संख्या 49 अंतर्गत निज़ाम नगर रोड नंबर 1 एवम 2 मे पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को वार्ड की लोकप्रिय पार्षद जमीला खातून के द्वारा किया गया।मौके पर पार्षद जमीला खातून ने बताया की पूरे वार्ड 49 मे निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है। सभी गली मोहल्ला मे रोड नाली स्लैब एवम पेवर ब्लॉक लगाने और निर्माण के कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में आज मनीटोला



निज़ाम नगर मे रोड नो 1 और 2 मे पी सी सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने कहा की अब वार्ड 49 अंतर्गत जो कोई भी गली मोहल्ले मे रोड नाली स्लैब का निर्माण छूट गया है उसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। मौके पर उपस्तिथ लोगो ने वार्ड पार्षद जमीला खातून के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना किया। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मो. रिजवान, मो सोहेल, रिंकू, मोजीब आलम, मोइज, तनवीर, जमाल, खतीब, नजीबुल्लाह खान, बाबू, नसीम, शाहिद आलम,वलीउल्लाह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ईडी ने रांची में जमीनखोरों की जांच के लिए किया विशेष टीम का गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में जमीनखोरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दी है। ईडी ने भू-माफिया और जमीन घोटालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। ईडी की जांच का सबसे अहम बिंदु सेना की जमीन का घोटाला है।यह जानकारी ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज दी। इस टीम के अफसरों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। इस अधिकारी कहना है कि पिछले दिनों ईडी को रांची के जमीनखोरों से संबंधित करीब 12 शिकायत मिली हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन हथिया ली गई हैं। इन शिकायतों में हेराफेरी करने वाले कुछ अफसरों, नेताओं और बिल्डर्स पर गंभीर आरोप हैं।सनद रहे सुर्खियों में आए सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को समन भेजकर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके अलावा कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा को समन भेजकर दो मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है।

इस अधिकारी ने कहा है कि रांची में सेना की जमीन की खरीद-फरोख्त में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज तैयार कर हेराफेरी की गई है।

## आजसू की बैठक आज

**रांची :** आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में बुधवार को रांची के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी विधानसभा प्रभारी मौजूद रहेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए मंगलवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय महीना के रुप में मना रही है। इस दौरान राज्य भर में कई कार्यक्रम किया जाना है और कई कार्यक्रम किए भी गए हैं, जिसमें 13 अप्रैल को राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित जिलास्तरीय न्याय मार्च भी शामिल है। साथ ही राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च सहित कई अन्य राज्यव्यापी कार्यक्रम होना भी सुनिश्चित है।

# झारखंड हाई कोर्ट ने उपायुक्त के आदेश को रद्द करने का आदेश बरकरार रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की डबल बेंच ने 17 नवंबर 2022 को झारखंड हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। 17 नवंबर 2022 को झारखंड हाईकोर्ट की एकल पीठ ने हेहल अंचल के बजरा मौजा की खाता 140 की जमीन के जमाबंदी रद्द करने का आदेश दिया था, जिसके विरुद्ध श्याम सिंह की ओर से लेटेस्ट पेटेंट अपील (एलपीए) दाखिल की गई थी।




इससे पहले खुद को खाता 140 की भूमि का दावेदार बताने वाले चंदन कुमार ने वर्ष 2021 में हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने सात एकड़ जमीन का 83 साल का लगान रसीद एक ही दिन काटने का आदेश दे दिया था, जिस जमीन के संबंध में हाई कोर्ट ने आदेश पारित किया है। वह रांची शहर से करीब पांच किमी दूर हेहल अंचल की है। जमीन बजरा मौजा में स्थित है। जमीन का कुल रकवा सात एकड़ है। करोड़ों रुपये मूल्य की इस जमीन पर पुलिस की मौजूदगी में बाउंड्री हुई थी, जिसका भारी विरोध हुआ था। रजिस्ट्री होने के लगभग एक वर्ष बाद यह खुलासा हुआ है कि खाता 140 की जिस चर्चित भूमि का लगान निर्धारण के बिना रसीद निर्गत हुआ है, उसका मूल दस्तावेज ही रिकॉर्ड रूम में नहीं है।

# छात्र-युवाओं से संवाद करे सरकार : विनोद सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास घेरने जा रहे आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छात्र-युवाओं से संवाद कर मामले का समाधान करना चाहिए। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह छात्रों पर लाठीचार्ज के बाद मंगलवार को अपनी प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी इस बात से अवगत हैं कि भाजपा की ओर से खतियान आधारित स्थानीयता और आरक्षण के मामले में विश्वासघात से झारखंडी छात्र-युवाओं के हितों को गहरा धक्का लगा है। बिहार में स्थानीयता आधारित नियोजन को देखते हुए हेमंत सरकार को झारखंड राज्य के अंदर ही इसका हल निकालने के लिए पुनः नयी नीति की ओर बिना देर किए बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं अमित शाह के लिए दोहरे खेल की गुंजाइश ना हो। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा से पारित सन 1932 खतियान नीति और आरक्षण को झारखंड विधानसभा ने पारित कर केंद्र सरकार से अनुकूल कार्रवाई का



आग्रह किया था, लेकिन भाजपा ने दोहरी चाल के जरिए झारखंडियों के साथ धोखाधड़ी की। एक ओर भाजपा ने इसे न्यायिक विवाद में फंसा दिया। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह के जरिए खुल्लमखुल्ला दबाव डलवाकर कर राजभवन से पारित आरक्षण नीति को वापस करवा दिया। भाजपा के इस दोहरे खेल को समझें बगैर झारखंडी छात्र-युवा अपने अधिकारों को हासिल नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार से मेरा अनुरोध है कि स्थानीयता आधारित नियोजन और आरक्षण के पक्ष में खड़ा होकर छात्र-युवाओं के साथ संवाद शुरू करने के साथ-साथ केंद्र पर दबाव डालने के लिए संयुक्त कार्यक्रम की ओर बढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की है की केंद्रीय प्रतिष्ठानों एवं उद्योगों में भी समीक्षा कर स्थानीयता और सामाजिक स्थिति के अनुसार झारखंडी युवाओं का नियोजन शुरू किया जाए।

# रांची : शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत की अध्यक्षता में आने वाले ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्र से आए सभी लोगो से पर्व को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारा के साथ मानाने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया में किसी भी तरह के अफवाह से बचने की अपील की है। क्षेत्र में कभी भी किसी भी तरह की कोई प्रशासन की जरूरत हो तो थाना प्रभारी को तुरंत सूचना दें या आकर मिले 24 घंटा 7 दिन



आपकी सेवा में रहेंगे। प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है।अंत में थाना प्रभारी ने क्षेत्र की जनता को ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अशरफ अंसारी,मौलाना मनिरुद्दीन, नसीमुल हक,मो फारुख, वार्ड 49 के पार्षद प्रतिनिधि मो रिजवान,महावीर मंडल डोरंडा के पप्पू वर्मा, बजरंग प्रसाद, सुरेश प्रसाद, राजू चौरसिया आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्किल सेल एनीमिया रोग पर एक दिवसीय कार्यशाला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को सिकल सेल एनीमिया रोग पर एक दिवसीय कार्यशाला रखा गया. जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त खूंटी शशि रंजन, उप विकास आयुक्त नितिश कुमार एवं सिविल सर्जन खूंटी अजीत खलखो उपस्थित थे. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में यह बीमारी बहुत अधिक है. जिस को ध्यान में रखते हुए आज सभी प्रखंडों में बारी-बारी से इस रोग को लेकर कार्यशाला लगाकर जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य कर्मी आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य लोगों को जागरूक किया जा रहा है. ताकि उन के माध्यम से अधिक से अधिक रोगी रोग के लक्षण पता चल सके।ताकि उन रोगियों की जांच कर यह पता लगाया जा सके कि उसे सिकल सेल एनीमिया है या नहीं इस रोक को गंभीरता से लेते हुए इस प्रकार के गंभीर रोगियों के इलाज के लिए 50 बेड का सेंटर भी बनाया जाएगा. जहां इन रोगियों के हर तरह का इलाज संभव हो सके. इसी बीच उपायुक्त ने यहां के किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देकर उनके आय को दोगुना करना और कम जगहों में अलग-अलग तरह की खेती कर अधिक से अधिक मुनाफा कमा सके. उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस बीमारी से ग्रसित रोगियों को डरने की जरूरत नहीं है. बीमारी के लक्षण किशोर किशोरियों में नजर आते हैं. तो उन्हें जांच करवा लेना चाहिए. ताकि समय से इस रोग के लिए दवा चलाया जा सके. जगह-जगह कैंप लगाकर इस बीमारी की जांच की जाएगी. इस रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी देने जिला से आए आशीष कुमार ने बताया कि यह रोग अनुवांशिक है जो माता-पिता से बच्चों में आता है. इसलिए सॉल्युबिलिटी जांच कराना जरूरी है.किशोर किशोरियों में यह रोग अधिक पाया जाता है.गर्भवती महिलाओं को भी इसकी जांच करानी जरूरी है. नर्स टेरेसा नाग ने कार्यशाला के दौरान कई महिलाओं और किशोरियों की जांच की जिसमें एक महिला में सिकल सेल एनीमिया रोग से ग्रसित पाया गया. कार्यशाला में बताया गया कि 25 अप्रैल को जिला स्तरीय सिकल सेल एनीमिया रोग पर कार्यशाला किया जाएगा. मौके पर सिविल सर्जन अजीत खलखो, बीडीओ निशा कुमारी सिंह, सीओ बैद्यनाथ कामती, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ शकील अहमद, बीटीएम स्नेह लता तिग्गा, सीडीपीओ पदमश्री, प्रखंड के सभी सी एच ओ,मुखिया अनूप कुजूर, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# मिशन परिवार विकास कल्याण अभियान का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कर्रा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में मंगलवार को मिशन परिवार विकास कल्याण अभियान का शुभारंभ प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ शकील अहमद एवं कर्रा पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया. मौके पर उपस्थित बीपीएम जैनी मिंज ने बताया कि यह अभियान 18 अप्रैल से 17 मई तक चलेगा.जिसके तहत परिवार नियोजन के प्रति प्रचार प्रसार किया जाएगा साथ ही योग्य दंपति का सर्वे कर उसकी सूची तैयार किया जाएगा. स्थाई और अस्थाई विधि के प्रति योग्य दंपति को प्रेरित किया जाएगा.परिवार नियोजन के फायदे और इसके पालन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा.इस दौरान परिवार नियोजन से संबंधित स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित दवाइयों, प्रेग्नेंसी किट,कंडोम का मुफ्त वितरण किया गया.मौके पर बीपीएम जैनी मिंज,स्वास्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू, रश्मि, बिक्की, ैजयप्रकाश, नेत्र सहायक विष्णु प्रमाणिक, सुनील कुमार, दीपक कुमार के अलावे अन्य स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक संपन्न

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिगन भोगता व संचालन रामलखन गंझु ने किया। बैठक में बिगन सिंह भोगता ने कहा की रैयत विस्थापित मोर्चा ने



31 सूत्री मांग पत्र 14 सितंबर 22 को एनके एरिया कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रबंधन को दिया गया था। उसके बाद प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच 31 सूत्री मांग पत्र पर वार्ता हुआ और सभी मांगों को पूरा करने के लिए प्रबंधन ने एक महीना समय लिया लेकिन 5 महीना बीतने के बाद भी एक भी कार्य धरातल पर नहीं किया गया। प्रबंधन सिर्फ झूठा आश्वासन देकर रैयत विस्थापितों को ठगने का कार्य कर रही है। वक्ताओं ने कहा की एन के एरिया में अभी तक बहुत सारे रैयतो का नौकरी एवं मुआवजा नहीं मिला है और ना ही मूलभूत सुविधा मिला है जब तक नौकरी एवं मुआवजा नहीं मिल जाता है तब तक आगे के डी एच एवं रोहिणी परियोजना का विस्तारीकरण नही करने दिया जायेगा। प्रबंधन के उदाशीन रवैया को देखते हुए रैयत विस्थापित एवं ग्रामीणों में काफी आक्रोश है, रैयत विस्थापित मोर्चा विवश होकर आगामी 15 मई को सीसीएल एन के एरिया पूर्ण रूप से बंदी की घोषणा की है। बैठक में मुख्य रूप से जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश गंझू,धनराज भोगता, प्रभाकर गंझु,दामोदर गंझु, शिवनारायण लोहरा,प्रकाश महतो, सुनील यादव, रामधारी गंझु,श्यामजी महतो, हेमलाल गंझू,कुलदीप साव, छोटन भोगता, राजेंद्र उरांव,आनंद मुंडा,महावीर गंझू,बालजीत गंझू आदि उपस्थित थे।

## अभ्यर्थियों के लिए सुपरएप लॉन्च

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूरे भारत में मेडिकल कोचिंग में अग्रणी, एलेन ने पीजी मेडिकल छात्रों को एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यापक समाधान प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म एलेन नेक्सटी ऐप लॉन्च किया। इस ऐप पर कई अनूठी विशेषताएं और संसाधन उपलब्ध हैं, जो इसे परीक्षा की तैयारी हेतु बाजार में उपलब्ध अन्य प्लेटफार्मों से अलग करते हैं। एलेन नेक्स्ट वर्टिकल के पूर्णकालिक कार्यकारी, अमन माहेश्वरी ने कहा, एलेन नेक्स्ट ऐप के साथ हमारा लक्ष्य मेडिकल पीजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी प्रक्रिया को छात्रों के लिए सरल और अधिक सुलभ बनाना है, चाहे उनकी व्यस्तता कितनी भी हो। हमारा उद्देश्य एनईईटी-पीजी, आईएनआई-सीईटी और एफएमजीई परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के लिए पूरा रोडमैप प्रदान करके पीजी मेडिकल छात्रों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।

## खलिहान में रखे पुआल में लगी आग

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांटाडीह गांव निवासी दशरथ महतो के खलिहान मे रखे पुआल मे मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे काफी भयानक रुप ले लिया। आनन फानन में ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना हिंडालको दमकल विभाग को दिया गया। सूचना मिलते ही दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर आपको बुझाने का प्रयास किया ।काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुआल के मालिक से पुछने पर बताया की काफी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## परेशानियों से बचने मदद कर सकता है वैक्सीनेशन

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**आईसीएमआर की तरफ से हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट में सामने आया है कि एच3एन2 वायरस के कारण होने वाले फ्लू के मामले पूरे देश में बढ़ रहे हैं। वायरस का यह स्ट्रेन लंबे समय तक बीमारी का कारण बनता है और अन्य वायरस स्ट्रेन से होने वाले फ्लू संक्रमण की तुलना में इसके कारण अस्पताल में भर्ती होने के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा शक्ति कमजोर होती है, उनमें न्यूमोनिया, ब्रोंकाइटिस एवं दौरे पड़ने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे कुछ मामलों में एच3एन2 संक्रमण जानलेवा भी साबित हो सकता है। आईसीएमआर के आंकड़े दिखाते हैं कि पिछले तीन महीने में अस्पताल में भर्ती होने वाले एच3एन2 से संक्रमित एसएआरआई (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन) के 10 प्रतिशत मरीजों को ऑक्सीजन देने की और 7 प्रतिशत को आईसीयू में भर्ती होने की जरूरत पड़ी।

## विधायक ने किया कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा इटकी प्रखंड रानीखटंगा पंचायत के ग्राम टुरुगुरु मे 20 लाख रुपए की लागत से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा मुस्लिम



कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास विधिवत रूप से शीलापट से पर्दा हटा कर किया गया. मौक़े पर मुखिया राजन किस्पोट्टा, अबु माज ,सुनील मींज, अबरार इमाम ,अहमद अंसारी ,असमउद्दीन अंसारी, फारूक अंसारी ,इनामुल अंसारी ,कारी इरफान, हमिद अंसारी, इकबाल अंसारी, अंजार अंसारी, गुलजार अंसारी ,अमीन अंसारी, हारुन अंसारी, रिजवान अंसारी, नईम अंसारी, राजिक अंसारी, मुर्शीद अंसारी, सादिक पप्पू, जुबेर अंसारी, मोहित गोप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के नरकोपी स्टेशन में ऑटो चालक संघ एवं पार्किंग ठेकेदार के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के रोजेदारों को दावत-ए-इफ्तार पर आमंत्रित किया गया था। मौके पर देश में अमन चैन और तरक्की के लिए दुआ किया गया।



रमजान का महिना पवित्र महिना है। इस महिने में रोजेदारों के साथ बैठक इफ्तार करने से आपसी मोहब्बत और भाईचारगी को बढ़ावा मिलता है। इफ्तार पार्टी ठीक उसी तरह है जैसे होली और दिवाली मिलन समारोह। इस तरह के कार्यक्रम से गंगा-जमुनी तहजीब को बढ़ावा मिलता है।

# रेल चालक एवं ट्रेन मैनेजर दूषित पानी पीने को विवश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भारत सरकार की स्वच्छता अभियान खोखला साबित हो रही है एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत काफी राशि को खर्च कर रही है वही बिचौलिए लोग राशि को दुरुपयोग कर स्वच्छ भारत अभियान को खोखला साबित करने में लगे हुए हैं। सरकार द्वारा जितने भी दावा की जाए परंतु सारा प्रयास बेकार साबित हो रहा है। इसी क्रम में मुरी जंक्शन पर स्थित आर आर आई बिल्डिंग में स्थित संयुक्त क्रु प्रतिक्षालय कक्ष में रेलवे प्रशासन द्वारा एक्कागार्ड का फिल्टर लगाया गया है ताकि ड्यूटी के दौरान आने वाले रेल चालक तथा ट्रेन मैनेजर को पीने के लिए स्वच्छ पानी प्राप्त हो सके। परंतु उन्हें स्वच्छ पानी नसीब नहीं हो रहा है मजबूरन वे लोग पैसे देकर बाजार से पानी खरीद कर पी रहे हैं। वही आर ओ की सफाई चार्ट में बिना सफाई किए खानापूर्ति कर दिया जाता है। रेल चालक तथा ट्रेन मैनेजरों ने बताया कि हमें कभी भी स्वच्छ पानी नहीं मिलता है यहां पर लगा एक्कागार्ड फिल्टर मशीन केवल दिखावा के लिए है।

भीषण गर्मी होने के बावजूद यहां पर लगा एयर कंडीशन भी सही रूप से कार्य नहीं कर रहा है परंतु हम लोगों का दुख सुनने वाला कोई नहीं है। इस संबंध में मुख्य क्रू नियंत्रक आर सी प्रसाद से पूछने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। ज्ञात हो कि मुरी जंक्शन रांची मंडल का एक बहुत ही महत्वपूर्ण जंक्शन है जहां टाटानगर आदित्यपुर बरकाकाना पतरातु, सिनी, हटिया, रांची और चक्रधरपुर से रेल चालक तथा ट्रेन मैनेजर ड्यूटी के दौरान यहां पर आते हैं।

# मुखिया ने किया पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** प्रखंड के नेहालु पंचायत के लठेयाटोली गांव में मंगलवार को पी.सी.सी.पथ निर्माण का मुखिया विरेन्द्र भगत ने शिलान्यास किया। शिलान्यास के लिए गांव के पहान द्वारा भूमि-पुजन किया गया। मौके पर मुखिया विरेन्द्र भगत ने कहा कि उक्त स्थल पर ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। सड़क खराब होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।बीमार लोगों को इलाज के लिए ले जाने हेतु गांव तक गाड़ी नहीं पहुँच पाने के कारण मरीज को आधा किलोमीटर ढोकर लाया जाता था। इस पथ के बन जाने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस कार्य से सभी ग्रामीण उत्साहित हैं। इस अवसर पर उप मुखिया जीतीया उरांव, वार्ड सदस्य मंजूषा तिर्की, बबलू लोहरा,सनि उरांव,पारसनाथ तिर्की, बिरसा उरॉव,बिजला महली , विनोद उरॉव, गौतम उरांव, मंगरा उरॉव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा अवैध सैलरी के उठाव को लेकर दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** खलारी प्रखण्ड के प्रांगण में जिला परिषद पश्चिमी सरस्वती देवी व खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा. इस धरना प्रदर्शन में स्थानीय जनप्रतिनिधि ने सीमेंट फैक्ट्री के मालिक संजय रुंगटा के विरुद्ध आरोप लगाते हुए बताया कि रुंगटा का फैक्टरी व जमीम 1989 में लीज खत्म हो चुका है. तो अब जो है वह राज्य सरकार व पंचायत की सरकार का है. परन्तु रुंगटा के द्वारा पूर्व में संचालित सीमेंट फैक्टरी का डस्ट सेलारी को अपना मोहर मारकर अवैध रूप से खनन करवाकर बेचा जा रहा है. जो एक अपराध है. वही पश्चिमी जिला परिषद सरस्वती देवी ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा अबैध सैलरी के उठाव सहित अन्य कई मुद्दों पर अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या को पांच सूत्री मांग पूर्व में ही सौंपा जा चुका है.उसके बाउजूद भी सैलारी का उठाव रुकने का नाम नही ले रहा है. साथ ही कहा कि फैक्ट्री से अवैध सैलरी के उठाव सहित अन्य प्रखंड क्षेत्र में कई गैर कानूनी कार्य किए जा रहे हैं. जिन्हें कार्यवाही करते हुए बंद करने की मांग किया गया है. वही उपस्थित करमा लोहरा ने कहा कि खलारी सिमेन्ट केंद्रीय लीज 1989 में समाप्त हो गया, बावजूद इसके सिमेन्ट फैक्ट्री यहाँ की परिसम्पति सहित सैलारी बेचने सहित कई गैर कानूनी कार्य कर रही। वही धरना में पहुंचे रविन्द्र चौधरी, विनय प्रीत कुमार पाण्डेय,हाबुल दा, मुरारी राम, सहित अन्य लोगो ने फैक्ट्री से संबंधित कई अन्य मामलों में विस्तार से बताया। साथ ही धरना प्रदर्शन कर रहे लोगो ने फैक्टरी प्रबंधन के खिलाफ बेनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन में रहे. बेनर में जनताओं को अवगत कराया कि संजय रुंगटा होश में आओ,संजय रुंगटा चोर है गली गली में शोर है,हमारी मांगे पूरी करो,राज्य हमारा अधिकार तुम्हारा नही चलेगा सहित अन्य का बेनर पोस्टर लहरे। उधर जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सैलारी उठाव को अविलम्ब बन्द कराने की मांग की. मौके पर उप मुखिया जयंती देवी,बेबी देवी,सुषमा देवी, छोटु पाहन, लाला मुण्डा, रविन्द्रनाथ चौधरी , रामातार सोनी,विजय गोप,नीलु देवी,बीना कुजुर,अख्तर अंसारी, रिजवान अंसारी, फूलमनी तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे.

## रॉंची समाहरणालय, रॉंची
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

### आम सूचना

एन0एच0–23 पिस्का से पलमा सेक्शन (ROB) परियोजना अन्तर्गत मौजा–नारो एवं टिकराटोली में उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार निम्नांकित तिथियों में मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का आयोजन किया गया है, जो कि निम्नवत है :–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | स्थान | कर्मियों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 24/04/2023 सोमवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 25/04/2023 मंगलवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 26/04/2023 बुधवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 27/04/2023 गुरूवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |
| 28/04/2023 शुक्रवार | 11.00 A.M. to 5.00 P.M. | नारो / टिकराटोली | पंचायत भवन, नारो | श्री मुकुल वर्मा, प्रति0 कानूनगो, श्री जमील अख्तर, अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, रांची, अंचल निरीक्षक, अंचल उप निरीक्षक, नगड़ी श्री कार्तिक कुमार प्रभात, श्री गौरव प्रशांत, श्री संजय चौरसिया, श्री राजू वर्मा,एन0एच0ए0आई0 कर्मी, रांची। |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों यथा खतियान / डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0 / –
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
रॉंची

PR295418 (Land Reforms)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रॉंची

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ( वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं वित्तीय वर्ष 2024–25)

रॉंची जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से चालू वितीय वर्ष 2023–24 एवं अगले वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर जिला स्तरीय समिति के माध्यम से प्रस्ताव पारित किया जाना है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं अगले वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत रॉंची जिला के मात्स्यिकी से जुड़े अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक कृषकों से निम्नवर्णित तालिका में उल्लिखित योजनाओं का लाभ लेने हेतु विहित प्रपत्र में दिनांक 04.05.2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, रॉंची में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

निजी क्षेत्र की लाभुकोन्मूख योजनाओं में लाभुकों का अंशदान आवश्यक है। सामान्यतः लाभुकोन्मुख योजना में लाभुक का अंशदान कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत् (सामान्य कोटि के लिए) होगा, किन्तु सभी कोटि के महिलाओं, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लाभुको के लिए योजना में लाभुक का अंशदान परियोजना लागत का 40 प्रतिशत् होगा। परन्तु योजना उपघटक Large R.A.S. ($90m^3$ का आठ टैंक) अंतर्गत लाभुक अंशदान 80 प्रतिशत् (सामान्य कोटि के लिए) एवं 75 प्रतिशत् (सभी कोटि के महिला, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति) के लिए। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित लाभुकोन्मुख कार्यकमों की सूची एवं विवरण संलग्न है।

उक्त सूची में अंकित कोटिवार / उपघटकवार रॉंची जिला के मत्स्य कृषकों / केज मत्स्य पालकों / मत्स्य विकेताओं / उद्यमियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन के साथ वांछित जमीन / अन्य से संबंधित सुसंगत दस्तावेज एवं योजना के संबंधित उपघटक का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी0पी0आर0 / स्वयं निहित प्रस्ताव (एस0सी0पी0) संलग्न करना अनिवार्य है। लाभुकों का चयन कोटिवार / योजना उपघटकवार प्राप्त लक्ष्य के आलोक में सक्षम् स्तर से किया जाएगा। आवेदन हेतु विहित प्रपत्र **जिला मत्स्य कार्यालय, रॉंची** में निःशुल्क उपलब्ध है।

**रॉंची जिला अंतर्गत लाभुकोन्मुख कार्यकमों की सूची।**

| क0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कॉर्प हैचरी निर्माण | सं0 में | 25.00 |
| 2 | रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी / बीज रियरिंग तालाब) | हे0 में | 7.00 |
| 3 | ग्रो आउट तालाब निर्माण | हे0 में | 7.00 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पेगेषियस एवं तिलापिया पालन के लिए इनपुट (क0 सं0 03 अंतर्गत निर्मित नये तालाबों के लिए) | हे0 में | 4.00 |
| 5 | बॉयोफ्लॉक तालाब का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 |
| 6 | जलाषय में अंगुलिकाओं का संचयन @ 1000 अंगुलिकाएँ प्रति हे0 | हे0 में | @ Rs. 03/Fingerling |
| 7 | बैकयार्ड सजावटी / अलंकारिक मछली की रियरिंग इकाई | सं0 में | 3.00 |
| 8 | मध्यम आकार के सजावटी / अलंकारिक मछली की रियरिंग इकाई | सं0 में | 8.00 |
| 9 | सजावटी / अलंकारिक मत्स्य इकाई (ब्रीडिंग एवं रियरिंग) | सं0 में | 25.00 |
| 10 | सजावटी / अलंकारिक मछलियों के ब्रूड टैंक की स्थापना | सं0 में | 100.00 |
| 11 | मनोरंजक मत्स्य गतिविधियों का संवर्द्धन (Promotion of Recreational Fisheries) | सं0 में | 50.00 |
| 12 | 90 मी0³ क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40 टन मछली उत्पादन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना / 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 50 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 50.00 |
| 13 | 30 मी0³ क्षमता वाले 06 टैंक एवं 10 टन मछली पालन की क्षमता वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना / 04 मी0 व्यास एवं 1.0 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 25.00 |
| 14 | 100 मी0³ क्षमता वाले 01 टैंक वाले बड़े आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना / 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले बॉयोफ्लॉक मत्स्य पालन तंत्र की स्थापना | सं0 में | 7.50 |
| 15 | बैकयार्ड लघु आर0ए0एस0 (रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम) इकाई की स्थापना | सं0 में | 0.50 |
| 16 | जलाषय में केज स्थापना | हे0 में | 3.00 |
| 17 | खुले जल निकायों में घेरे में मत्स्य पालन / पेन कल्चर | सं0 में | 3.00 |
| 18 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / बर्फ प्लांट निर्माण (10 टन क्षमता) | सं0 में | 40.00 |
| 19 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / बर्फ प्लांट निर्माण (20 टन क्षमता) | सं0 में | 80.00 |
| 20 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / बर्फ प्लांट निर्माण (30 टन क्षमता) | सं0 में | 120.00 |
| 21 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / बर्फ प्लांट निर्माण (50 टन क्षमता) | सं0 में | 150.00 |
| 22 | शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) / बर्फ प्लांट का आधुनिकीकरण | सं0 में | 50.00 |
| 23 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | सं0 में | 25.00 |
| 24 | इनसुलेटेड वाहन | सं0 में | 20.00 |
| 25 | मोटर साईकिल, आईस बॉक्स के साथ | सं0 में | 0.75 |
| 26 | साईकिल, ऑईस बॉक्स के साथ | सं0 में | 0.10 |
| 27 | तीन चक्का वाहन ऑईस बॉक्स के साथ / ई–रिक्षा मछली बिकी के लिए | सं0 में | 3.00 |
| 28 | जीवित मछली बिकी केन्द्र | सं0 में | 20.00 |
| 29 | लघु फिष फीड मिल (प्रतिदिन 02 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 30.00 |
| 30 | मध्यम फिष फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 100.00 |
| 31 | बड़ा फिष फीड मिल (प्रतिदिन 20 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 200.00 |
| 32 | फिष फीड मिल प्लांट (प्रतिदिन 100 टन उत्पादन क्षमता) | सं0 में | 650.00 |
| 33 | फिष कियोस्क (सजावटी / अलंकारिक मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण | सं0 में | 10.00 |
| 34 | मछली मूल्य सवंर्द्धित उत्पाद इकाई (फिष भेल्यू एडेड इन्टरप्राइजेज) | सं0 में | 50.00 |
| 35 | मछली के खुदरा बाजार (सजावटी / अलंकारिक मछली एवं एक्वेरियम सहित) का निर्माण | सं0 में | 100.00 |
| 36 | मछली एवं मछली के उत्पादों की ई–ट्रेडिंग एवं ई–बाजार हेतु ई–प्लेटफॉर्म तैयार करना | DPR पर आधारित | |
| 37 | फिष डिजीज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी की पहचान एवं गुणवता परखने हेतु प्रयोगषाला की स्थापना) | सं0 में | 25.00 |
| 38 | फिष डिजीज डायगोनेस्टीक एवं क्वालिटी टेस्टिंग लैब की स्थापना (मछली के बिमारी पहचान एवं गुणवता परखने हेतु चलंत प्रयोगषाला / क्लीनिक की) | सं0 में | 35.00 |
| 39 | जलाषय के मछुआरों को नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0 में | 1.00 |
| 40 | जलाषय के मछुआरों को नाव तथा जाल के कय हेतु सहयोग | सं0 में | 5.00 |
| 41 | प्रसार एवं सहयोग सेवाए (मत्स्य सेवा केन्द्र) | सं0 में | 25.00 |
| 42 | मछुआरों का बीमा | सं0 में | – |
| 43 | आर्थिक रूप से कमजोर पारम्परिक मछुआरों हेतु मछली षिकारमाही पर प्रतिबंध के समय आर्थिक सहयोग | सं0 में | केन्द्रांष – 1500 रू0 + राज्यांष 1500 |

आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान :– **जिला मत्स्य कार्यालय, रॉंची।**

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– **दिनांक 04.05.2023 को कार्यालय अवधि तक।**

**नोट :–विस्तृत विवरणी मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के Website www.jharkhandfisheries.org पर उपलब्ध है।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
रॉंची

PR295354 (Fish)23-24*D

## चक्रधरपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम बने गजराज सिंह चरण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को सीनियर डीसीएम, चक्रधरपुर डिवीजन के रूप में गजराज सिंह चरण नवनियुक्त हुए। इससे पूर्व वे चक्रधरपुर डिवीजन के सीनियर डीओएम के रूप में महत्त्वपूर्ण पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं। गौरतलब हो कि इससे पूर्व इस पद पर मनीष कुमार पाठक पदस्थापित थे। गजराज सिंह चरण ने आते ही सभी कर्मचारियों से मुलाकात की और सभी को अपने कार्यों के प्रति ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ठ होने का निर्देश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से पुष्पगुच्छ दे कर उनका स्वागत किया एवम भविष्य में श्री चरण द्वारा उनके हर कार्यों में सहयोगी बने रहने की कामना की।

## पोटका माताजी आश्रम में सुनील डे ने शुरु किया बंगला भाषा की नि:शुल्क पढ़ाई



**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका में बंगला भाषा जन जन की भाषा बने व विलुप्त होती इस भाषा को बचाने व नई पीढ़ी भाषा के प्रति जागरूकता लाने को लेकर पोटका के माताजी आश्रम ने इसकी पढ़ाई की आज से शुभारंभ की गई। यह कार्य सामाजिक कार्यकर्ता सुनील डे ने उठाया है। पहले दिन से ही काफी संख्या में बच्चों ने बंगला भाषा की पढ़ाई के प्रति रुचि दिखाई। मंगलवार को सुबह 9 बजे 11 बजे तक बच्चो ने बंगला भाषा सीखा। शिक्षक के तौर पर सुनील कुमार दे, सनत मंडल, कमल कांति घोष, शंकर चंद्र गोप,कृष्ण पद मंडल पहली क्लास ली। इस बाबत सुनील डे ने कहा कि यह शिक्षा निशुल्क होगी।

## मारवाड़ी युवा मंच ने आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच बांटे सामग्री



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी अपने आज आनंद सबके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत मानगो स्थित गांधी मध्य विद्यालय में 500 से ज्यादा विद्यार्थियों के बीच कॉपी, पेंसिल, रबड़ ,एवं डिटर्जेंट पाउडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशेष पदाधिकारी मानगो नोटिफाइड एरिया कमिटी सुरेश यादव उपस्थित होकर विद्यार्थियों को सामग्री वितरण किया। अध्यक्ष मोहित मूनका ने अपने कहा कि मंच के अनेक उद्देश्यों में से एक उद्देश्य यह भी है कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाइ जाए, और यह पहल उसी कड़ी का एक हिस्सा है। सयोजक मनीष चौधरी ने कार्यक्रम के विषय में बताते हुए कहा की इस कार्यक्रम अंतर्गत मंच गरीब जरूरतमंद बच्चों को सामग्री उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रुप से सुरेश यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहित मुनका, सचिव सौरव संथालिया, रमेश अग्रवाल, पंकज आगीवाल पवन छाछरिया ,नवनीत बंसल, अंकित अग्रवाल, दीपक पटवारी,पंकज मुनका, कौशिक चौधरी और मंच के अनेक सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## मनरेगा की योजनाओं में अनियमितता की आशंका, उप प्रमुख ने बीपीओ से की आंकड़ों की मांग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में संचालित मनरेगा की योजनाओं में अनियमितता की आशंका पर प्रखंड उप प्रमुख श्रीमती संतोषी महतो ने बीपीओ बंधु किशोर महतो से वित्तीय वर्ष 2020-21, 21-22 और 22-23 की सभी योजनाओं के आंकड़े उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में उप प्रमुख ने मंगलवार को बताया कि प्रखंड अंतर्गत मनरेगा के तहत बकरी शेड, गाय शेड, सूकर शेड व सिंचाई नाली समेत कई तरह की योजनाओं का काम हो चुका है जिसमें भारी अनियमितता बरतने की शिकायत मिली है इसलिए उन्होंने इसकी स्थल जांच हेतु विस्तृत जानकारी की मांग की है।

## अवैध क्रशर चलाने के आरोप में वारंटी को बोड़ाम पुलिस ने भेजा जेल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना कांड संख्या 31/22 के अभियुक्त सह वारंटी ओलीडीह थाना क्षेत्र के दलमा इंक्लेब चंद्रावती नगर निवासी देवेंद्र उर्फ राजू झा को घर से गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को बोड़ाम पुलिस ने जेल भेज दिया। इस संबंध में बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि देवेंद्र बोड़ाम थाना क्षेत्र के हलुदबनी काली मंदिर रोड में अवैध रूप से क्रशर का संचालन करता था। उसके विरुद्ध बोड़ाम सीओ निवेदिता नियति ने बीते वर्ष 14 जून को बोड़ाम थाना में मामला दर्ज कराई थी। जिसके बाद बोड़ाम पुलिस द्वारा क्रशर मशीन को जब्त कर लिया गया था। जबकि मामले के नामजद अभियुक्त फरार चल रहा था। कोर्ट से वारंट निर्गत होने के बाद पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाई जा रही थी और मंगलवार को उसे घर से सुबह-सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि देवेंद्र झा के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 तथा 54, झारखंड लघु खनिज समुदान नियामवली 2004 तथा झारखंड खनिज संपदा अवैध उत्खनन भंडारण एवं परिवहन अधिनियम 2017 समेत कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था।

### अपर उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से संबंधी समीक्षा बैठक

# वाणिज्य कर में शहरी अंचल 53% व जमशेदपुर अंचल 91% राजस्व संग्रहण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से संबंधी समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत की गई । बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। सभी विभागीय पदाधिकारियों ने राजस्व संग्रहण का ब्यौरा दिया । अपर उपायुक्त ने आपसी समन्वय स्थापित कर अगले वित्तीय वर्ष में भी राजस्व संग्रह के लक्ष्य को पूरा करने पर बल दिया । वित्तीय वर्ष 2022-23 में वाणिज्य कर (शहरी अंचल) ने 53 फीसदी, वाणिज्य कर (जमशेदपुर अंचल) 91 प्रतिशत, सिंहभूम अंचल 60 प्रतिशत खनन विभाग 124 प्रतिशत, उत्पाद विभाग 99 प्रतिशत, परिवहन विभाग 115 प्रतिशत, एमवीआइ 53 प्रतिशत विद्युत विभाग जमशेदपुर प्रमंडल 145 प्रतिशत , मानगो प्रमंडल 124 प्रतिशत घाटशिला 139 प्रतिशत, नगर निकायों में भी सौ फीसदी से ज्यादा उपलब्धि रही जेएनएसी को छोड़कर, जेएनएसी का 95 प्रतिशत रहा। अन्य संभी विभागों के राजस्व संग्रहण में भी उपलब्धि संतोषजनक रही।

## वन इंडिया फाउंडेशन के दावत-ए-इफ्तार में दिखी गंगा जमुनी तहज़ीब की झलक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रमज़ान के पाक महीने के अवसर पर वन इंडिया फाउंडेशन की तरफ से साकची स्थित आमबगान में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया. जहां पर देश की गंगा जमुनी तहज़ीब की झलक साफ नजर आई. मौका था स्वंयसेवी संस्था वन इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक रोज़ा इफ्तार का, जिसमें विभिन्न समुदाय के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर देश में शांति सौहार्द व आपसी भाइचारे की कामना की। वन इंडिया फाउंडेशन के द्वारा पिछले कई वर्षों से सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है. इस इफ्तार में अध्यक्ष आउन सिद्दीकी, उपाध्याय आतिर शाहब व कानूनी सलाहकार शादाब आलम समेत मोहम्मद अकबर, सुल्तान नेयाज, शहबाज अहमद शाहिद हुसैन, मोइन खान, अफसर खान, मोहम्मद आजम, शारिक, मुमताज खान, शब्बीर अहमद, रिंकू सहित संस्था के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता के राष्ट्रीय विजेता बने अवंतिका, खुशी रही उपविजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह ने नई दिल्ली में एक शानदार समारोह में टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल निबंध प्रतियोगिता के 14वें और 15वें संस्करण के 48 राष्ट्रीय विजेताओं को सम्मानित किया। टाटा बिल्डिंग इंडिया निबंध प्रतियोगिता के संस्करणों में 7,500 से अधिक स्कूलों की भागीदारी देखी गई, जिसमें 400 से अधिक शहरों में 13 भाषाओं में लिखने वाले 1.2 मिलियन छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगित अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, उड़िया, मलयालम, तेलुगु, असमिया, बंगाली, पंजाबी और उर्दू भाषाओं में लिया गया। हरीश भट, ब्रांड कस्टोडियन, टाटा संस ने कहा, टाटा समूह हमेशा राष्ट्र निर्माण और युवा दिमागों के पोषण में सबसे आगे रहा है। इस निबंध प्रतियोगिता को जीतने वाले मेधावी युवा प्रतिभाओं से मैं कहना चाहता हूं कि आप हमारे देश के भावी लीडर हैं। आपकी दृष्टि, रचनात्मकता और जुनून मुझे विश्वास दिलाता है कि हमारा भविष्य अच्छे हाथों में है। इस योग्य सम्मान के लिए बधाई। निबंध प्रतियोगिता देश भर में दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 6वीं-12वीं के छात्रों ने भाग लिया। पहले चरण में छात्रों को राष्ट निर्माण में टाटा समूह के योगदान पर प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई जिसके बाद उन्हें निबंध लिखने के लिए उपरोक्त विषय दिए गए। खुशी प्रजापति, जूनियर फर्स्ट रनर-अप, हिंदी, टीबीआई 2019-20, प्यारी देवी टापरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल नागौर ने कहा, इस प्रतियोगिता में भाग लेना मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। निबंध का विषय मेरे दिल के करीब था, और मुझे लगा कि मैं खुद को अभिव्यक्त करने के लिए इस मंच का उपयोग कर सकता हूं। आनंदतीर्थ विद्यालय, उडुपी के अवंतिका वी राव, जूनियर विजेता, अंग्रेजी, टीबीआई 2020-21 ने कहा, इस प्रतियोगिता को जीतना विचारों की शक्ति और विचारशील संवाद में संलग्न होने के महत्व की याद दिलाता है।

# ईद के पूर्व आजादनगर थाना शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आजाद नगर थाना क्षेत्र के होटल महल इन के सभागार में आज आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य एवं मस्जिद के इमाम के बीच ईद के त्यौहार को लेकर आवश्यक बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता एसडीओ पीयूष सिन्हा ने की। इस बैठक में पटमदा डीएसपी सुमित कुमार,आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार,मानगो नगर निगम के अधिकार एवम बिजली विभाग के लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर एवं शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान ने किया। बैठक में शांति समिति की ओर से सैयद तारीक और सुरेंद्र शर्मा ने जिला के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा शांति पूर्वक त्योहार मनाए जाने पर पीयूष सिन्हा को फूलों का गुलदस्ता देकर मुबारकबाद दी। इस बैठक में दुर्गा पूजा समिति के लाइससेंसी सुरेंद्र शर्मा एवं अपूर्व पाल ने आजादनगर थाना क्षेत्र में हर त्योहार बहुत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाए जाने की मिसाल दी। एसडीओ पीयूष सिन्हा ने आने वाले पर्व ईद के लिए शांति समिति के सदस्य एवं मस्जिद के सभी उपस्थित इमाम को मुबारकबाद दी। पटमदा डीएसपी सुमित कुमार ने कहा पुलिस प्रशासन की ओर से ईद के अवसर पर पुलिस कर्मी जगह जगह पर तैनात किए जाएंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से नादिर खान, सैयद तारिक, शाहिद परवेज, मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद एजाज़, अफताब आलम, ताहिर हुसैन, समिति के अध्यक्ष शेख बदरुद्दीन, एडवोकेट हमीद राजा खान, ताजीम हैदर, अशफ़ाकुल्ला, हाजी फिरोज असलम, इबरार खान, हाजी जमील असगर, इरफान खान, सैयद आलम उपस्थित थे।

## कांड्रा में रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा-चांडिल रेलमार्ग पर अप लाइन पोल संख्या 389/एस8 के समीप रेलवे ट्रैक के बीच पुलिस ने एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया है। सुचना पाकर मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।

## टाटानगर स्टेशन चौक पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार हुंकार भरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर टाटानगर स्टेशन मण्डल कांग्रेस के तत्वावधान में राजा ओझा के अध्यक्षता में टाटानगर स्टेशन चौक पर नुक्कड सभा का आयोजित की गई। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई का रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना कर हर घर के रसोई पर हमला कर दिया है। आज झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में सैकडों योजनाए धरातल पर गठबंधन सरकार के नेतृत्व में उतार दिए गए है। अब रहा भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री मोदी जी के कारनामें तो मोदी जी धड़ल्ले से सरकारी उपक्रम बेच रहें है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, आशीष ठाकुर प्रखण्ड अध्यक्ष जमशेदपुर ग्रामीण, दिनेश मिश्र, उदयनारायण मिश्र, राजेन्द्र पाण्डेय, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, आदि थे।

## सपने पूर्ण करने के लिए संघर्ष करें : फादर टोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जेवियर स्कूल गम्हरिया में आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच एक दिवसीय टॉक-शो कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉक्टर टोनी राज एसजे ने कहा कि आप सभी भविष्य में कुछ अच्छा करने के लिए सपने देखते हैं। उन सपनों को पूरा करने के लिए अभी से ही पूर्ण रूप से मेहनत और संघर्ष करें। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी अभी 13 से 20 साल के युवा हैं। यही समय आपके सुनहरे भविष्य को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने अपने सपनों को पूर्ण करने के लिए अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करने की जरूरत बताया।

# सीतारामडेरा गुरुद्वारा कमेटी भंग तीन सदस्य समिति प्रबंधन देखेगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भंग कर दी गई है और उसके प्रबंधन के लिए तीन सदस्य समिति का गठन कर दिया गया है। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से तीन सदस्य समिति में टीनप्लेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरजीत सिंह खुशीपुर, सलाहकार सुखविंदर सिंह राजू और निवर्तमान प्रधान बलबीर सिंह को रखा गया है। यह फैसला सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह ने सर्वसम्मति से लिया। हालांकि उभय पक्ष इस फैसले को लेकर कुछ असंतुष्ट भी नजर आए परंतु संगत भगवान सिंह के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट नजर आयी और बोले सो निहाल सत श्री अकाल का सिक्खी नारा देकर इसकी प्रवानगी प्रदान कर दी। इससे पहले कार्यकारी प्रधान बलबीर सिंह ने कमेटी भंग कर दी और उसके बाद किसी एक नाम पर सर्वसम्मति बनाने की कोशिश सरदार भगवान सिंह ने की। अविनाश सिंह विक्की गुट अड़ा हुआ था कि चुनाव करवाया जाए अन्यथा अविनाश को प्रधान घोषित कर दिया जाए। वही दूसरा पक्ष अड़ा हुआ था कि किसी एक नाम पर सहमति बनाई जाए। सहमति नहीं बनती है तो श्री गुरु ग्रंथ साहब के सामने उम्मीदवारों के नाम की पर्ची डाल दी जाए और जिस की पर्ची उठ जाए उसे प्रधान मान लिया जाए। लेकिन अविनाश सिंह ने पर्ची वाले फार्मूले को नकार दिया।

## तुलसी भवन में भारत की उदात्त ज्ञान परंपरा विषय पर विचार साधना सत्र आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** तुलसी भवन बिष्टुपुर में विचार साधना सत्र 2023 का आयोजन किया गया, जिसका विषय था भारत की उदात्त ज्ञान परंपरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार तिवारी (न्यासी तुलसी भवन) और संचालन तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी, धन्यबाद ज्ञापन विद्या सागर लाभ ने किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश सिन्हा संघ विचारक सह राज्यसभा सांसद थे। सबसे पहले अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना डॉक्टर रागिनी भूषण ने, स्वागत भाषण इन्द्रदेव प्रसाद, अध्यक्षीय भाषण अरुण कुमार तिवारी न्यासी, .मुख्य अतिथि का सम्मान सुभाष चंद्र मूनका ने किया। इस अवसर पर प्रो राकेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के इतिहास को कांग्रेस शासन में चयनित रूप से प्रस्तुत किया गया । मुग़ल काल को ही असली इतिहास बताया गया जिसमे क्रूरता है। इसलिए एनसीईआरटी द्वारा बदलाव आवश्यक है। भारत के उठा के फलक को बढ़ाने की ज़रूरत है प्राचीन भारत की उपलब्धियों को इतिहास से बाहर रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने औपनिवेशिक संरचना को हटाकर राष्ट्र की अस्मिता को समृद्ध करने का कार्य किया है

## टाटा स्टील ने कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट पर सेफ टॉक का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के सेफ्टी डिपार्टमेंट ने सोमवार को सुरक्षा जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सेफ टॉक का आयोजन किया।प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट शेयर्ड सर्विसेज, टाटा स्टील ने जमशेदपुर वर्क्स के अंदर स्टीलेनियम हॉल में कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट जर्नी एंड वे फॉरवर्ड पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने जीरो इंसीडेंट- जीरो हार्म कार्यस्थल के उद्देश्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख फोकस एरिया के रूप में कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट की उत्पत्ति के बारे में बताया। उन्होंने खतरों और स्थितियों को समझने की क्षमता में सुधार करने और कार्यबल के लिए 5ई (प्रबोधन, प्रोत्साहन, सशक्तिकरण, परिकल्पना और सहभागिता) का पालन करने पर जोर दिया, जो कार्यस्थल को शून्य नुकसान सुनिश्चित करेगा। सेफ टॉक का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। सत्र में 700 से अधिक अधिकारियों, प्रशिक्षुओं और अनुबंध कर्मचारियों ने शारीरिक रूप से भाग लिया, जबकि टाटा स्टील से 300 लोगों ने ऑनलाइन सत्र में भाग लिया। राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील ने अपनी समापन संबोधन में कहा कि सेफ टॉक को एक सुरक्षित कार्यस्थल के लिए मौजूदा प्रक्रिया में सुधार की दिशा में एक मंच के रूप में काम करना चाहिए।

## जमशेदपुर एफसी ने जेएसडब्ल्यू यूथ कप में रिलायंस फाउंडेशन यूथ चैंप्स को 4-2 से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर की अंडर15 टीम ने जेएसडब्ल्यू यूथ कप में अपनी पहली जीत दर्ज की. उन्होंने कर्नाटक के बेल्लारी में स्थित जेएसडब्ल्यू विद्यानगर फुटबॉल ग्राउंड में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स पर 4-2 से शानदार जीत दर्ज की. रिलायंस ने 21वें मिनट में मोहम्मद साकिब शेख के अच्छे प्रयास से गोल करके इस खेल में बढ़त बना ली, लेकिन जमशेदपुर ने तुरंत वापसी की, लीमापोकपम अयांगसाना मेइतेई ने 25वें मिनट में अपनी टीम के लिए बराबरी हासिल कर ली. बेंगलुरू एफसी के कप्तान मोहम्मद साकिब शेख खेल के दौरान अपने पक्ष में सबसे प्रेरित व्यक्ति की तरह दिख रहे थे और उन्होंने अकेले दम पर अपनी टीम को 57 वें मिनट में बराबरी दिलाई. हालांकि मैन ऑफ स्टील के युवा खिलाड़ियों ने लड़ाई जारी रखी और थिंगबैजाम सचिन सिंह ने 69वें मिनट में स्कोर 3-2 कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई. 72वें मिनट में रायन सी ने जमशेदपुर एफसी को 4-2 से आगे कर दिया और टीम की लगभग पक्की कर दी. यह टूर्नामेंट में अंडर15 की पहली जीत थी और वह तीन मैचों में 4 अंक के साथ बेंगलुरू एफसी और राउंडग्लास पंजाब के साथ आ गाई है.

## संपादकीय

# अतीक का 'हत्यावादी' अंत

**माफिया** अतीक अहमद की जिंदगी का यह सबसे नाटकीय घटनाक्रम रहा। पुलिस के सख्त पहरे और चौतरफा घेरेबंदी के बावजूद, किसी ने मीडिया का मुखौटा धारण कर, अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर गोलियां चला दीं और कुछ ही सेकंड में जिंदगियां निष्प्राण हो गईं। माफिया के रूपक बने दोनों भाई मारे गए। गोलीबारी करने वाले 'जय श्रीराम' का उद्घोष करते रहे, जाहिर है कि ये किसी हिंदूवादी संगठन के सदस्य होंगे! यह हत्यावादी हमला भी किसी साजिशाना रणनीति का हिस्सा हो सकता है! अतीक और अशरफ को 'लाश' बनाने वालों ने आत्म-समर्पण भी कर दिया। उन पर हत्या का मुकदमा चल सकता है। साक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच के आदेश दिए हैं। बेशक अतीक की माफियागीरी का फिलहाल अंत हो चुका है, लेकिन उसके चार बेटे (दो बालिग, दो नाबालिग) पुलिस की गिरफ्त में हैं। जब भी वे जेल से मुक्त होंगे, क्या वे भी माफियागीरी का रास्ता अख्तियार करेंगे? क्या इस तरह अतीक और अशरफ की मौत भी एक सांप्रदायिक मुद्दा बन सकती है? क्या सपा, बसपा और ओवैसी इस मौतकांड को 'मुस्लिमवाद' के तौर पर प्रचारित करेंगे? अतीक को मुलायम सिंह यादव और मायावती सरीखे नेताओं का संरक्षण हासिल था, जिसकी छाया में वह माफिया बनता चला गया। अतीक के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक केस बताए जा रहे हैं। करीब दर्जन भर राज्यों में अतीक की ठेकेदारी भी माफियागीरी की तर्ज पर चलती रही। उसने अपराध और कारोबार से करोड़ों रुपए अर्जित किए। उप्र सरकार का दावा है कि वह 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की अतीक की संपत्ति को जब्त कर चुकी है। बुलडोजर से न जाने कितना नुकसान किया होगा, लेकिन इस माफिया कांड का सबसे महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या किसी अपराधी की आपराधिक और दंडनीय नियति पुलिस और सरकार ही तय कर सकती है? दरअसल भारत के दंड-विधान और संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो मुठभेड़ और मानवीय हत्या की इजाजत देता हो। हम मुठभेड़ या फांसी पर लटकाने की प्रक्रियाओं के खिलाफ हैं। हालांकि कानून में पुलिस को कुछ विशेषाधिकार दिए गए हैं, जो आत्मरक्षा या अपराधी के भाग जाने अथवा किसी अन्य अपरिहार्य स्थितियों में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। हम हरेक मुठभेड़ या इस तरह की हत्या को 'फर्जी' या 'सांप्रदायिक' करार देने के भी पक्ष में नहीं हैं। हालांकि अतीक और उसके बेटे असद की हत्याओं के संदर्भों में सर्वोच्च अदालत के दिशा-निर्देश गौरतलब हैं। मुठभेड़ और हत्या होने के बाद धारा 176 के तहत, मामले की, अनिवार्य रूप से न्यायिक जांच की जानी चाहिए। क्या मुख्यमंत्री का आदेश पर्याप्त है? मुठभेड़ हो, तो उसकी रपट धारा 190 के तहत अधिकार-क्षेत्र वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट को भेजी जानी चाहिए। राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों को भी इसकी रपट भेजी जानी चाहिए। मुठभेड़ के बाद प्राथमिकी तुरंत दर्ज की जानी चाहिए और उसे धारा 157 के तहत, बिना किसी देरी के, अदालत को भेजनी चाहिए। बुनियादी तौर पर यह मामला मुठभेड़ का है, क्योंकि 24 फरवरी के उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े सभी 6-8 आरोपितों को मुठभेड़ के जरिए या हत्या कर समाप्त किया गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने 23 मार्च, 2022 को राज्यसभा को अवगत कराया था कि देश भर में बीते छह सालों के दौरान मुठभेड़ के 813 केस दर्ज कराए गए हैं। ऐसे मामले बीते दो साल में करीब 70 फीसदी बढ़े हैं। अप्रैल, 2016 के बाद से हर तीसरे दिन औसतन एक मुठभेड़ जरूर हो रही है। कोरोना महामारी के 'चरम' के दौरान मुठभेड़ें और हत्याएं कम हुई थीं, लेकिन औसतन मुठभेड़ें-हत्याएं अब फिर बढ़ रही हैं। अतीक का विषय इतना महत्त्वपूर्ण नहीं है, लेकिन इससे कानून और संविधान के सरोकार जुड़े हैं।

अतीक और अशरफ को 'लाश' बनाने वालों ने आत्म-समर्पण भी कर दिया। उन पर हत्या का मुकदमा चल सकता है। साक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट और सार्वजनिक हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक आयोग से जांच के आदेश दिए हैं। बेशक अतीक की माफियागीरी का फिलहाल अंत हो चुका है, लेकिन उसके चार बेटे (दो बालिग, दो नाबालिग) पुलिस की गिरफ्त में हैं। जब भी वे जेल से मुक्त होंगे, क्या वे भी माफियागीरी का रास्ता अख्तियार करेंगे? क्या इस तरह अतीक और अशरफ की मौत भी एक सांप्रदायिक मुद्दा बन सकती है? क्या सपा, बसपा और ओवैसी इस मौतकांड को 'मुस्लिमवाद' के तौर पर प्रचारित करेंगे? अतीक को मुलायम सिंह यादव और मायावती सरीखे नेताओं का संरक्षण हासिल था, जिसकी छाया में वह माफिया बनता चला गया। अतीक के खिलाफ 100 से अधिक आपराधिक केस बताए जा रहे हैं। करीब दर्जन भर राज्यों में अतीक की ठेकेदारी भी माफियागीरी की तर्ज पर चलती रही। उसने अपराध और कारोबार से करोड़ों रुपए अर्जित किए। उप्र सरकार का दावा है कि वह 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की अतीक की संपत्ति को जब्त कर चुकी है।

## कुछ अलग

# अहम फैसलों का शो

**हिमाचल** दिवस के गुणात्मक फलक पर काजा भी कमोबेश प्रदेश की उन्हीं प्राथमिकताओं को आत्मसात कर रहा है, जो कहीं अन्यत्र भी ऐसे समारोहों की शर्त बन गई हैं। हिमाचल दिवस की वचनबद्धता से निकले उत्तर से कर्मचारी व पेंशनर्स तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता पा रहे हैं, तो हम यह मान चुके हैं कि जब भी प्रदेश को अहम फैसलों का शो करना है, तो लाभ की किश्तियां हमेशा कर्मचारियों को ढोएंगी। आखिर यही तो है हिमाचल की एकमात्र प्राथमिकता जिसके ऊपर सरकारें फिदा और बजट कुर्बान होता रहेगा। हम कर्मचारी राज्य बनकर सामाजिक व राजनीतिक प्रतिष्ठा की अहमियत में निर्णय लेते-लेते कितने कदम और चलेंगे, कोई नहीं जानता। हिमाचल दिवस से पूर्ण राज्यत्व दिवस की उपलब्धियों में प्रदेश अपना श्रृंगार करता रहा है, लेकिन सत्ता की ओहदेदारी में बजट की कृपा हमेशा कर्मचारी हितों के मानदंड पर खरी उतरती है। बेशक किसी भी राज्य के लिए कर्मचारी एक संपत्ति हो सकते हैं, लेकिन भविष्य के लिए उम्मीदों का सागर उठाए युवा पीढ़ी को हर लम्हे का प्रश्रय चाहिए। हिमाचल के हर अवसर की लागत का मुआयना करें, तो एक साथ कई तस्वीरों में बंटा प्रदेश दिखाई देता है। एक ओर प्रदेश की प्राथमिकताओं में सरकारी मशीनरी के मायने, व्यवहार, स्वभाव और लागत है, तो दूसरी ओर निजी क्षेत्र की उड़ान में अपेक्षाओं की खामोशी परवान चढ़ती है। ऐसे में स्वाभाविक है कि युवा पीढ़ी क्यों निजी क्षेत्र को अपनी प्राथमिकता बनाए। काजा की गूंज में सारी महंगाई तो नहीं आई, बल्कि एक खास वर्ग के लिए इसके एवज में क्षतिपूर्ति जरूर हो गई। महंगाई तो जीवन के हर कदम और रोजगार के हर अवसर पर अपनी घिनौनी शक्ल लिए खड़ी है, लेकिन प्रदेश का साहस व समर्थन ऐसे परिवारों के लिए सुनिश्चित है जो सरकारी क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं। प्रदेश का सारा गणित और गणित का मकसद अगर एक खास तपके की शरण में रहेगा, तो कौन स्वरोजगार, व्यापार या नवाचार की ओर बढ़ेगा। पहले ही ओपीएस के मजमून पर मेहनत-मजदूरी की कीमत घट रही है, क्योंकि अव्यवस्थित क्षेत्र में व्याप्त अनिश्चितता अब एक रोग की तरह अवांछित कर दी गई है। आज हिमाचल की आर्थिक विडंबना यह है कि जनता के सामने राज्य की प्राथमिकताएं उधार में जलेबी पका रही हैं। कर्ज उठाकर चार कदम चलना भी अगर फेफड़े फुला रहा है, तो दरियादिली के आलम में हम कब भविष्य की प्राथमिकताओं में यथार्थवादी होंगे। बेशक सुक्खू सरकार ने वाटर सैस और शराब की बिक्री से खजाने को भरने के अभिनव प्रयोग करने शुरू किए हैं, लेकिन आमदनी की लाभार्थी तो पूरी जनता होनी चाहिए। कहना न होगा कि हिमाचल को गौरवान्वित करते इतिहास से निकले हिमाचल से पूर्ण राज्यत्व दिवस अब संकल्प दिवस होने चाहिएं, ताकि आत्मनिर्भरता के रास्ते पर हर शख्स आत्मनिर्भर हो। हम चाहें तो मंदिरों की आय को कई गुना बढ़ा कर प्रदेश की आर्थिक प्राथमिकताओं को नए सिरे से सिंचित कर दें और चाहें तो नागरिक कर अदायगी का दायरा बड़ा करके आत्मनिर्भरता के डग भर लें। जो भी हो राज्य के संकल्प बड़े व व्यावहारिक बनाने के लिए प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। राज्य का खाद-पानी अगर आर्थिक आत्मनिर्भरता के पौधे उगाना सीख ले, तो वित्तीय बरकतें कमाई और खर्च में संतुलन पैदा कर सकती हैं।

## नई विदेश व्यापार नीति की तस्वीर को देखें तो इसमें कई प्रमुख बातें उभरकर दिखाई दे रही

# अब रुपया लगाएगा नई छलांग

डा. जयंती लाल भंडारी

नई विदेश व्यापार नीति के तहत सरकार ने निर्यात के दायरे को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने की घोषणा की है और वित्त वर्ष 2023-24 में 75 जिलों में एक्सपोर्ट हब बनाए जा सकते हैं। इससे निर्यात से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर हो सकेगी। सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की पहचान का काम पहले ही पूरा कर चुकी है। जिला स्तर पर निर्यात सुविधा विकसित होने से उस जिले के उत्पाद को आसानी से निर्यात किया जा सकेगा। ऐसे प्रयास से सभी राज्यों को निर्यात में हिस्सेदार बनने का मौका मिलेगा और वहां रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी। सरकार ने टाउंस ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस (टीईई) की लिस्ट में चार नए शहर शामिल किए हैं। फरीदाबाद को अपैरल, मुरादाबाद को हैंडीक्राफ्ट, मिर्जापुर को हैंडमेट कार्पेट और वाराणसी को हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट उत्पाद के लिए टीईई का दर्जा दिया गया है।

**देश** की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) एक अप्रैल से लागू की गई है। इससे निर्यात तेजी से बढ़ेंगे। जिस तरह नई विदेश व्यापार नीति से विदेश व्यापार रुपए में किए जाने संबंधी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत का रुपया दुनिया के मुद्रा बाजार में नई छलांग लगाएगा। डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलेगी। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के 18 देशों के साथ रुपए में व्यापार की सहमति बन चुकी है और रूस, श्रीलंका व मारीशस के साथ रुपए में व्यापार शुरू हो गया है। गौरतलब है कि पिछली विदेश व्यापार नीति 1 अप्रैल 2015 को लागू की गई थी और इसके समाप्त होने की तिथि 2020 थी, लेकिन कोरोना वायरस आने के कारण सितंबर 2022 में इसे 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया गया। अब सरकार ने नई एफटीपी नीति को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नए निर्देशों और नियमों के अनुरूप बनाया है। यदि हम नई विदेश व्यापार नीति की तस्वीर को देखें तो इसमें कई प्रमुख बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। पहले विदेश व्यापार नीति पांच वर्षों के लिए होती थी, लेकिन अब नई नीति की कोई अंतिम तारीख नहीं है। इसमें उपयुक्तता अनुरूप परिवर्तन किए जा सकेंगे। नई विदेश व्यापार नीति के तहत सरकार ने निर्यात के दायरे को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने की घोषणा की है और वित्त वर्ष 2023-24 में 75 जिलों में एक्सपोर्ट हब बनाए जा सकते हैं। इससे निर्यात से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर हो सकेगी। सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की पहचान का काम पहले ही पूरा कर चुकी है। जिला स्तर पर निर्यात सुविधा विकसित होने से उस जिले के उत्पाद को आसानी से निर्यात किया जा सकेगा। ऐसे प्रयास से सभी राज्यों को निर्यात में हिस्सेदार बनने का मौका मिलेगा और वहां रोजगार में भी बढ़ोतरी होगी। सरकार ने टाउंस ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस (टीईई) की लिस्ट में चार नए शहर शामिल किए हैं। फरीदाबाद को अपैरल, मुरादाबाद को हैंडीक्राफ्ट, मिर्जापुर को हैंडमेट कार्पेट और वाराणसी को हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट उत्पाद के लिए टीईई का दर्जा दिया गया है। इसके पहले 39 शहरों को टीईई का दर्जा प्राप्त है। ई-कॉमर्स के माध्यम से होने वाले निर्यात के प्रोत्साहन के लिए अलग से ई-कॉमर्स जोन की स्थापना का भी ऐलान किया गया है। कूरियर सेवा के माध्यम से होने वाले निर्यात की वैल्यू लिमिट को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति



खेप कर दिया गया है। ऐसे में ई-कॉमर्स निर्यात 2030 तक 200 से लेकर 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। खास बात यह भी है कि नई एफटीपी के तहत आवेदनों का डिजिटलीकरण किया जाएगा तथा आवेदकों को स्वचालन प्रणाली के जरिए मंजूरी दी जाएगी। पहले निर्यात संबंधी विभिन्न मंजूरियों से तीन दिन से लेकर एक महीने का समय लगता था, अब यह मंजूरी एक दिन में मिलेगी। निर्यातक खुद ही वस्तुओं को सत्यापित कर सकेंगे। निर्यात लाइसेंस शुल्क में कटौती की गई है। पहले शुल्क 1000 से 10000 रुपए देना होता था, अब केवल 100 से 5000 रुपए देने होंगे। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए शुल्क में भी बड़ी कटौती की गई है। मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। अब निर्यातक उन वस्तुओं का निर्यात भी कर सकेंगे जिनके निर्यात पर भारत में प्रतिबंध होगा। निर्यातक देश में प्रतिबंधित वस्तुओं को किसी एक देश से खरीदकर दूसरे देश में बेच सकेंगे। निर्यातक पुराने सभी बकायों को विशेष रियायत स्कीम के तहत 30 सितंबर तक चुकाकर लाभान्वित हो सकेंगे। निश्चित रूप से इस समय जब नई विदेश व्यापार नीति लागू की गई है, तब वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत के निर्यात बढने की कई अनुकूलताएं भी हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2021-22 में उत्पाद एवं सेवा निर्यात का जो मूल्य करीब 676 अरब डॉलर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में बढक़र 760 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है। भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। देश से उच्च इंजीनियरिंग निर्यातों, परिधान और वस्त्र निर्यात आदि से संकेत मिलते हैं कि यह धारणा धीरे-धीरे बदल रही है कि भारत प्राथमिक जिंसों का ही बड़ा निर्यातक है। अब भारत के द्वारा अधिक से अधिक मूल्यवर्धित और उच्च गुणवत्ता वाले सामानों का निर्यात भी किया जा रहा है। खास बात यह है कि कोविड-19 के कारण भारत के सेवा निर्यात में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। कोविड-19 के बाद दो साल में कुल आईटी सेवाओं के निर्यात में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह भी महत्वपूर्ण है कि नई विदेश व्यापार नीति से भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के बड़े बाजार के रूप में दिखाई दे सकेगा। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है। वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है तथा अब नई विदेश व्यापार नीति से कृषि निर्यात नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले वर्ष 2022 में देश से निर्यात बढ़ाने में भारत के द्वारा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की भी प्रभावी भूमिका रही है। जहां कई उभरते हुए वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भारत के निर्यात वृद्धि हित में हैं, वहीं चीन के प्रति वैश्विक नकारात्मकता और अमेरिका और कई अन्य देशों के साथ चीन के व्यापार संबंधों में कड़वाहट का भी भारत से निर्यात बढ़ाने में लाभ होगा। निश्चित रूप से अब नई विदेश व्यापार नीति के तहत महत्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्य पाने के लिए हमें कई बातों पर ध्यान देना होगा। हमें देश से निर्यात बढ़ाने के लिए अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने, शोध और नवाचार तथा श्रमशक्ति को नई डिजिटल कौशल योग्यता से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढना होगा। देश के उद्योग-कारोबार जगत के द्वारा प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) का अधिकतम लाभ लेते हुए इसके कारगर क्रियान्वयन से चीन से व्यापार असंतुलन कम करने के लिए अधिकतम प्रयास करने होंगे। अब भारत के द्वारा यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा डिजिटल रुपए की जो प्रायोगिक शुरुआत हुई है, उसे अब शीघ्रता से विस्तारित करना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा निर्यातकों की निर्यात लाभों का दावा रुपए में करने में सक्षम बनाए जाने संबंधी जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, उनके कारगर क्रियान्वयन से भारत के निर्यात बढ़ते हुए दिखाई देंगे।

# विश्वसनीयता की कसौटी पर भारतीय मीडिया

मीडिया की नजर तीनों स्तम्भों के जिम्मेवारी, निष्ठा तथा पक्षपात रहित कार्य करने पर रहती है। मीडिया द्वारा प्रदत जानकारी तथा जागरूकता के पश्चात निर्णय लेने की शक्ति जनता के विवेक तथा निर्णय पर निर्भर करती है। मीडिया जनता, चुने हुए प्रतिनिधियों, प्रशासन तथा न्यायिक व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर रखते हुए सभी के बीच एक सेतु का कार्य करता है। लोकतन्त्र का घेरा लोगों द्वारा बनाई गई विधायिका से चलकर कार्यपालिका, न्यायपालिका व मीडिया से होते हुए पुन : लोगों के पास ही आ जाता है। भारत में इन सभी को मिलाकर एक मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र का निर्माण होता है। प्रेस, पत्रकारिता या मीडिया संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता और अभिव्यक्ति के तहत भारत के संविधान द्वारा दिए गए मूल अधिकारों को संदर्भित करते हुए स्वतन्त्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करती है और लोगों को सरकार या उसके विरुद्ध अपनी राय देने की अनुमति प्रदान कर लोकतन्त्र को मजबूत करती है। भारत में प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। देश के लोगों की सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, संप्रभुता और देश की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए इसमें अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंध भी लगाए गए हैं।

**भारत** वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस देश को संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलाने के लिए चार मुख्य एवं महत्त्वपूर्ण स्तम्भों विधानपालिका कार्यपालिका, न्यायपालिका तथा प्रेस यानी मीडिया का निर्माण किया गया। संविधान में इन सभी के कार्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं तथा ये चारों एक-दूसरे के बीच हस्तक्षेप नहीं करते। विधानपालिका देश के संचालन के लिए कानून का निर्माण करती है। कार्यपालिका के माध्यम से बनाए गए नियम या कानून सभी के लिए समान रूप से क्रियान्वित एवं लागू होते हैं। यह कानूनों को जनता में पहुंचाने, पालन करवाने तथा समान रूप से लागू करने का कार्य करती है। न्यायपालिका बनाए गए कानूनों की व्याख्या तथा कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन होने पर सजा का प्रावधान करती है। इससे कोई भी व्यक्ति शक्ति, प्रभाव या धन बल के आधार पर कानून का उल्लघंन नहीं कर सकता। प्रेस यानी पत्रकारिता या मीडिया को लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मान्यता मिली है। यह लिखित एवं दृष्य एवं श्रव्य संसाधनों के माध्यम से स्वतन्त्र रूप से विधानपालिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका पर नजर रखता है। मीडिया की नजर तीनों स्तम्भों के जिम्मेवारी, निष्ठा तथा पक्षपात रहित कार्य करने पर रहती है। मीडिया द्वारा प्रदत जानकारी तथा जागरूकता के पश्चात निर्णय लेने की शक्ति जनता के विवेक तथा निर्णय पर निर्भर करती है। मीडिया जनता, चुने हुए प्रतिनिधियों, प्रशासन




तथा न्यायिक व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर रखते हुए सभी के बीच एक सेतु का कार्य करता है। लोकतन्त्र का घेरा लोगों द्वारा बनाई गई विधायिका से चलकर कार्यपालिका, न्यायपालिका व मीडिया से होते हुए पुनः लोगों के पास ही आ जाता है। भारत में इन सभी को मिलाकर एक मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र का निर्माण होता है। प्रेस, पत्रकारिता या मीडिया संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता और अभिव्यक्ति के तहत भारत के संविधान द्वारा दिए गए मूल अधिकारों को संदर्भित करते हुए स्वतन्त्र पत्रकारिता को प्रोत्साहित करती है और लोगों को सरकार या उसके विरुद्ध अपनी राय देने की अनुमति प्रदान कर लोकतन्त्र को मजबूत करती है। भारत में प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। देश के लोगों की सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, संप्रभुता और देश की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए इसमें अनुच्छेद 19 (2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। अनुच्छेद 19 में घोषणा के केंद्र में कहा गया है, 'हर किसी को राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। इस अधिकार में हस्तक्षेप के बिना राय रखने और किसी भी मीडिया माध्यम से और सीमाओं की परवाह किए बिना सूचना और विचारों को प्राप्त करने और प्रदान करने की स्वतंत्रता शामिल है।' मीडिया के अधिकार 'फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड एक्सप्रेशन' के अन्तर्गत आते हैं। अभी हाल ही में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में मीडिया वन मलयालम चैनल के प्रसारण पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए प्रतिबंध को हटाते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की आजादी जरूरी है। देश के सामने सच बोलना प्रेस का कर्तव्य है तथा इससे राष्ट्र को कोई खतरा नहीं है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सरकार की नीतियों की आलोचना करना कोई सत्ता का विरोध नहीं है। प्रेस की स्वतन्त्रता को बल देता हुआ यह फैसला ऐतिहासिक तो है लेकिन इसके साथ ही प्रेस को अपनी सीमाओं, मर्यादाओं तथा अधिकार क्षेत्र में रह कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना भी उतना ही आवश्यक है। यह सही है कि मीडिया विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम है। यह व्यक्ति एवं निकायों को उनके कार्यों और हकों के लिए आवाज देता रहता है। मीडिया आम आदमी की आवाज है जो सामान्य व्यक्ति को सूचनाओं तथा समाचारों के साथ अभिव्यक्ति का एक सहासिक एक मंच प्रदान करता है। मीडिया संवैधानिक व्यवस्था पर नजर रख कर प्रहरी का कार्य करता है लेकिन राष्ट्रीय चरित्र तथा नैतिकता की दृष्टि से वर्तमान में मीडिया को भी अपना आत्म अवलोकन तथा आत्म विश्लेषण कर स्वयं में कुछ प्रश्नों का उत्तर ढूंढने का प्रयास करना चाहिए ताकि उसका सम्मान, गरिमा तथा विश्वसनीयता बनी रहे। वर्तमान में क्या यह सत्य नहीं है कि आज देश की जनता हर रोज 'फेक' न्यूज का शिकार होकर गुमराह होती है। क्या यह सत्य नहीं है कि मीडिया का भी राजनीतिकरण हो गया है? क्या यह भी सत्य नहीं है कि टीवी चैनल एवं समाचार पत्र राजनैतिक विचारधाराओं से प्रभावित हैं? क्या यह भी सत्य नहीं है कि आज मीडिया को 'गोदी मीडिया' पुकार कर मीडिया का उपहास उड़ाया जाता है? क्या यह सत्य नहीं है कि सुनियोजित तरीके से राष्ट्रीय, सामाजिक तथा विकासात्मक मुद्दों से हटकर जनता का ध्यान भटकाया जाता है? क्या यह भी खुला सत्य नहीं है कि बड़े से बड़े राजनैतिक, सुरक्षा, राष्ट्रीय तथा संगीन मामलों का कानून के दायरे तथा न्यायालय में जाने से पहले ही मीडिया ट्रायल हो जाता है? मीडिया हाउस बड़े-बड़े धन्ना सेठ चलाते हैं। उनकी तथा राजनैतिक दलों की अनुमति के बिना कुछ भी नहीं छप सकता। 'पेड न्यूज' का बोलबाला हो गया है। वर्तमान में घृणा, अपराध, झूठे आरोप, गलत चित्रण, चरित्र हनन तथा फर्जी समाचार आदि के कारण बहुत से मुकद्दमे न्यायालयों के सामने आए हैं। मीडिया को राष्ट्र तथा समाज के सामने बिना पक्षपात तथा भेदभाव से सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करनी चाहिए, नहीं तो जनता गुमराह ही होती है। इससे मीडिया की गरिमा एवं विश्वसनीयता कम होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि देश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की स्वतंत्रता के बिना मजबूत एवं स्वस्थ लोकतंत्र का चलना संभव नहीं है, तथापि यह भी बहुत आवश्यक है कि मीडिया भी अपनी भूमिका निष्ठा, ईमानदारी, भेदभाव तथा पक्षपात रहित होकर निभाए। इससे लोकतन्त्र के हितों की रक्षा के साथ लोकतन्त्र के प्रहरी के रूप में गरिमा तथा विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। देश के निर्माण में मीडिया की भूमिका को बिल्कुल नकारा नहीं जा सकता, लेकिन लोकतन्त्र के इस चौथे स्तम्भ को और अधिक सशक्त तथा मजबूत बनाने की जिम्मेदारी भी मीडिया की ही है। लोकतन्त्र की सही स्थापना तथा प्रतिष्ठा के लिए सभी व्यक्तियों, समाजों, मतों, सम्प्रदायों, धर्मों तथा राजनैतिक दलों का जीवित रहना बहुत आवश्यक है। स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र की सशक्त भूमिका निभाते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक प्रेस का होना बहुत आवश्यक है।

## नागरिक बोध

# मुर्दों से संवाद

**अचानक** सभी मुर्दे कब्रों से बाहर आ गए, यह देखकर कब्रिस्तान की देखभाल कर रहा व्यक्ति भी हैरान था। वह इसे ऐतिहासिक घटना मान रहा था और सोचने लगा कि अगर इसी तरह कब्रें मुर्दाविहीन हो जाएं, तो कितनी आसानी से इतिहास को बदला जा सकता है। मुर्दे जब कब्र में डाले गए थे, तो एकदम संवेदनहीन होकर और सपनों के मरने से मरे थे, लेकिन यह कैसी नौबत आ गई कि कब्रें अब मुर्दों को विचलित कर रही हैं। हम अपने जीवन में अस्तित्व की खोज करते हैं या इसकी रक्षा में दुनिया को परेशान करते हैं, लेकिन एक मुर्दा ही है जिसका कोई अस्तित्व नहीं होता, लेकिन आज कब्रों से बाहर आ गए सभी मुर्दों को अस्तित्व की चिंता है। दरअसल जिस दिन से अपने देश में एक दूसरे के लिए एडवांस में कब्र खोदने की प्रतियोगिता शुरू हो गई है, कब्रें कांपने लगी हैं। कांपती कब्रों में मुर्दा कैसे शांति से सो सकता है। आज तक यूं तो कोई जान नहीं सका कि क्या शांति का ताल्लुक कब्र से है या कब्र के कारण हम शांत हो सकते हैं। जो भी हो मुर्दे पहली बार बोल रहे थे, 'भले ही देश को रामभरोसे चला लो, लेकिन कब्र को कब्र बनाए रखने के लिए तो कम से कम देश की व्यवस्था को सुधार लो।' यहां मसला देश की व्यवस्था से कहीं ज्यादा इतिहास का था। कब्रिस्तान की देखभाल कर रहे व्यक्ति ने मुर्दों को समझाया कि वे कब्र में लौट जाएं, लेकिन जब वे किसी तर्क पर नहीं माने तो उसने मीडिया को बुला लिया। यह मीडिया के लिए भी एक अवसर था। वैसे भी मीडिया अब जिंदा के बजाय मुर्दा मुद्दों को कब्र से बाहर निकालने में पारंगत है। मीडिया संवाद के कब्रिस्तान तो वैसे भी बनने लगे हैं, लेकिन पहली बार मुर्दे खुद लाइव हो रहे थे। मुर्दों की गुमनामी में भी मीडिया को ऐसी खबर ढूंढनी थी जिससे उसके प्रायोजक, आयोजक और आका खुश हो जाएं, लेकिन उसे आशंका यह हो रही थी कि यहां भी पता नहीं किस युग के मुर्दे निकल आएंगे।

## देश दुनीया से

### अतीत में अतीक के साथ जो नेता जुड़े थे, कहीं उन्होंने तो दोनों भाइयों को खामोश नहीं करवा दिया?

**देश** जब अपने लोकतंत्र की स्थापना के लिए संघर्ष कर रहा था। राजनीतिक वातावरण अत्यधिक आवेशित था और राजनीतिक दल अपने विरोधियों पर बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थे। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में, कई राजनेता चुनाव जीतने में मदद करने के लिए आपराधिक तत्वों की ओर मुड़े। इसने भारत में राजनीति के अपराधीकरण की शुरुआत को चिह्नित किया। अतीक भी इसी से 'पैदा' हुआ था। जिसका आदि अंत हो गया। अतीक और उसके भाई अशरफ की मौत पर राजनीतिक दल अपने हिसाब से हो-हल्ला मचाते रहेंगे, लेकिन अतीक ब्रदर्स की हत्या को लेकर पुलिस को जवाब देना आसान नहीं होगा, उसे कोर्ट का भी सामना करना होगा। बाहुबली अतीक ब्रदर्स की पुलिस कस्टडी में हत्या को सिर्फ एक सनसनीखेज वारदात भर समझ के नहीं देखा जा सकता है। निश्चित ही इसके तार अतीक गुट के प्रतिद्वंद्वी माफिया गिरोह के अलावा कुछ सफेदपोश नेताओं और अधिकारियों से भी जुड़े हो सकते हैं। अतीक इतना बड़ा खूंखार अपराधी ऐसे ही नहीं बन गया था। उसे सियासी संरक्षण तो मिला ही हुआ था, इसके अलावा उसकी ब्यूरोक्रेसी से लेकर पुलिस महकमे तक में अच्छी पकड़ थी। जिसके बल पर करीब आधे दशक तक वह अपने दहशत का साम्राज्य स्थापित रखने में सफल रहा था। उमेश पाल हत्याकांड के समय भी अतीक अहमद और उसके परिवार के लोगों को राजनीतिक संरक्षण मिलने की बात सामने आई थी। अतीक अगर मुंह खोलता तो उसको संरक्षण देने वाले कई नेताओं और अधिकारियों के नाम उजागर होना तय था। इसी के चलते अतीक भाइयों को अगर मौत के घाट उतार दिया गया हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है। हत्या के बाद शूटरों का जो पहला बयान सामने आया था, उसमें वह कह रहे हैं कि वह बड़े माफिया बनना चाहते हैं। यह बयान हजम होने वाला नहीं है क्योंकि सब जानते हैं कि तीनों शूटरों को जेल की सलाखों के पीछे अपनी पूरी जिंदगी गुजारनी होगी और फांसी की सजा भी मिल सकती है। बहरहाल, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अधिकारी लगातार अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ से कई आपराधिक वारदातों के राज खुलवाने में लगे थे। यह भी पता करने की कोशिश कर रहे थे कि उनको कब-कब, किस-किस ने संरक्षण दिया था। अतीक अहमद और उसके परिवार का कई राजनीतिक दलों से संबंध रहा है। इसमें ओवैसी की पार्टी और अपना दल के अलावा सपा-बसपा जैसी बड़ी राजनीतिक पार्टियां भी शामिल हैं। मुलायम हों चाहे मायावती या अखिलेश, इस गुंडे को माफिया बनाने में इनकी पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन गुंडों में सपा, बसपा जैसे दलों के आकाओं को मुस्लिम वोट बैंक नजर आता था। अतीक ने अपने समुदाय के मध्य अपनी छवि एक ऐसे दबंग की बनाई थी जो दंगों के दौरान उसके समुदाय के लोगों की रक्षा कर सकता था। मतलब जितने अधिक दंगे होते थे उसकी लोकप्रियता उतनी अधिक बढ़ जाती थी। लोग यह स्पष्ट रूप से जानते हैं कि ये दंगे काफी कुछ प्रायोजित होते थे। इन दंगों के दौरान अतीक अहमद को प्रसिद्धि क्यों और कैसे मिली? उसने पहले अपने को अपने समुदाय के संरक्षक के रूप में स्थापित किया, अपना जनाधार बनाया और फिर उसे चुनाव में भुना लिया। 1979 में पहली बार अतीक अहमद पर जघन्य अपराध (हत्या) का मुकदमा दर्ज हुआ। अतीक उत्तर प्रदेश का पहला अपराधी था जिसके ऊपर 'गैंगस्टर एक्ट' लगाया गया। इसके लगभग दस वर्ष बाद, 1989 में इसने स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में इलाहाबाद पश्चिम विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ कर और विजयी होकर अपनी लोकप्रियता और समुदाय विशेष के जनाधार को भुना लिया। अब वह एक अपराधी, गुण्डा, हत्यारा नहीं बल्कि समुदाय विशेष का हीरो था। यूं तो कोई भी राजनीतिक दल दूध का धुला नहीं है, लेकिन अपराधियों को संरक्षण देने में समाजवादी पार्टी और उसके बाद बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में अग्रणी रही हैं। मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले अतीक को अपनी पार्टी में सम्मिलित किया।

बाहुबली अतीक ब्रदर्स की पुलिस कस्टडी में हत्या को सिर्फ एक सनसनीखेज वारदात भर समझ के नहीं देखा जा सकता है। निश्चित ही इसके तार अतीक गुट के प्रतिद्वंद्वी माफिया गिरोह के अलावा कुछ सफेदपोश नेताओं और अधिकारियों से भी जुड़े हो सकते हैं। अतीक इतना बड़ा खूंखार अपराधी ऐसे ही नहीं बन गया था। उसे सियासी संरक्षण तो मिला ही हुआ था, इसके अलावा उसकी ब्यूरोक्रेसी से लेकर पुलिस महकमे तक में अच्छी पकड़ थी।

संक्षिप्त खबरें

## एनडीपीएस के फरार अभियुक्त को गिद्धौर पुलिस किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** थाना कांड संख्या 29/17 के तहत दर्ज एनडीपीएस मामले में फरार चल रहे अभियुक्त कन्हैया उर्फ कन्हाई वर्मा को गिद्धौर पुलिस मनोज कुमार पाल एवं टिकवानंन्द भगत के द्वारा बाराबाकीं उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर गिद्धौर थाना लाया गया। और मंगलवार को चतरा न्यायालय भेज दिया गया है।

# हत्या के आरोपी हुए गिरफ्तार भेजे गए जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** छिपादोहर थाना क्षेत्र ग्राम मुंडू के बरवाटाड से रामप्रसाद कोरवा उर्फ गोरा पुजार उम्र 62.वर्ष का शव छिपादोहर पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पूर्व बरामद किया था और प्राथमिकी दर्ज जांच शुरू किया गया। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ दिलू लोहरा के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी करते हुए मृतक के हत्यारे मधेसर लोहरा उम्र 55 वर्ष ग्राम लादी विनोद लोहार लालमोहन लोहार दिपक लोहार सभी छिपादोहर थाना अंतर्गत ग्राम लादी के रहने वाले हैं, इन्हें गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के दौरान इन्होने मृतक पर आरोप लगाते हुए बताया कि रामप्रसाद कोरवा उर्फ गोरा पुजार गुणीओझा का काम करता था एक वर्ष पुर्व बिनोद लोहरा के पुत्र को तंत्र मंत्र कर के पागल बना दिया था जिसके कारण पुत्र की कुआं मे डुबने से मौत हो गई थी साथ ही हमलोगों का भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया था हमलोगों ने कई बार जमीन खाली करने के चेतावनी दी लेकिन वह नहीं माना उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास से संबंधित मामले, राशन कार्ड संबंधित, भूमि संबंधित, धान अधिप्राप्ति, अनुकम्पा से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## 14 साल का बालक लापता, परिजन परेशान



**इटखोरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत के गुल्ली गांव निवासी सिकेंद्रर यादव का पुत्र 14 वर्षीय बालक अमन यादव सोमवार से लापता है। काफी खोजबीन के बावजूद बच्चे का कोई अता-पता नही चल पाने से परिजन परेशान हैं। परिजनों ने बताया कि बच्चे को पितीज कलाली चौक पर से गायब है। जिसके बाद कोई सुराग नही है। साथ ही बच्चे के सकुशल बरामदगी को लेकर आम लोगों से मदद की गुहार भी लगाई है। परिजनों ने एक नबर जारी किया है। जिससे बच्चे मिलने पर संपर्क किया जा सके। 8294801725

## कल्याण शाखा में प्रतिं नियुक्त भोलेनाथ लागुरी को छात्रवृत्ति घोटाले में सरकार ने किया बर्खास्त

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कल्याण शाखा में 9.31 करोड़ रुपये के हुए छात्रवृत्ति घोटाले के दूसरे आरोपित तत्कालीन जिला कल्याण पदाधिकारी भोलानाथ लागुरी को सरकार ने किया बर्खास्त। भोलानाथ लागुरी वर्ष 2017 से थे निलंबित, सीएम ने कार्रवाई कर बर्खास्त किया है। दूसरे आरोपित जिला कल्याण पदाधिकारी दो साल पहले किया गया था बर्खास्त। वर्ष 2015 से लेकर 2018 के बीच चतरा जिला कल्याण शाखा में करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति का घोटाला किया गया था। तत्कालीन चतरा उपायुक्त जितेंद्र कुमार सिंह ने इसकी जांच कराई थी। जांच में 9.31 करोड़ रुपये के घोटाले की पुष्टि हुई थी। सरकार के निर्देश पर कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजसभा द्वारा टंडवा अंचल के तत्कालीन सीओ पर विभागीय कार्रवाई का निर्देश जारी किया है। जहां चतरा में बना मजाक एवं चर्चा का बना विषय बना है।

## अवैध खनन के विरुद्ध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त ट्रैक्टर मालिक पर मामला हुआ दर्ज



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बल बल के समीप मुहाने नदी से प्रखंड प्रशासन के छापामारी अभियान में अवैध खनन के विरोध अवैध तरीके से बालू लदा एक ट्रैक्टर अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक एवं थाना प्रशासन के दल बल के लोगों ने जप्त किया है जिसका कांड संख्या 31/23के में मामला दर्ज किया गया है।

## गुरु गोष्टी व कृमि मुक्ति दिवस का दिया गया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारीयातू :** बारीयातु प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय ,बारियातू के सभागार परिसर में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापको का गुरु गोष्टी एवं कृमि मुक्ति दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सभी प्रधानाध्यापक निम्न प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए। मर्ज विद्यालय की सुची, रसोईया के जाब कार्ड की सुची, किसके पास है या नहीं, नया खाता आधार रिपोर्ट, कितना का नया खुला है कितना का बाकी है, पोषण वाटिका, पोषण शक्ति निर्माण से संबंधित रिपोर्ट, जिन विद्यालयों में पोषण वाटिका से संबंधित कार्य हो रहा है या हो गया है, उसका मोबाइल के माध्यम से फोटो व वीडियो और जिन विद्यालयों में कार्य नहीं हो रहा है उसका कारण सहित रिपोर्ट। इस बैठक में सीएचसी बालुमाथ के एमपीडब्ल्यू नितेंद्र सिन्हा व प्रवीण कुमार ने कृमि मुक्ति दिवस का प्रशिक्षण दिया उन्होंने कृमि नाशक गोली के मात्रा, उसे खिलाने का समय एवं, इसके लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही एनडीडी के गोली का वितरण किया गया जिसे 20.05.2023 को सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को खिलाना है।, इस महत्वपूर्ण बैठक में सीआरपी प्रकाश कुमार, नागेन्द्र कुमार बीपीओ विरेन्द्र भगत आर टी मनोज कुमार महतो प्रभारी एमडीएम प्रभारी एवं मेडिकल प्रभारी एवं सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित हुए।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने तीन प्रखंडों के डीलरों साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में मंगलवार 17 अप्रैल को जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जैफर खिजरी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने तीन प्रखंड गिद्धौर,पत्थलगड़ा और कन्हाचट्टी के सभी डीलरों के साथ बैठक किया। जहां डीएसओ ने डिलरों को कई निर्देश दिए। सर्वप्रथम प्रत्येक महीना के 20 तारीख से पहले सभी डीलर लाभुकों तक सत प्रतिशत अनाज वितरण कर देवें। जो डीलर शत प्रतिशत अनाज का वितरण नहीं किए हैं उन्हें जमकर फटकार लगाई गई।और जल्द से जल्द अनाज वितरण करने के लिए निर्देश दिया गया।उसके बाद बताएं कि ग्रीन कार्ड धारियों का भी इस माह से अनाज अलॉटमेंट हो चुकी है।जो सभी ग्रीन कार्ड धारी लाभुकों को अनाज का लाभ मिल सकेगा। तो वही डीलरों ने डीएसओ से शिकायत किया। कि अंगूठा लगाने वाला मशीन में बहुत ज्यादा गड़बड़ी रहती है। जिससे हम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे सुधार करवाया जाए। वही पुनः डीएसओ ने बोले की सुखी संपन्न परिवार अपने स्वेच्छा से अपना लालकार्ड डीलर पास एवं एम ओ डी एस ओ के पास वापस कर दें। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तो वही कार्ड में मृत लोगों एवं कन्याओं का नाम सुवेंक्षा से हटा लें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी लाभुकों को ना हो। मौके पर उपस्थित गिद्धौर डीलर संघ के अध्यक्ष अवध कुमार दांगी, सचिव कृष्ण कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कन्हाचट्टी अध्यक्ष सुरेश यादव पत्थलगड़ा अध्यक्ष सीताराम दांगी के साथ सैकड़ों डीलर उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में स्कुल छुट्टी का समय बच्चों के लिए कहीं बन न जाए काल



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में अंगारे बरसाती भीषण गर्मी में जहां 11 बजते ही धरती गर्म तावे जैसी तपने लगी है और गर्मी के सभी रिकॉर्ड तोड रहा है।वही ऐसी गर्मी में स्कूली बच्चो के छुट्टी का समय कहीं बच्चों के लिए काल न बन जाए।गौरतलब है कि प्रखंड अंतर्गत सभी स्कूल में एक अप्रैल से नए टाइम टेबल से पढाई शुरू कर दी गई है।जिसमे कक्षा एक से 12 तक के बच्चे स्कुल जा रहे हैं।मार्निग क्लास में स्कुल 7 बजे से शुरू हो जा रही हैं ।वही अब बच्चों को एक बजे तपतपाती गर्मी में छुट्टी मिल रही हैं। एक तरफ मौसम विभाग इस रिकार्ड तोड गर्मी में सुबह 11 बजे के बाद बच्चों और बुजुर्गो को गर्मी से बचने और घर में रहने की सलाह दे रहा है जो कि सरकार के द्वारा भी काफी गर्मी को देखते हुए गाइड लाइन जारी किया गया उसके वाजूद प्राभेट स्कुलों में सरकार का भी गाइड लाइन को ठेंगा देखाते हुए नजर आ रहे हैं । वही दूसरी तरफ प्रखंड की सभी विद्यालय मार्निग क्लास के बाद भी भरी दुपहरी में एक बजे छुट्टी दे रही है।कई बच्चे तीन से चार किलोमीटर सफर कर स्कुल जाते हैं।ऐसे में दोपहर एक बजे छुट्टी देना इन बच्चों को तपतपाती गर्मी झेलने को विवश कर रहा है। जो इन बच्चों के लिए घातक बन सकती है।बच्चे सन स्ट्रोक और हीट वेब की चपेट में आकर बीमार भी पड़ सकते हैं। एक तरफ कहर ढाती भीषण गर्मी दुसरी तरफ तपती दुपहरी में स्कुल की छुट्टी में तपती गर्मी में जाकर बच्चों को स्कुल से लाने में अभिभावकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अभिभावकों का कहना है कि दो वर्ष कोरोना ने बच्चों की पढाई छीन ली है। अब स्कुल का ये छुट्टी टाइम बच्चों को बीमार कर देगा,अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन से स्कुल के छुट्टी टाइमिंग पर हस्तक्षेप कर इसे कमसे कम 11 बजे कराने की आग्रह किया है। अभिभावक का कहना है कि स्कुल सात बजे शुरू कर 11 बजे छुट्टी मिल जाए,वहीं कक्षा एक से चार तक छोटे बच्चों को दस बजे तक छुट्टी मिल जाए तो बच्चे गर्मी की मार से बच सकते हैं।

## मोबाइल टावर कनेक्टिविटी से संबंधित समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में मोबाइल टावर अधिष्ठापन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में LWE क्षेत्र में मोबाइल टावर के अधिष्ठापन तथा 4G मोबाइल टावर के अधिष्ठापन के लंबित मामलों से संबंधित समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने मोबाइल टावर अधिष्ठापन हेतु प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया एवं स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की तथा मोबाइल टावर अधिष्ठापन संबंधित सरकार के जारी गाइड लाइन्स का अनुपालन करने की बात कही गई। उन्होंने मोबाइल टावर अधिष्ठापन की प्रक्रिया तथा भूमि की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदन की स्वीकृति, सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं शर्तों के आधार पर अनुमोदित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप व अन्य उपस्थित थे।

## डीसी अबू इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नव चयनित शिक्षकों के पदस्थापन हेतु विचार-विमर्श किया गया।बैठक में समिति द्वारा कुल 8 शिक्षकों के पदस्थापन के मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की आवयश्कता अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पदस्थापित किया गया।वहीं बैठक में उपायुक्त ने स्कूली बच्चों पर बढ़ते गर्मी के प्रभाव पर चिंता जताते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों के टाइम टेबल को प्रतिकूल बनाने हेतु विशेष कदम उठाने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकरी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## खतियान महाजुटान कार्यक्रम गुरुवार को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** खतियानी महाजुटान कार्यक्रम में बालूमाथ से सैकड़ो लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन लातेहार के मुरुप ग्राम स्तिथ नीमटांड मैदान में किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खतियानी महजुटान के बालूमाथ प्रभारी शिबू उराँव ने बताया कि 1932 खतियान लागू कराने को लेकर लोगो को जागरूक करने को लेकर छात्र नेता जयराम महतो पहुंचेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने की लड़ाई झारखंडी जनता लड़े थे तो उन्होंने एक सपना देखा था कि झारखंड एक अलग राज्य बनेगा तो अपना राज होगा। झारखंड के लोगों को रोजगार, नौकरी में मौका मिलेगा ।झारखंड के शासन-प्रशासन में झारखंडी की भागीदारी होगी। कार्यपालिका विधायिका में अपने लोग आएंगे ।जल,जंगल,जमीन का अधिकार मिलेगा ।दुर्भाग्य से झारखंड बने 22 साल बाद भी मजदूरी करने के लिए यहां के लोग बाहर जाते है ।फिलहाल जो झारखंड राज्य सरकार ने 60-40 की नीति लाई है ।जो घोर झारखंड विरोधी है ।जबकि सभी खतियान आधारित क्षेत्रीय भाषाओं की पूर्णता लागू कराने के लिए नियोजन नीति के अनुसार 40त्न बाहरी राज्यों वालों को ही देना है ।तो सवाल है कि झारखंड क्यों बनाया इतना बलिदान शहादत हमारे पूर्वजों ने दिया। कैसे झारखंड की जल जमीन खनिज पर झारखंड का अधिकार कायम हो ।नियोजन नीति एवं अन्य रोजगार शासन प्रशासन में भागीदारी हो। इसको लेकर आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने छात्र नेता जयराम महत्व की आयोजित सभा में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है। नहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बालूमाथ से संतोष गंझु, महेश्वर उरांव, शंकर, उराँव राम, जयपाल उरांव,जय मंगल उरांव, ललकु महतो, मो0नजीर हुसैन, नरेश उराँव, प्रकाश भोक्ता, कौशल्या देवी, राजेश ठाकुर, विजय यादव, विनोद उरांव, अरुण महतो, राजकिशोर महतो, संजय उराँव, भुनेश्वर नायक उदय बैठा सहित कई लोग गांव-गांव घूमकर प्रचार कर रहे है।

## राशन नहीं देने का आरोप कार्रवाई की मांग ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया आवेदन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** प्रखण्ड अंतर्गत पतरातू में सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह के नाम से संचालित जनवितरण प्रणाली दुकान के द्वारा हर माह राशन नहीं देने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर किया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि चार माह से कार्डधारियों के बीच राशन का वितरण नहीं किया जा रहा हैं डीलर के द्वारा गिने चुने कार्डधारकों को राशन दिया जाता हैं बाकी सभी कार्डधारकों को आज कल का आश्वासन देकर टाल मटोल कर वापस भेज दिया जाता हैं।डीलर के द्वारा कार्डधारियों को धमकी भी दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की मांग किया है। अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम इसकी जांच कर लोगों को राशन दिलवाने के काम करेंगे।एवं मामले को जांच पड़ताल करते हुए डीलर पर उचीत कार्रवाई किया जाएगा। वहीं आवेदन में वार्ड सदस्य मुकेश भगत, सुमंती देवी समेत दर्जनाधिक महिला पुरुष ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

# सड़क दुर्घटना व उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम हेतु प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला स्थित डीटीओ कार्यालय में सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली मृत्यु के रोकथाम हेतु दिन मंगलवार को परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया गया की लातेहार जिला में वर्ष 2021 में कुल 112 सड़क दुर्घटनाएं में कुल 92 मृत्यु हुई है एवं 2022 में लातेहार जिले में कुल 127 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 106 मृत्यु हुई हैं। जहाँ 2021 की तुलना में2022 में 15 सड़क दुर्घटनाएं एवं कुल 16 म्रत्यु की बढ़ोत्तरी हुई है।ये आकड़ें चिंताजनक है क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी का मुख्य कारण तेजी एवं लापरवाही से वाहनों का परिचालन है।चालकों के द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना है जिसके लिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के साथ वाहन चलाने की आवश्यकता है। लातेहार जिला अंतर्गत वर्ष 2022 में कुछ प्रमुख थाना स्तर पर घटित सड़क दुर्घटना की विवरणी निम्न है जहाँ अत्याधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई हैं। लातेहार थाना-27 दुर्घटना 19 मृत्यु, चंदवा थाना-22 दुर्घटना 17 मृत्यु, बालूमाथ थाना-19 दुर्घटना18 मृत्यु, मनिका थाना -18 दुर्घटना 17 मृत्यु, बरवाडीह थाना-15 दुर्घटना 12 मृत्यु हुई है। लातेहार जिला में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं का 80त्न उपर्युक्त 5 (पांच) थाना क्षेत्र में घटित हुई हैं।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राज्य एवं जिला स्तर पर अनेकों कार्य किये जा रहें हैं।जिससे की सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लायी जा सके। लातेहार जिले में वर्ष 2022 में यातायात नियमों का उलंघन करने वाले कुल 2648 चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित काउंसलिंग दिया गया। वर्ष 2022 में कुल 45 विद्यालयों में 1169 विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिट एंड रन और गुड समेरिटन के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। 25 अप्रैल के बाद विशेष रणनीति के तहत जागरुकता अभियान एवम् विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ज़िला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सभी पत्रकार से सुझाव मांगा गया जिस पर ज़िला परिवहन पदाधिकारी द्वारा कार्य करने का आश्वासन भी दिया गया प्रेस कांफ्रेंस में अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक पदाधिकारी (मु 0) कैलाश करमाली, मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार, प्रिंट मीडिया एवम् इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर पार्क में टाइगर जयराम महतो के कार्यक्रम का आयोजन



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पतरातू न्यू मार्केट अंबेडकर पार्क में टाइगर जयराम महतो का कार्यक्रम हुआ। खतियान महा जुटान कार्यक्रम में टाइगर जयराम महतो को सुनने हजारों की संख्या महिला पुरुष पहुंचे। इस मंच के माध्यम से टाइगर जयराम महतो ने लोगों को नियोजन नीति और स्थानीय नीति के बारे में बड़े ही जोश पूर्ण तरीके से सारी बातों को समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि जब जमीन हमारी राज्य हमारा तो नौकरी बाहरी को क्यों मिलेगा। इसका विरोध करना पड़ेगा,सबको एक साथ एक मंच पर आना पड़ेगा अन्यथा हमारा शोषण इसी प्रकार होगा। उन्होंने कहा कि अलग-अलग पार्टियों के माध्यम से नहीं अपने हक अधिकार के लिए हमें एक मंच के माध्यम से आवाज उठानी पड़ेगी। यह निर्णय लेना होगा कि ना हम बिकेंगे और ना झुकेंगे बस अपना अधिकार लेकर रहेंगे। वही पतरातू क्षेत्र के विस्थापित गांव के लोगों के बारे में भी उन्होंने कहा कि हमारी जमीन गई है हमारी जान गई है अधिकार भी हमारा निश्चित रूप से होना ही चाहिए अन्यथा परिणाम कुछ और भी होंगे। झारखंड सरकार को अपने नियोजन नीति में सुधार करना होगा और झारखंडीयों को उनका सम्मान और उनका अधिकार देना होगा अन्यथा यह आंदोलन यूं ही जारी रहेगा और हम झारखंड सरकार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। भले ही इसके लिए सरकार हमें जेल में डाले या फिर गोली मरवा दे हमें इसकी परवाह नहीं। इस मौके पर इस महा जुटान के आयोजन कर्ताओं में नरेश महतो,धनेश्वर महतो,नंदकिशोर महतो एवं भवानी गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

### पतरातू प्रखंड कार्यालय में मुखिया संघ की हुई बैठक



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड कार्यालय में मुखिया संघ कि बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन किशोर कुमार महतो ने कियाढ्ढबैठक में जन समस्याओं को लेकर विभागों द्वारा उदासीनता जनहित के कार्य में स्थिरता जन कल्याण योजनाओं में पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो से संघ ने औपचारिक मुलाकात की। मौके पर राम नारायण कुमार,गिरजेश कुमार, व्यास पांडे,विकास पांडे,नूतन सिंह, कोमिला देवी,जगदीश साव,तिलेश्वर साहू,प्रेमनाथ बेदिया,वीरेंद्र कुमार झा,लव कुमार महतो,अजय पासवान इत्यादि मुखिया उपस्थित हुए ।

### सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास से एक अभिभावक को मिला मुआवजा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते दिनों सांसद जयंत सिन्हा ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की थी। बैठक के दौरान कटकमदाग प्रखंड के ग्राम कुसुंभा की निवासी रजनी देवी ने सांसद को अवगत कराया कि उनका पुत्र प्रियांशु कुमार पर गत 7 फरवरी को 11 हज़ार बिजली के तार से गिरने पर करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई थी। श्री सिन्हा ने इस पर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संयुक्त रूप से बच्चे के अभिभावक को 5 लाख का चेक सुपुर्द किया। अभिभावक ने इस कार्य के लिए सांसद जयंत सिन्हा के प्रति आभार प्रकट किया।

### पतरातू दुर्घटना में दो सीआईएसएफ कांस्टेबल की मौत

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार रात पतरातू- रांची मुख्य सड़क पीटीपीएस पथ संख्या-4 के समीप दो सीआईएसएफ जवानों कि सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई ढ्ढ दोनों जवान मुख्य सड़क में पैदल चल रहे थे।पीवीयूएनएल पतरातू में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात सीआईएसएफ युनिट कांस्टेबल धर्मपाल दिल्ली और अरविंद एम तीरूअंतपूरम के रहने वाले थेढ्ढदोनों की उम्र लगभग 35-40 के बीच बताई जाती है ढ्ढ इधर अज्ञात वाहन की चपेट में आने के पाश्चात्य दोनों जवानों को पीवीयूएन अस्पताल लाया गया ढ्ढ जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पीडीएस डीलरों को तीन महीने से नहीं मिला कमीशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत केंद्र सरकार सरकार राशनकार्ड धारकों को वर्ष 2023 से एक साल मुफ्त राशन देने की घोषणा की है। जिसके तहत जन वितरण विक्रेता अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राशन वितरण कर रहे हैं, परंतु विक्रेताओं को वितरण करने के एवज में कमीशन नहीं मिल रहा है। बरही प्रखंड अंतर्गत बीस पंचायतों में लगभग 86 डीलर कार्यरत हैं।



प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता पीछले 3 माह से राशन वितरण कर रहे हैं परंतु तीन माह से उनका कमीशन नहीं मिल रहा है। जिसके कारण राशन डीलरों की स्थिति दयनीय हो गई है। इस बाबत बरही प्रखंड डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय ने बताया की वर्ष 2023 में तीन महीने से डीलरों का कमीशन नहीं मिला है। जिससे डीलरों की स्थिति दयनीय हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2022 में भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरण की गई खाद्यान्न का कमीशन का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इसकी गुहार कई बार सम्बंधित विभाग के वरीय पदाधिकारियों तक लगाई गई है। लेकिन अभी तक इस पर किसी भी तरह से पहल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि समय समय पर विक्रेताओं को कमीशन नहीं मिला तो आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष नन्दु प्रसाद से सम्पर्क करने पर बताया कि रांची से फंड रिलीज नहीं हुआ है, जिसके कारण डीलरों के बीच कमीशन भुगतान में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि मई के प्रथम सप्ताह तक भुगतान हो जाएगा।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, शिक्षा, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## बरही प्रखंड कार्यालय में 11 दिव्यांगों के बीच बांटी गई ट्राई साइकिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें कल्याण विभाग योजना के तहत चयनित कुल 11 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल बांटी गई। ट्राई साईकिल मिलने पर दिव्यांगो के चेहरे खिल उठे। उन्होंने तालियों से अतिथियों को स्वागत किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि दिव्यांगों को कभी यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे दिव्यांग हैं या कुछ कर नहीं



सकते हैं। उनके पास भी जज्बा है। अपने दम पर कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। साथ ही कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना पुनीत कार्य है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिष्टीना रिचा इंदवार, विस स्तरीय विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, मंडल के सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, सीडीपीओ नीलू रानी, मुखिया नीलम देवी, प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, दिनेश साहू सहित सीडीपीओ कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव कुमार व बाल कल्याण विकास के कर्मी आदि शामिल हुए।

मौके पर रसोईया धमना, कारिमाटी, बैरीसाल, सिंहपुर, बूढ़ीडीह, हरला भूईया टोली, केदारुत, रालो, गुडियो गांव से आये 11 दिव्यांग लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल बांटी गई।

## डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल रामगढ़ को झारखंड सरकार से सात लाख बीस हजार का अनुदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल रामगढ़ ग्राम मुर्रामकला में स्कूल को झारखंड सरकार के सौजन्य से अनुदान के रूप में ?720000 की वितरण के कार्यक्रम में रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी विशेष रूप से उपस्थित हुए और स्कूल की सारे क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आने वाले समय में स्कूल को टेन प्लस टू में अपग्रेड करने के लिए अपना योगदान देने का वादा किया ।साथ ही साथ डिवाइन ओंकार मिशन संस्था के द्वारा चलाए जा रहे तमाम



सेवा कार्यों में की भूरी भूरी प्रशंसा की । इस कार्यक्रम के उपरांत डिवाइन ओंकार मिशन के द्वारा चलाए जा रहे कोई भूखा ना रहे गुरु नानक देव जी लंगर सेवा के कार्यक्रम में स्वयं अपने हाथों से लंगर प्रसाद सेवा भी बाटी और यह कार्य जो कि रामगढ़ क्षेत्र में पिछले 3 वर्षो से निर्बाध रूप से लगातार जारी है उसकी भूरी भूरी प्रशंसा की और आने वाले समय में संस्था को अपने जिस भी तरह के कार्यों में विधायक की उपस्थिति सहायता चाहिए होगी उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया आज की विशेष बैठक में शिक्षाविद वासुदेव महतो ,नीरज मंडल ,संजय बनारसी ,आराधना राज, अनुपमा सिंह ,विभा देवी ,पूर्णी देवी तथा डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल के सभी शिक्षक गण विशेष रूप से उपस्थित थे।

## आरोग्यम परिवार ने किया प्याऊ का व्यवस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में बढ़ते गर्मी को देखते हुए हर तरफ गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की इंतजाम किए जा रहे हैं स्कूल के बच्चों का टाइमिंग में बदलाव किया गया है। गर्मी आते ही लोगों को ठंडी पानी की ललक लगने लगती है। और ऐसी स्थिति में शहर में लोगों को उनकी प्यास बुझाने के लिए आरोग्यम परिवार आगे आया है।

शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड चौक स्थित आरोग्यम अस्पताल के समीप आरोग्यम परिवार के द्वारा मंगलवार को सुबह प्याऊ की व्यवस्था की गई। जिसका शुभारंभ



आरोग्यम अस्पताल के संचालक सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, समाजसेवी सुदेश चंद्रवंशी, डॉक्टर भैया असीम सहित शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्याऊ सेवा से राहगीरों एवं आम लोगों को गर्मी में पीने के लिए शुद्ध पानी मिलेगा. उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है. जहां पानी होता है वही जीवन होता है जल बिना मनुष्य का जीवन असंभव है, पानी का एक-एक बूंद बहुत कीमती होता है पानी का सम्मान करना चाहिए ना कि इसका व्यर्थ करना चाहिए।

# जी.टी रोड सिक्सलेन चौडीकरण निर्माण कार्य में विलंब होने से राहगीर परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** हजारीबाग राष्ट्रीय राजमार्ग 02 सिक्सलेन चौडीकरण में पिछले दो वर्षो से जिस कछुए कि चाल में सडक़ का निर्माण कार्य किया जा रहा है।एवं सडक़ निर्माण कार्य के लिए एजेंसी के द्वारा जंहा-तंहा बीच सडक़ को काट कर रोड को वन वे कर दिया गया है।बरकट्ठा जी.टी रोड पर ऑवरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से बंद पडा हुआ है।जिससे आये दिन मालवाहक वाहनों एवं यात्रा कर रहे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जी.टी रोड पर सडक़ दुर्घटना में आये दिन लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।परंतु कंपनी के कानों में जूं तक नहीं रेंगता है।एजेंसी के द्वारा बहुत ही शिथिल गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिससे सडक दुर्घटना में



अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है।बताते चलें कि चोरदाहा से गोरहर तक का निर्माण कार्य संवेदक मेसर्स रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।परतुं यह परियोजना वैश्विक महामारी कोरोना काल एवं ठेकेदार के धीमी प्रगति तथा ठेकेदार के वित्तीय समस्याओं ओर श्रमशक्ति कि कमी के कारण प्रभावित हुई है।इस बहुप्रतीक्षित परियोजना की निगरानी अब एनएचएआई-मुख्यालय के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा की जा रही है।इस संबंध में स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सडक़ कि निर्माण कार्य को गति देने को लेकर पूर्व में पत्र लिखा जा चुका है।एवं केंद्रीय मंत्री के द्वारा पत्र के जवाब में इस परियोजना के ठीकेदार को समयबद्ध तरीक़े से निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।एंव सडक़ निर्माण कार्य में विलंब को लेकर ठीकेदार के खिलाफ अनुबंध समझौते के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करनें का निर्देश दिया गया है।

### जेएसएलपीएस की दीदियों ने देखा संगठन से समृद्धि के शुभारंभ का सीधा प्रसारण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह की दीदियों ने समाहरणालय के एनआईसी से सहित सभी प्रखंडों में संगठन से समृद्धि कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा। साथ ही केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, गिरिराज सिंह के संबोधन को सुना। कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मॉर्टिन ने बताया कि ÷संगठन से समृद्धि÷ कार्यक्रम का आज केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज के मंत्री ने नई दिल्ली में शुभारंभ किया है। कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के समापन तक दस करोड़ ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### जिला प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में लगाया जाए प्याऊ : चंद्र प्रकाश जैन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार गर्मी की तापमान बढ़ते जा रहा है और ऐसी स्थिति में नगर निगम क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में आम जनमानस के लिए प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी को लेकर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह समाजसेवी चंद्रप्रकाश जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि शहर के विभिन्न इलाकों में प्याऊ की व्यवस्था की जाए जिससे राहगीर, रिक्शा चालकों एवं आम जनता को ठंडी पानी मिल सके।

वर्तमान स्थिति में व्यवस्था ना होने पर लोगों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहां है कि गर्मी को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी चापाकल को मरम्मत कराया जाए।

चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के द्वारा प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है परंतु जिला प्रशासन के द्वारा अब तक व्यवस्था नहीं की गई है मैं आग्रह करता हूं कि ऐसी व्यवस्था जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए ताकि राहगीरों, रिक्शा चालकों एवं आम जनता को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी में सबसे अनमोल व्यक्ति के लिए पानी होता है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में निशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं एन.एस.एस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिन सोमवार को रामगढ़ स्थित राधा गोविंद विश्वविद्यालय में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में निशुल्क दंत जांच के साथ निशुल्क आंख का जांच एंव निशुल्क ब्लड का जांच भी किया गया। शिविर का लाभ कुल 171 मरीजों ने लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम ने शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी। उक्त अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय की प्रबंधकीय टीम ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया। वहीं डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार



का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर के दौरान डॉ श्रेयशी सिन्हा, डॉ. कुमारी विजया लक्ष्मी, डॉ. सायन मित्रा, डॉ. अलका सिंह, डॉ. अंशु गुप्ता, डॉ महिमा जायसवाल, डॉ कुमारी रानी, डॉ अनिमेष हर्षित एवं डॉ रंजन कुमार ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। शिविर की व्यवस्था में जन स्वास्थ्य संपर्क

## हेसला में भाकपा - माले नेता महादेव प्रजापति का 12 वीं स्मृति दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाकपा- माले नेता कामरेड महादेव प्रजापति का 12 वां स्मृति दिवस भाकपा- माले के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पार्टी समर्थकों ने ग्राम हेसला में मनाया। भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य कामरेड सरयू बेदिया ने सर्वप्रथम चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके तत्पश्चात उपस्थित साथियों ने क्रमवार सभी ने पुष्प, श्रद्धा सुमन अर्पित कर 2 मिनट का श्रद्धांजलि दी गई।स्मृति दिवस के मौके पर उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए सरयू बेदिया ने कहा कि दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति 90 के दशक में पार्टी से जुड़े हुए थे। तब से लेकर अपने जीवन काल तक पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत



बनाने के लिए मजदूरों- किसानों व गांव-समाज के शोषित,वंचित लोगों के संघर्षो में हमेशा तत्पर रहते थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने दिवंगत कामरेड के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए शोषित,पीड़ित, मेहनतकश लोगों के हक-हकूक के संघर्षों को आगे बढ़ा करके ही इनके अधूरे सपने को पूरा किया जा सकता है, संकल्प को दोहराया गया। स्मृति दिवस में महादेव राम, लालकुमार बेदिया, छोटन मुंडा, आलोक ठाकुर, रशीद अंसारी, फुलचंद करमाली, इस्तेफाक खान, बैजनाथ ठाकुर सेवा निवृत्त शिक्षक,जगदीश बेदिया, प्रकाश बेदिया, विजय प्रजापति, शिंकु प्रजापति, अनवर अंसारी, कमलेश प्रजापति, सरजू बेदिया, मानो देवी, शांति देवी, कविता देवी, बिना देवी अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

### मनीष जायसवाल बने बैंगलोर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा कर्नाटक विधानसभा चुनाव- 2023 को लेकर हजारीबाग के बीजेपी विधायक मनीष जायसवाल को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बैंगलोर उत्तर क्षेत्र के यशवंतपुर विधानसभा का उन्हें प्रभारी बनाया गया है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी एसटी सोमाशेखर हैं। जो यहां के लीडिंग एमएलए भी हैं। विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार से कर्नाटक के यशवंतपुर विधानसभा के लिए चुनावी रणनीति की योजना पर स्थानीय भाजपा नेताओं संग मंथन करने के उपरांत धरातल पर इस विधानसभा सीट के फतह के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने का मन बना लिया है। यशवंतपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक, महाशक्ति केंद्र प्रमुख व प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य के साथ बैठक किया ।विधायक मनीष जायसवाल ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव का माहौल देखने के बाद बताया कि यहां भाजपा के पक्ष में जबरदस्त हवा बह रही है और कर्नाटक की जनता एक बार फिर भाजपा का सरकार बनाती दिख रही है । इधर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बेंगलुरु के विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी बनाए जाने पर हजारीबाग और संपूर्ण झारखंड प्रांत से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कुल 224 विधानसभा सीटें हैं। जिस में बहुमत के लिए 113 सीटों की जरूरत है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ब्राह्मण कल्याण मंच 22 अप्रैल को कतरास में मनाएगा परशुराम जयंती

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कतरास में 22 अप्रैल को डीएवी प्लस टू परिसर में ब्राह्मण कल्याण मंच के तत्वाधान में परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर नदी किनारे सूर्य मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई.जनसंपर्क अभियान चलाने व शोभा यात्रा की रूट तय किया गया। .कार्यक्रम में बाघमारा, महुदा, लोयाबाद,कतरास, राजगंज, झगराही, मधुबन, सहित अन्य इलाकों से समाज के लोग भारी संख्या में पहुंचेंगे. कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है. मौके पर सुमन पांडेय, नर्मदेश्वर उर्फ एनडी पांडेय, प्रभात मिश्रा, भरत शर्मा, उमाकांत तिवारी, आशुतोष पाण्डेय, राम पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, राजू शर्मा, सूर्यदेव मिश्रा, मिथुन शर्मा,बबलू बनर्जी, मुकेश झा, पारस पाण्डेय, रघु हजारी, विमल तिवारी, वेदव्यास पाठक, राजीव रंजन त्रिवेदी आदि थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता का निधन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद के सदस्य सह गिरिडीह कॉलेज के छात्र संघ के पूर्व सचिव सोनू राज का इलाज के दौरान मंगलवार को निधन हो गया. आपको बता दें कि बीते माह 10 मार्च को एक सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा था जहां इलाज के दौरान निधन हो गया. सूचना मिलते हीं उनके पैतृक गांव राजधनवार प्रखंड अंतर्गत गिरिडीह पंचायत के ग्राम भूधरनी में उनके परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया. मृतक अपने पीछे एक 12 वर्षीय पुत्र एवम एक सात वर्षीय पुत्री समेत पत्नी को छोड़ गए।

## ज्वाला पब्लिक स्कूल में खसरा व रूबेला का किया गया टीकाकरण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को बेंगाबाद प्रखण्ड के



ज्वाला पब्लिक स्कूल केन्दुआगढा में छात्रों और समुदाय के स्वास्थ्य की रक्षा के उद्देश्य से एक सफल खसरा और रूबेला टीकाकरण किया गया। जिसका नेतृत्व एमपीडब्ल्यू प्रभात कुमार रंजन, एनएम कल्पना कुमारी ने किया । वही मौके ज्वाला पब्लिक स्कूल के निदेशक ने बताया कि संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए टीकाकरण एक सिद्ध और प्रभावी रणनीति है। उच्च टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करके, स्कूल ने अपने छात्रों के स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देने और खसरा और रूबेला के खिलाफ समग्र सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयासों में योगदान देने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया है। वही शिक्षक पप्पू कुमार वर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में लगभग 280 बच्चों को टीकाकरण किया गया ।मौके पर सहिया आशा वर्मा, उषा देवी, शिक्षक तानिया विश्वकर्मा, अंजनी प्रसाद, प्रिया कुमारी , राज कुमार वर्मा, सोनाक्षी कुमारी, पायल कुमारी, प्रतिभा कुमारी उपस्थित थे।

## ढाई सौ बच्चों को लगाए गए खसरा-रूबेला से बचाव के टीके

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुर बाड़ी



टोला में न्यू डिवाइन पब्लिक स्कूल के परिसर में भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर के दौरान विद्यालय के लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राओं को खसरा-रूबेला का टीकाकरण किया गया। वहीं इस सम्बन्ध में एएनएम् सुनीता कुमारी जानकारी देते हुवे कहा की इस टीकाकरण के होने से बच्चे को होने वाले कई प्रकार के गम्भीर रोगों से बचाव होगा तथा उन्हे खसरा तथा रुबेला जैसे घातक रोग नही होंगे। विद्यालय में 15 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण आने वाले पीढ़ी के लिए फायदेमंद रहेगा। बच्चों का टीकाकरण करने के लिए युद्ध स्तर पर इस अभियान को चलाया जा रहा है। टीकाकरण शिविर में बच्चों को सहिया रेखा देवी,सेविका रूपम देवी, तथा साहियका गुड़िया देवी देवी ने टीकाकारण में सहयोग किया।

## 19 अप्रैल को जेपी हॉस्पिटल में जोशना मंडल की पुण्यतिथि पर शामिल होंगे सांसद पीएन सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोला कुसमा, मंझीला डीह, बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि आगामी 19 अप्रैल को जेपी हॉस्पिटल मे स्व जोशना मंडल की पुण्यतिथि पर निःशुल्क जांच शिविर, रक्तदान शिविर, निःशुल्क आंखों का जांच परामर्श उपरांत आवश्यक ऑपरेशन तथा निःशुल्क दवा वितरण के आयोजन में धनबाद सांसद पी.एन. सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र एवं भोजन का वितरण किया जाएगा। हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रदीप मंडल और प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### पेयजल आपूर्ति को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

# बैठक के बाद किया जामाडोबा व भेलाटांड वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने गर्मी के मद्देनजर जिले वासियों को सुचारू रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम, पीएचईडी एक व दो के कार्यपालक अभियंता, झमाडा, बिजली विभाग के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिले वासियों को सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रदान करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया।



बैठक के बाद उपायुक्त जामाडोबा एवं भेलाटांड वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से तत्काल उसका निरीक्षण करने के लिए निकले। पहले उन्होंने जामाडोबा के दोनों तथा उसके बाद भेलाटांड वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जामाडोबा के दोनों वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, इंटेक वेल, पंप, मोटर्स इत्यादि का निरीक्षण किया। साथ ही दोनों वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए डेडीकेटेड पावर लाइन स्थापित करने तथा जामाडोबा वोटर ट्रीटमेंट प्लांट की बाउंड्री वॉल का समाधान करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, झमाडा के सचिव एवं अन्य कर्मी, पीएचईडी वन एवं टू के कार्यपालक अभियंता, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, धनबाद व झरिया नगर निगम क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस की दीदियों ने देखा "संगठन से समृद्धि" के शुभारंभ का सीधा प्रसारण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह की दीदियों ने आज समाहरणालय के सभागार सहित सभी प्रखंडों में संगठन से समृद्धि कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा। साथ ही केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के संबोधन को सुना।

कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस की डीपीएम रीता सिंह ने बताया कि "संगठन से समृद्धि" कार्यक्रम का आज केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज के माननीय मंत्री ने नई दिल्ली में शुभारंभ किया है। कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के समापन तक दस करोड़ ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रबंधक (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) राजीव कुमार पांडेय, जिला प्रबंधक फाइनेंस) मोबास्सीर कमाल, वाईपी (कौशल) सिद्धि गुप्ता, प्रवीण पाण्डेय सहित विभिन्न महिला समूह की दीदिया व अन्य लोग उपस्थित थे।

## मंदिर में रखे दानपेटी तोड़कर नगदी किया चोरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह में चोरों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, पहले तो चोर सिर्फ बंद घरों को निशाना बना रहे थे, लेकिन अब चोर भगवान के घर को भी नहीं छोड़ रहे है। सोमवार की देर रात को चोरों ने शहर के झंडा मैदान पुराना जेल परिसर समीप स्थित मंदिर में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। यंहा से चोरों ने दान पेटी तोड़ कर नगदी समेत सीसीटीवी कैमरे की एलसीडी की चोरी करने के साथ-साथ मंदिर के अंदर तोड़फोड़ भी किया है जिससे लोगों में काफी आक्रोश है, चोरों ने मंदिर में लगे माइक को भी तोड़ दिया है। इधर मामले की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई।

## पार्टी स्थापना दिवस को लेकर भाकपा माले की बैठक संपन्न

### सभी ब्रांचों में पार्टी का झंडा फहराकर लिया जाएगा संकल्प।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** आगामी 22 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर आज एक बैठक माले कार्यालय बेंगाबाद में संपन्न हुई, जिसकी अगुवाई पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने की।



उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, पार्टी गठन से लेकर लगातार देश के मेहनतकश मजदूर-किसान एवं वंचित वर्ग के हक-अधिकारों की लड़ाई पार्टी लड़ते रही है। मौजूदा शासन मेहनतकश वर्ग के अधिकारों को छीनने में लगा है। एक साजिश के तहत गरीबों को नफरत की राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है, ताकि गरीबों के हक अधिकार की लड़ाई कमजोर की जा सके।

कहा कि, देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। फासीवादी शासन के खिलाफ संघर्ष मौजूदा समय की मांग है। स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं से सभी ब्रांचों में संगठित होकर पार्टी का झंडोत्तोलन कर हक-अधिकार की लड़ाई तेज करने का संकल्प लेने की अपील की गई है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि, गांडेय विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी ब्रांचों में 22 अप्रैल की प्रातः भाकपा माले का झंडा फहराया जाएगा। साथ ही, केंद्रीय कमेटी के सर्कुलर का पाठ कर आगे की रणनीति को लेकर संकल्प लिया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, राजेंद्र मंडल, फोदार सिंह, शंभु ठाकुर, रामलाल मंडल, मनोज कुमार यादव, श्यामकिशोर हांसदा, सुकर बास्की, पोरन सोरेन, शंभु तुरी, मुरारी यादव, रिंकू साव, राजकिशोर चौधरी, राजू पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में सिंदरी से आए परशुराम स्वर्णकार ने अपने बच्चों को बीपीएल कोटा के तहत स्कूल में नामांकन हेतु उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके बच्चों का नाम राशन कार्ड में नहीं है जिस



कारण बीपीएल कोटा के तहत स्कूल में नामांकन नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी दैनिक स्थिति अच्छी नहीं है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। जनता दरबार में तोपचांची थाना से आई कुसमा देवी हाड़ीन ने साफ सफाई का भुगतान नहीं मिलने से संबंधित उपायुक्त से शिकायत की। उन्होंने बताया की वह तोपचांची थाना के अंदर पिछले 12 वर्षों से साफ सफाई का कार्य कर रही हैं, लेकिन आज तक उन्हें किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया गया है। यह कार्य वह अपनी सास के स्थान पर पिछले 12 वर्षों से करती आ रही है। उपायुक्त ने इस मामले को वरीय पुलिस अधीक्षक को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए।उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा।

## अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत सदर अस्पताल में मॉक ड्रील



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को सदर हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। अग्निशमन उपकरणों को विशेष रूप से ऑपरेट करने की जानकारी दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि 14 अप्रैल 2023 से शुरू अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 20 अप्रैल 2023 तक चलेगा। इस दौरान अग्नि सुरक्षा पर कई जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

## टुंडी : बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी में बिजली की कम आपूर्ति से जनताओं में भारी मायूसी देखीं जा रही है टुंडी की जनता रतजगा करने पर विवश हैं। बताया जाता है कि टुंडी प्रखंड के विभिन्न फीडरों की? लगभग एक जैसी स्थिति है। टुंडी की जनताओं को दिन रात मिलाकर मात्र दो से तीन घंटा ही बिजली मिल रही है। इस भीषण गर्मी में 45 डिग्री पारा होने के बावजूद विभाग अनदेखी कर रही है जबकि टुंडी से बिजली विभाग को अच्छी खासी राजस्व की प्राप्ति होती है फिर भी जनताओं को भरपूर मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं किया जाता है। और न ही किसी जनप्रतिनिधि का? इस और ध्यान है बड़े घरानों के लोग तो इनवाइटर से अपना काम चला लेते हैं गरीब तबका के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।समय रहते इस और ध्यान नहीं दिया गया तो जनताओं का? बिजली विभाग के प्रति कभी भी गुस्सा भड़क सकता है। जिसका विभाग स्वयं जिम्मेदार होगा।

## पाटलीपुत्र-पटना-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर व बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है । इसी क्रम में पाटलीपुत्र/पटना-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर एवं बरौनी से यशवंतपुर के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 05271/05272 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस स्पेशल- यह स्पेशल मुजफ्फरपुर से 05.05.2023 से 26.05.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को तथा यशवंतपुर से 08.05.2023 से 29.05.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल मुजफ्फरपुर से शुक्रवार को 15.30 बजे खुलकर 16.35 बजे हाजीपुर, 17.40 बजे पाटलिपुत्र, 18.39 बजे आरा, 19.25 बजे बक्सर, 21.14 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए रविवार को 16.30 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल यशवंतपुर से सोमवार को 07.30 बजे खुलकर बुधवार को 06.40 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.50 बजे बक्सर, 08.35 बजे आरा, 09.30 बजे पाटलिपुत्र एवं 10.25 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 05215/05216 बरौनी-यशवंतपुर-बरौनी एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल बरौनी से 06.05.2023 से 27.05.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को तथा यशवंतपुर से 09.05.2023 से 30.05.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।

# उपायुक्त ने की राजस्व व भू-अर्जन विभाग की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने समाहरणालय के सभागार में राजस्व, भू-अर्जन, बंदोबस्त सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों से उनके कार्यालयों में लंबित 4 एच के मामले, रसीद निर्गत करने, ऑनलाइन पंजी टू, परिशोधन पोर्टल, एनजीडीआरएस पोर्टल, पीएम किसान सत्यापन, ऑनलाइन दाखिल खारिज सहित अन्य कार्यो से संबंधित मामलों की जानकारी ली। वहीं मामलों का योजनाबद्ध तरीके से निष्पादन करने के संबंध में



आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान अक्सर आने वाले शिकायतों में आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर सभी अंचलाधिकारियों से समस्याओं को लेकर जानकारियां ली। उपायुक्त ने सभी प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं को प्राथमिकता से निष्पादन करने को कहा। उन्होंने अंचलवार जीएम लैंड की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने कि उनके क्षेत्र में किसी भी सरकारी भूमि पर कोई भी अतिक्रमण नहीं हो, नियमित रूप से सरकारी भूमि का निरीक्षण करने, सरकारी भूमि के अतिक्रमण की सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि संबंधित आवेदनों के निष्पादन के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्य पूर्ण कर ससमय परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# बोकारो के चंदनकियारी अंचल कार्यालय से परेशान है ग्रामीण

- जमीन संबंधित मिस केस सी ओ ऑफिस में नही होता है फाइल : बड़ा बाबू
- आरटीआई आवेदन का नही मिलता है रिसीविंग।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिला का चंदनकियारी अंचल कार्यालय के बाबू से ग्रामीण परेशान रहते हैं । अंचल कार्यालय का आलम यह है कि आरटीआई, मिस केस का आवेदन तक बड़ा बाबू महतो रिसीव नहीं करते है। और कार्यालय में किसी को रिसीव भी नही करने देते। बड़ा बाबू महतो का कहना है कि मिस केस सी ओ ऑफिस में फाइल नही होता है। एल आर डी सी के याहा जाए वही फाइल होगा। उन्होंने आगे बताया कि हम लोग ऑफिस में आजतक मिस केस का आवेदन फाइल नही किए हैं। सबसे आश्चर लहाजे में बताया कि मेरा नोकरी और नो, दस दिन बचा है। में मिस केस नही लूंगा जहा शिकायत करना है कीजिए। कोई कुछ नही कर सकता हमारी मर्जी । दूसरी ओर आरटीआई के तहत आवेदन को भी रिसीव नहीं होता है बाबुओं का कहना है कि आरटीआई आवेदन हाथो हाथ लेने का नियम नही है




हमलोग रिसीविंग भी नही देंगे। डाक के माध्यम से भेजना चाहिए आरटीआई नियम कहता है। बताया जाता हैं की अंचल कार्यालय में बिना चढ़ावे का कोई काम नही होता है। लोगो को इधर से उधर सिर्फ भागते हुए देखा जा सकता है। मानपुर के एक ग्रामीण ने बताया कि हम लोग कार्यालय के बाबू लोगो से बहुत परेशान रहते हैं। समय से जमीन संबंधित काम होता ही नही । जब तक दलाल को नही पकड़ेंगे और चढ़ावा दीजिएगा तभी काम होगा।

# बानो में वनाधिकार कानून के तहत हुआ ग्राम सभा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बानो प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत रोमजोल राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष स्टेफन मड़की की अध्यक्षता में किया गया।इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के अनुप लकड़ा एवं खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अनुप लकड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिला पांचवी अनुसूची के अंतर्गत आता है अतः यंहा ग्रामसभा सर्वोपरी है । सभी तरह के विकास के कार्यो मे ग्राम सभा की अनुमति आवश्यक है। लेकिन बहुत जगह देखा जाता है ग्रामसभा को दरकिनार कर या फर्जी ग्रामसभा कर आनन फानन में योजना पास कर काम किया जाता है। आज सभी ग्रामवासियों को अपने क्षेत्र में हो रहे योजनाओ को जानने का अधिकार है जहां गुपचुप ढंग से होता है,वहाँ गड़बड़ी होती है चूंकि सभी कोई सरकार को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से टैक्स देते हैं और उसी पैसे से विकास के कार्य भी होते हैं। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए खुशीराम कुमार ने कहा कि अनूसूचित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाला सभी प्रकार का गैरमजरूआ जमीन सी एन टी एक्ट 1908, पेसा कानून 1996, पंचायती राज अधिनियम 2001 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 में पूर्वजों के दखलकारों को ग्रामसभा के अनुशंसा पर पट्टा देने का प्रावधान है। किन्तु पूर्व की भाजपा सरकार अपने पूंजीपतियों को देने के उद्देश्य से लैंड बैंक बना कर सभी गैरमजरूआ जमीन को उसमें डाल दिया। जो ग्रामसभा के अधिकारों का हनन है। आज हमारी अस्मिता से जुड़ी हुई जल जंगल जमीन पर सरकार और उनके अधिकारियों पैनी नजर लगाये हुए हैं लेकिन उनके मंसूबो को कामयाब नहीं होने देंगे। जल जंगल जमीन हमें विरासत में मिली है इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ साथ सरंक्षण,संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा जिससे कि आने वाले पीढ़ी दर पीढ़ी लाभान्वित हो सकें।बैठक की संचालन अजित कंडुलना ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जेम्स कंडुलना ने किया। इस बैठक में जिला परिषद सदस्य-बिरजो कंडुलना, बांकी पंचायत के मुखिया-अजय डांग, सूरसेन मड़की, जोन मड़की, सत्यानंद कंडुलना, अगस्तीन सुरिन, अल्मान कंडुलना, डेविट मड़की, बीरबल कंडुलना, मसिहदास लोमगा हीरामनी कंडुलना सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अग्निशमन टीम द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को आग बुझाने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभा भवन में मंगलवार को अग्निशमन टीम लोहरदगा द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को आग बुझाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अग्निशमन विभाग से पहुंचे फायर अधिकारी सुरेंद्र यादव, मनीष कुमार, अनिल दास व गोपी यादव ने स्वास्थ्य कर्मियों को कही आग लग जाने के बाद आग पर काबू पाने के लिए विभिन्न तरीके के उपाय व सुझाव से अवगत कराया। साथ ही डेमो करके आग बुझाने पर विस्तृत जानकारी दिया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम ने अति ज्वलनशील पेट्रोल तथा डीजल में आग लगने के कारणों के बारे में तकनीकी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अग्निशमन यंत्र को हमेशा तैयार समीप रखने की बात कही, ताकि विकट स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। फायर अधिकारी सुरेंद्र यादव ने कहा कि दो या तीन मंजिला ऊंची अस्पताल की बिल्डिग में यदि अग्नि का प्रकोप हो जाए, तो किस प्रकार मरीजों को बाहर निकाले तथा अग्निशमन विभाग को सूचना देने के उपरांत तत्काल अपनी ओर से ऐसे प्रयास करें। जब तक अग्निशमन की टीम ना आ जाएं। इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडर में आग लगने पर कंबल व जुट की मदद से आग पर काबू पाने की जानकारी दिए। मौके पर डॉक्टर संजय कुमार, अंजना साहू, रेणु साहू, मेरी बेक सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मां की बातों से गुस्साए पुत्र ने छोड़ा घर, भाई ने थाना में कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरपा ग्राम में घरेलू विवाद के कारण युवक गुस्से में निकल कहीं चला गया देर शाम तक घर नही लैटने पर छानबीन करते हुए भाई ने कराया सनहा दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मुरपा ग्राम निवासी कपिल महतो के घर में आपसी विवाद के उपरांत बेटा जलधर महतो 17 अप्रैल दिन सोमवार को समय लगभग 10:00 बजे सुबह गुस्सा में बिना किसी को बताए घर से निकल कर चला गया। वही बड़ा भाई जीतन महतो ने थाना में आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए बताया कि घरेलू विवाद के कारण मेरा छोटा भाई घर से निकल कर कही चला गया है। साथ ही कहा कि हमलोगों को लगा कि गुस्सा के कारण रिश्तेदार के पास जा रहा है। परंतु समय बीतते ही घर नही आने पर अपने तथा अपने भाई का ससुराल एवं रिश्तेदार में छान बिन करना आरम्भ कर दिया। लेकिन किसी परिवार के बीच नही पहुंचने की बात पर जीतन महतो ने भाई के लापता होने का संदेह जताते हुए सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना थाना प्रभारी को अवगत करा कर सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में माँ बेटा के बीच हल्की नोक झोंक एवं घर छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

## 10 वीं पास छात्र-छात्राओं को तकनीकी प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा झारखंड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम एण्ड ट्रेनिंग सेंटर, टाटीसिलवे, रांची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को तकनीकी प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्रदान करने हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता अन्तर्गत एमओयू किया गया है। झारखंड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम एण्ड ट्रेनिंग सेंटर, टाटीसिलवे, रांची में माह मई,2023 से प्रारंभ होने वाले निम्नांकित 01 वर्षीय आवासीय कोर्स में नामांकन हेतु लोहरदगा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र/छात्राएं दिनांक 26.04.2023 तक अपने प्रखण्ड मुख्यालय में अथवा दिनांक 27.04.2023 तक जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। सीएनसी ऑपरेटर/मशीनिंग तकनीशियन, वेल्डिंग तकनीशियन। 35 युवाओं/युवतियों का प्रति बैच में चयन किया जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 8603984499/7979967682 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शिक्षक को बेहतर बनाता है कौशल विकास : कुणाल

➲स्वयं को समय के साथ अपडेट और अपग्रेड करें : उत्तम मुखर्जी
➲सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में प्राचार्य द्वारा अध्यापन कौशल को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में पर्सनालिटी डेवलपमेंट और ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिक्षण देने के महत्व को बताया गया। तृतीय सत्र में डायरी की उपयोगिता पर चर्चा की गई। चतुर्थ सत्र संगणक विशेषज्ञ कुणाल प्रसाद साहू द्वारा लिया गया। प्राचार्य द्वारा भेंट देकर कुणाल प्रसाद साहू का स्वागत किया गया। उन्होंने एक्सेल पर रिपोर्ट बनाना और पीपीटी प्रेजेंटेशन को आकर्षक बनाना सिखाया। मौके पर उन्होंने कहा कि कौशल का विकास करते रहना एक शिक्षक को बेहतर बनाता है। मौके पर उन्हें प्राचार्य द्वारा उपहार और विद्या विकास समिति झारखंड की वार्षिक पत्रिका उत्सर्ग भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा,ऋ द्धि मिश्रा, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मधुर मेडिकेयर में सैंकड़ों मरीजों का हुआ मुफ्त जांच व दी गई दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मधुर मेडिकेयर पतरा टोली लोहरदगा में 105 मरीजों का निशुल्क इलाज हुआ। आज के जांच शिविर में डॉक्टर विवेक मधुर हड्डी जोड़ एवम नस रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर नेहा ज्योति जेनरल सर्जन स्त्री रोग विशेषज्ञ एवम डांक्टर एस के गुप्ता द्वारा इलाज किया गया। इसके अतरिक्त ब्लड शुगर,हड्डी का बी एम डी एम मशीन के द्वारा रांची से आए विशेषज्ञ चिकित्सक के द्वारा जांच किया गया। साथ ही सभी तरह के मरीजों को जरूरत के मुताबिक मुफ्त में दवा दी गई। मधुर मेडिकेयर के डाक्टर विवेक मधुर हड्डी, जोड़ एवम नस रोगों से संबंधित इलाज किया गया साथ ही डॉक्टर नेहा ज्योति मधुर जेनरल सर्जन एवम इस्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा ब्वासीर, फिशर हर्निया, हैदरोशिल पित या किडनी की पथरी, स्तन का गांठ एवम घाव, पेट की बीमारी, एवम गर्भवती महिलाओं का इलाज किया गया। कैंप में डाक्टर एस के गुप्ता ने भी मरीजों का सामान्य बीमारी का इलाज किया गया। अजय मधुर निदेशक द्वारा बताया गया की मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल का आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया और इस नेक कार्य को आगे भी जारी रखी जाएगी। शिविर को सफल बनाने में सावित्री मधुर, मुमताज अहमद, साहेब खलीफा, सुरेंद्र, तारेन्, निर्मला, प्रेमा, लीला, अचरज, सुशीला, ईशा, गुलाब, राहुल, अंगद, सूरज सुनीता आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग हुए सतर्क



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या एक से बढ़कर तीन हो गई है। भंडरा प्रखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग कोरोना जांच की प्रक्रिया तेज कर दी है। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने की अपील कर रही है। भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 62 लोगों ने कोरोना जांच कराया है। जिसमें एक ही गांव से तीन लोग कोरोना संक्रमित मिले है। इसके बाद प्रखंड प्रशासन ने भी पंचायत कर्मियों को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर जागरुक करने का निर्देश दिया है। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करने की अपील की है।

## भौंरो में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ढोल नगाड़ों के साथ हुआ नगर भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के भौंरो गांव में आयोजित श्रीपंच कुण्डात्मक रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन भौंरो में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ढोल नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने हर-हर महादेव, जय श्री राम के उद्घोष के साथ रात के एक बजे तक नगर भ्रमण किया। साथ ही बनारस से पहुंचे आचार्य श्रीश्री दिगंबर अवधेशानंद गिरी, अष्ट कौशल महंत राजपुरी, शिव शास्त्री महाराज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर नर्मदा से लाएं गए शिवलिंग को यज्ञ मंडप के समीप बने नवनिर्मित शिव मंदिर में स्थापित किया। बता दें कि सोमवार की रात नगर भ्रमण में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती का रुप धारण कर झांकी में शामिल हुए। इस दौरान भक्तों का उत्साह और जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में रमा रहा है। यज्ञ समिति के अमरेश साहू ने बताया कि रोजाना रासलीला व भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें काफी संख्या में भक्त गण पहुंच रहे है।

## अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार युवक-युवती कोर्स का करें चयन : अप्पू कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्तर्गत युवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के माध्यम से आयोजित शिविर में जिला समन्वयक अप्पू कुमार ने युवक युवतियों को रोजगार से जुड़ने का जानकारी देते हुए कहा कि अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार युवक युवती कोर्स का चयन करें जिसके उपरान्त उन्हें मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षित किया जायेगा। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जायेगा। साथ ही कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना से सैकड़ो युवक युवती अपना भविष्य स्वयं संवार रहे हैं। साथ ही जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित विकास कार्यो और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। तथा 25 यूथ को अलग अलग ट्रेंड के लिये पंजीकृत किया गया। मौके पर जयन्त कंडुलना, उमंग साहु, अरविन्द कुमार, सज्जाद अन्सारी के अलावे सैकड़ो युवक युवतियां मौजूद थे।

## ईद-उल-फित्र को लेकर कैरो थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो थाना परिसर कैरो में 18 अप्रैल मंगलवार को ईद-ऊल-फित्र त्योहार को लेकर अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली की सँयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न। मौके पर बैठक मे मिलजुलकर आपसी प्रेम भाईचारे के साथ शांति पूर्वक त्योहार मनाने पर विचार विमर्श किया गया। वही उक्त बैठक मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बीते दिनों हुए संपन्न त्योहार रामनवमी, सरहुल आदि जिस तरह से आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मिलजुलकर त्योहार मनाए गए जिसके लिए उन्होंने क्षेत्र के तमाम लोगो को बधाई देते हुए आगे भी ईद त्योहार प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की बात कही। मुस्लिम समुदाय के लोगो द्वारा ईद का त्योहार के अवसर पर अदा की जाने वाली नमाज कब कहाँ कितने बजे होगी उसकी जानकारी बैठक मे दी गई। उक्त बैठक मे कैरो थाना के एस0 आई0 ऋ षिकांत शर्मा, विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, बजरंग उराँव, विवेक प्रजापति, समीद अंसारी, देवदत्त प्रजापति, प्रवीण साहू, अख्तर अंसारी, मोजाहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## स्कूलों के संचालन की अवधि में हुआ परिवर्तन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी को देखते हुए सरकार ने स्कूलों के संचालन की अवधि में परिवर्तन किया है। बता दें कि सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार की सुबह में शिक्षक संघ के मांग पर सरकार के आप्त सचिव और शिक्षा सचिव से दुभाष के माध्यम से बात कर स्कूल संचालन के समय मे परिवर्तन की मांग की थी। साथ तेज धूप में स्कूल छुट्टी होने पर छात्रों के सेहत पर हो रहे दुष्प्रभाव एवं होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया था। इधर सरकार द्वारा सभी स्कूलों में पांच क्लास से नीचे क्लास की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक करने एवं कक्षा छह से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही धूप में खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां पर रोक लगाई गई है। इधर विधायक ने सरकार के प्रति आभार जताया है।

## ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आज : विजय कुमार



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी ईद को लेकर शांति समिति बैठक की जानकारी अंचलाधिकारी देते हुए कहा कि थाना परिसर में तमाम शांति समिति सदस्यों की उपस्थिति में बुधवार को बैठक आयोजित होगा। सेन्हा थाना क्षेत्र में आगामी 23 अप्रैल को विशेष समुदाय द्वारा ईद का त्यौहार मनाया जाना है। जिसको लेकर क्षेत्र में अमन चैन एवं शांति व सौहार्द कायम रखने को लेकर थाना परिसर सेन्हा में शांति समिति का बैठक बुधवार को आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि सेन्हा अंचल क्षेत्र में विशेष समुदाय के द्वारा ईद पर्व मनाया जाएगा। और पर्व भाईचारे का त्योहार है। जिसमें आम जनता का सहयोग और भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर तथा पर्व के दौरान विधिव्यस्था एवं समस्या निदान को लेकर थाना परिसर में बुधवार को समय 3 बजे दोपहर में एक शांति समिति का आवश्यक बैठक रखा गया है। बताते हुए सभी शांति समिति सदस्य एवं दोनो समुदाय के गणमान्य सहित युवा सद्भावना मंच के लोगों ससमय अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने के लिये अपील किया गया है।

## इफ्तारी के दौरान रोजेदारों ने गांव समाज व देश की सलामती के लिये मांगा अमन चैन की दुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित बड़ी मस्जिद के समीप सेन्हा मदरसा में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम स्थित सेन्हा बड़ी मस्जिद के समीप स्थित मदरसा में आयोजित इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदार के अलावे सभी समाज के आम व खास व्यक्ति शामिल हुए रमजान माह का रोजा आधा से अधिक पूरा हो चुका है। जिसे रोजा में इफ्तारी का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। मंगलवार को उसी क्रम में बड़ी मस्जिद के समीप अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के द्वारा दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय एवं आसपास के रोजेदार शरीक हुए। वही रोजा खोलने के पूर्व रोजेदारों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में अमन चैन एवं शांति व सौहार्द के लिये दुआ मांगा। इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर फल का सेवन कर रोजा इफ्तारी किया। साथ ही खजूर खाकर और पानी तथा शरबत पिकर रोजा खोला मौके पर मौजूद मौलाना गुलाम मुस्तफा और इमाम सफी अहमद ने कहा की माह रमजान की आखरी असुरा है। इस में अल्लाह से रो रो कर अपना गलती की माफ़ करने की दुआ करें अल्लाह अवश्य माफ करेगा। रोजा तभी अल्लाह के यहां कबूल होगा की आप सदका फित्र निकाल कर गरीब यतीम अनाथ जरूरतमंद को दें यह सदका ए फित्र ईद की नमाज से पहले पहले घर के सभी सदस्य के नाम पर देना चाहिये। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी धनंजय पासवान, सीआई चन्द्रप्रकाश मेहता, मुखिया धनवाज उराँव, सदर इम्तियाज अन्सारी, सेक्रेटरी कसमुल अन्सारी, ए एस आई जमशेद खान, चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि, डॉ राजीव रंजन, उगरा पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातुन सहित मुस्लिम धर्मावलम्बी के सैकड़ो रोजेदार मौजूद थे।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने निकाली साइकिल जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा के प्रशिक्चुओ द्वारा निरंतर कार्बन उत्सर्जन और कार्बन फुट प्रिंट न्यूनता की दिशा में प्रयास किए जा रहे है जिसके अंतर्गत रितिका नयन की अगुवाई प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा जारी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। पवन,जंगबहादुर महतो व्याख्याताओ के द्वारा कॉलेज से जिमा चौक तक साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई जिसमे प्रशिक्षुओ रौनक, संतोष, अजय, अर्पण, नेहा, सुरभि, अरीबा, विकास, स्नेहा, अंजनी, मोनिका, अंशुल, किनन, प्रियंका, नूतन, प्रीति, जसमीन, फुलकेरिया, अगस्ति आदि सम्मिलित थे। प्रशिक्षुओं ने नारा लगाकर सायकिल के प्रयोग के लाभ जैसे उत्तम स्वास्थ्य, हृदय, फेफड़े का अच्छा काम करना आदि लाभ है तो वही साईकिल का उपयोग करने से पर्यावरण का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है गाड़ियों के द्वारा वातावरण में हानिकारक गैसों का कुप्रभाव बढ़ने से दमा, चर्म रोग, खांसी, दम घुटना, फेफड़ों पर दुष्प्रभाव, मानसिक बीमारियां आदि हो रही है पृथ्वी निरंतर गर्म हो रही है,जैविक विविधता का ह्रास हो रहा है अतः स्वयं और पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए यथासंभव साईकिल का प्रयोग हो एवम पथ निर्माण के समय साईकिल चालको के लिए पृथक स्थान दिए जाएं तथा सरकार साईकिल के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का कार्य करे। अविराम में कार्बन फूट प्रिंट में न्यूनता लाने के लिए कॉलेज द्वारा बस सुविधा दी गई है और प्रत्येक शनिवार को आस पड़ोस से आने वाले सभी कर्मियों और प्रशिक्षुओं से साईकिल अथवा पब्लिक आवागमन से आने की अपील के साथ समाज में भी जागरूकता की मुहिम चलाई जा रही है। स्थानीयो ने राजिया खातून, विनोद भगत, मनिया उरांव, तपेश्वर उरांव, संतोष बड़ाईक, मदन यादव आदि ने इस कार्य की सराहना की और प्रशिक्षुओं का उत्साह वर्धन किया।

## ईद उल फितर को लेकर संपन्न हुआ शांति समिति की बैठक

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में ईद उल फितर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ने किया। ईद का त्यौहार 22 अप्रैल नमाज अदा सुबह 7:00 से 8:00 के बीच किया जाएगा जिसमें किसी भी प्रकार से अनहोनी से बचने के लिए प्रशासन की पैनी नजर होगी एवं सोशल मीडिया में अफवाह से बचने के लिए लोगों को प्रखंड प्रशासन ने निर्देश दिया है।

## चलते चलते एक नजर

### गडकरी 18-21 अप्रैल तक ऑस्ट्रिया के दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 18-21 अप्रैल तक ऑस्ट्रिया के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। गडकरी ने कहा, मैं 18 से 21 अप्रैल तक ऑस्ट्रिया के आधिकारिक दौरे पर रहूंगा। ऑस्ट्रियाई सरकार के प्रतिनिधियों से मिलूंगा, इंसब्रुक में इंटरनल पिन 2023 मेले के उद्घाटन सत्र में शामिल होऊंगा और भारत-ऑस्ट्रिया मैत्री में योगदान देने वाली अन्य व्यस्तताओं के साथ ऑस्ट्रियाई कंपनियों के साथ बातचीत करूंगा।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के भाई सहित 13 पर 19 अप्रैल को तय होंगे आरोप

**रांची :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के भाई सहित 13 आरोपितों पर एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 19 अप्रैल निर्धारित की है। इनमें राजस्थान के बीकानेर निवासी हवाला कारोबारी सुनील कुमार शर्मा, उसका भाई अनिल कुमार शर्मा, बीकानेर का ही अनिल शर्मा, आनंद पारीख, रांची के बर्द्धमान कंपाउंड निवासी सिद्धार्थ साहू, अमन श्रीवास्तव का भाई अभिक श्रीवास्तव, उसका बहनोई चंद्रप्रकाश राणू, चतरा निवासी विनोद कुमार पांडेय, खलारी निवासी जहीर अंसारी, असलम अंसारी, फिरोज खान, अरवल निवासी संदीप प्रसाद और बेगूसराय निवासी कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा का नाम शामिल है। मामले में अमन श्रीवास्तव के भाई अभिक श्रीवास्तव ने कोर्ट में डिस्चार्ज याचिका दाखिल किया था। उस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 13 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रखते हुए फैसला की तिथि 18 अप्रैल को तय की थी। मंगलवार को अभिक श्रीवास्तव का डिस्चार्ज याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के रंगदारी का रुपया हवाला के माध्यम से विभिन्न जगह निवेश करने के आरोप में आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

### विधानसभा में विशेषाधिकार समिति में चार मामलों की हुई सुनवाई

**रांची :** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को विशेषाधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में विशेषाधिकार हनन के मामलों पर चर्चा हुई और उस पर कार्रवाई की रिपोर्ट पदाधिकारियों से ली गई। बैठक में विधायक अमित मंडल ने बताया कि विशेषाधिकार के चार पुराने मामलों की सुनवाई हुई। इनमें विधायक बिरंची नारायण, सुदिव्य कुमार सोनू, नीरा यादव और अमित मंडल का एक-एक मामला शामिल था। उन्होंने बताया कि कुछ पदाधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे थे। उन्हें शो-कॉज किया गया है और अगली बैठक में बुलाया गया है।



## पलामू: लेदर शो रूम में पहुंची महापौर, विधायक व एसडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर का गौरव बनने वाला लेदर शोरूम का शुभारंभ मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह एवं मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने किया। इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेदिनीनगर शहर हर क्षेत्र में एक बढ़ता हुआ शहर है। मेदिनीनगर का चौमुखी विकास हो रहा है, चाहे वह सड़कों का हो चाहे वह बाजार क्षेत्र का हो व्यवसायिक क्षेत्र में भी मेदिनीनगर झारखंड में अग्रिम स्थान बनाने जा



रहा है। लेदर शोरूम का खुलना मेदिनीनगर के लिए सौभाग्य के की बात है। लोगों को उनके मन मुताबिक लेदर का समान उपलब्ध होगा। इसके लिए उन्होंने लेदर शोरूम के प्रोपराइटर को धन्यवाद दिया है कि वह ग्राहकों के मान सम्मान का ख्याल रखें और अपने व्यवसाय के उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर करें। मनिका क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह एवं मेदिनीनगर नगर निगम के महापौर अरुणा संकर ने फीता काटकर श्री लेदर के शोरूम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य रूप से मेयर मेदिनीनगर अरुणा शंकर, सदर एसडीओ राजेश शाह ने संयुक्त प्रभात गुप्ता दुर्गा जौहरी मुमताज खान मनोहर कुमार लाली इत्यादि उपस्थित थे.

## कजरी से युवक का अपहरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पड़वा (पलामू) :** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी निवासी नंदन कुमार सिंह को अज्ञात लोगों ने कजरी से अपहरण कर नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी में जमकर पीटा और वाहन से फेंक कर अपहरणकर्ता भाग गए. जानकारी के अनुसार मंगलवार को करीब साढ़े तीन बजे नंदन को फोन करके एन एच मुख्य पथ पर बुलाया. नंदन जैसे ही आया अपहरणकर्ताओं ने बाजबरन स्कार्पियो में बैठाकर फरार हो गए. आसपास के लोगों ने जैसे ही देखा कि नंदन को गाड़ी में बैठाकर ले जा रहा है तत्काल पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह को जानकारी दिया. पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि अपरण की सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को सूचना देते हुए नावाबाजार, रेहला थाना को सूचना देते हुए नाकाबंदी कराया. थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की सक्रियता को देखकर अपरणकर्ता अपहृत नंदन को कंडा घाटी में छोड़ कर भाग गए. नावाबाजार पुलिस ने कंडा घाटी से गंभीर रूप से घायल नंदन को इलाज के लिए मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा. इसके बाद नारायणी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है. थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि नंदन को जिस नंबर से फोन कर बुलाया गया था वह नंबर बिहार के एक व्यक्ति का है. अपरणकर्ता ने नंदन के साथ मारपीट कर दिया है जिस कारण वह कुछ भी बताने में अभी असमर्थ हैं. जैसे ही वह स्वस्थ हो जाएगा. उसके बयान के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी जाएगी.

## सांसद संजय सेठ ने शुरू किया पक्षियों को पानी अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भीषण गर्मी को देखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को पक्षियों को पानी अभियान की शुरुआत की। आज पहले दिन सांसद ने अरगोड़ा चौक पर स्थानीय फल सब्जी विक्रेताओं, टेंपो चालकों और अन्य राहगीरों के बीच मिट्टी के बर्तनों का वितरण किया। सेठ ने सबसे आग्रह किया कि अपने घरों व दुकानों में पक्षियों के लिए पानी भरकर रखें। गर्मी में इन पक्षियों का ख्याल रखना भी हमारा ही कर्तव्य है। सांसद ने कहा कि आज से आरंभ हुआ यह अभियान पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में चलाया जायेगा।

उन्होंने कार्यकताओं व नागरिकों से अनुरोध किया कि इस अभियान में अधिक से अधिक लोग आगे आएं। पक्षियों की घटती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है और इसपर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए, हम पक्षियों को पानी उपलब्ध कराएं, यह सबसे आवश्यक है।

## बढ़ती गर्मी से सावधानी व बचाव जरूरीः डीसी पलामू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढना शुरू हो गया है जिससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है।गर्मियों में इन परेशानियों के साथ लोगों को डिहाइड्रेशन,चक्कर आना,चिड़चिड़ापन,हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है इससे बचाव को लेकर हम सबों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।उन्होंने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है,जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने,चश्मा व छाता रखने,व गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है।उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक,गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी,चक्कर आना,सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल



चिकित्सक से परामर्श करें।इसके अलावा उन्होंने सभी से नमक-चीनी का घोल,छाछ,नींबु-पानी,आम का शर्बत,लस्सी,तरबूज,खरबूजा,खीरा व ककड़ी का नियमित रूप से सेवन करने की भी अपील की।ज्ञातव्य है कि उपायुक्त श्री दोड्डे ने गर्मी के मद्देनजर इसके पूर्व में भी जिले में संचालित सरकारी,गैर सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के समय में बदलाव भी किया गया है।

## कैंसर वाला कैमरा का दिखा कमाल 37 फोटोग्राफी की हुई बिक्री, मांग बढ़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कैंसर वाला कैमरा के नाम से तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी द रांची प्रेस क्लब के जी वन सभागार में लगाया गया था । यह आयोजन 16 17 और 18 अप्रैल 2023 तक था। जिसका विधिवत उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ ने किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में करीब एक सौ से अधिक फोटोग्राफी लगाई गई थी। यह अपने आप में पहली बार और अनोखा आयोजन साबित हुआ। सारी फोटोग्राफी कैंसर से लड़ रहे वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश के द्वारा खींची गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि कैंसर मरीज वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने कभी अपने आप को कमजोर होने नहीं दिया । वह चौथी स्टेज पर हैं और उन्हें यह पता है इस जिंदगी का दी एंड कब हो, बावजूद इसके उन्होंने किसी के सामने हाथ फैलाने के बजाय आत्मनिर्भर होना बेहतर समझा। दो ही



काम उन्होंने करते हुए नजर आए, एक अपने भगवान से प्रार्थना की कि उन्हें बेहतर करने के लिए हिम्मत और ताकत दें और जो उनके बस में था और देश के जिस भी हिस्से में गए, वहां की खूबसूरती को अपने मोबाइल के कैमरे से कैद कर लिया। उसी तस्वीर को उन्होंने प्रदर्शनी के तौर पर लगाया । यह सोचा भी नहीं था कि कैंसर वाला कैमरा का खींचा हुआ तस्वीर हाथों-हाथ बिक जाएगी। करीब 37 फोटोग्राफी 3 दिनों के अंदर ही बिक गई । रवि प्रकाश ने बताया कैंसर मरीजों जो है कुछ संपन्न है बावजूद वह परेशान है और जो संपन्न नहीं है वह भी बहुत ज्यादा परेशान हैं। जरूरत है तो इन लोगों की मदद करने की । सिर्फ सरकार या संगठन ही नहीं बल्कि हम भी मिलकर ऐसे लोगों की मदद कर सकते हैं । इसके लिए अस्पताल जो कैंसर मरीजों के लिए बेहतर इलाज कर रहा है , वैसे अस्पताल को भी सहयोग करने की जरूरत है, तभी कैंसर से जूझ रहे मरीजों को बेहतर उपचार हो सकेगा। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल, कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय, रांची एसएसपी किशोर कौशल सहित कई पत्रकार, समाजसेवी, नेता ,विधायक ,सांसद इस प्रदर्शनी में आए और फोटो देखकर प्रभावित हुए। रवि प्रकाश के हिम्मत की दाद दी और एक तस्वीर तो खरीद कर ले भी गए और लोगों से फोटो खरीदने की अपील की है । समय अभी गुजरा नहीं है, आप अब अभी संपर्क करके तस्वीर खरीद सकते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश, द रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष पिंटू दुबे , कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य किसलय सानू, परवेज कुरेशी, संजय रंजन, शशि पांडेय , भारत भूषण टुन्नू , पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह , चंदन भट्टाचार्य, सहित कई पत्रकार गण एवं सामाजिक संगठनों के लोग एवं प्रेस क्लब के स्टाफ जय, शिशुपाल आदि जुटे हुए थे।

## ब्राउन शुग्रर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची :** डोरंडा थाना पुलिस ने 218 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तस्कर सुशील किस्पोट्टा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 22 ग्राम ब्राउन शुगर और 70 हजार 400 रुपये बरामद किया गया है। वह डोरंडा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि बिरसा चौक बंधु नगर में ब्राउन शुगर का अवैध व्यापार किया जा रहा है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया।



## जी-20 : विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी पर हुआ मंथन

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में चल रही जी-20 की एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को विशेषज्ञ कृषि अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी पर गहन मंथन कर रहे हैं। बैठक में पोषण युक्त खाद्य पदार्थ, खाद्य सुरक्षा और जलवायु के अनुकूल खेती पर भी मंथन चल रहा है। नदेसर स्थित एक होटल में आयोजित इस बैठक में डिजिटल एग्रीकल्चर एंड सस्टेनेबल एग्री वैल्यू चेन पर भारत समेत दुनिया के 20 विकासशील देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया। डिजिटल, कृषि, अनाज की बर्बादी रोकने एवं पानी की खपत कम करने के डिजिटल टेक्नोलॉजी सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हो रही है। बैठक के अगले सत्र में आज पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप इन एग्रीकल्चर



आरएंडडी- पर्सपेक्टिव फ्रॉम डेवलप्ड एंड डेवलपिंग कन्ट्रीज पर चर्चा होगी। बैठक के बाद विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शाम को भगवान बुद्ध की तपस्थली सारनाथ का भ्रमण करेंगे। प्रतिनिधियों का स्वागत बुद्ध थीम पार्क में मसक बीन एवं शैला लोकनृत्य से होगा।उल्लेखनीय है कि है कि वाराणसी में हो रही यह बैठक भारत की अध्यक्षता में जी-20 की 100वीं बैठक है। बैठक का उद्घाटन सोमवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल (रिटा.) डॉ. वीके सिंह ने किया था। बैठक में जी-20 के सदस्य देशों- ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए के प्रतिनिधि और यूरोपीय संघ के अलावा आमंत्रित अतिथि देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## डीसी-एसपी ने पर्यावरणविद कौशल को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के पुलिस स्टेडियम में आयोजित कवि सम्मेलन का उद्घाटन पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे , पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, समाजसेवी अजय पांडेय और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री दौडे एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने पर्यावरणविद कौशल किशोर एवं उनकी धर्मपत्नी सह बी पी एस ए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये नामचीन कवियों ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपनी अंदाजों से खूब गुदगुदाया। पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण के चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यो के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है वैसी स्थिति में हास्य कवि सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि कवियों के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में ही हास्य रस के कई प्रसंग प्रस्तुत कर समां बांध दिया था। कार्यक्रम में विभिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के कई हस्तियों को भी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


## जीवन दांव पर है, कृपया राजनीति ना करें : जयशंकर

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया के सूडान में कर्नाटक के 31 लोगों के फंसे होने के मुद्दे पर की गई टिप्पणियों पर उनसे राजनीति नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि 'जीवन दांव पर है, कृपया राजनीति ना करें'। विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीयों की स्थिति पर राजनीतिक करना बेहद गैर जिम्मेदाराना है। कोई भी चुनावी लक्ष्य विदेशों में भारतीयों के जीवन को खतरे में डालने को सही नहीं ठहरा सकता। इससे पहले कर्नाटक के नेता सिद्धरमैया ने ट्वीट कर कहा था कि कर्नाटक की हक्की पिक्की जनजाति के 31 लोग गृह युद्ध से जूझ रहे सूडान में फंसे हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और कर्नाटक के मुख्यमंत्री को टैग कर कहा कि उन्हें तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करनी चाहिए।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर भूस्खलन, तीन की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित शहर तोरखम के पास हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गयी और दर्जनों लोग घायल हो गए। मरने वालों में अफगानिस्तान के दो नागरिक शामिल हैं। अभी मलबे में दो दर्जन ट्रक दबे होने के कारण मृतकों एवं घायलों की संख्या बढ़ने का अंदेशा जताया गया है। इस दौरान वहां आग भी लग गयी, जिस पर काबू पा लिया गया है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के तोरखम सीमावर्ती शहर के पास अचानक हुए भूस्खलन से आवाजाही बाधित हो गयी। कई वाहन पलट गए और चीख-पुकार सुनाई देने लगी। राहत कर्मियों ने पहुंच कर फंसे लोगों को निकाला, तो तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई। मरने वालों में दो लोग अफगानिस्तान



के नागरिक हैं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं, जिनमें से आठ की स्थिति गंभीर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो दर्जन ट्रक अभी भूस्खलन के कारण मलबे में दबे हुए हैं। राहतकर्मी मलबा हटाकर ट्रकों को बाहर निकालने की कोशिश में जुटे हैं। माना जा रहा है कि ट्रकों के दबे होने के कारण अभी मृतकों एवं घायलों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा के खैबर दर्रे के पास मंगलवार को तेज आंधी के बाद भूस्खलन हुआ। खैबर जिले के उपायुक्त अब्दुल नासिर खान ने बताया कि भूस्खलन में मारे गए दोनों अफगान नागरिकों के शवों को निकालने की कोशिश की जा रही है। घायलों का इलाज हो रहा है। अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन का मलबा काफी फैला हुआ है और भारी मशीनरी के साथ बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन स्थल पाकिस्तान को अफगानिस्तान से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का हिस्सा है। यह दक्षिण एशियाई देशों और मध्य एशिया के बीच व्यापार का अहम क्षेत्र है। भूस्खलन के दौरान चालक सेहरी के लिए चूल्हे पर खाना पका रहे थे, जिस वजह से वहां आग भी लग गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।